राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-345
लखनऊ, रविवार 04 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



प्रदेश में 13 से 15 अगस्त तक हर घर फहराया जाएगा तिरंगा : योगी 03

पर्यावरण संरक्षण का पर्व है हरेला : मुख्यमंत्री धामी 12

### सीएम योगी ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज को 55.43 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात देते हुए कहा

# किसी भी हालत में धैर्य बनाए रखें डॉक्टर

**एमबीबीएस व पैरामेडिकल छात्रों को सीएम ने वितरित किए टैबलेट-स्मार्टफोन**

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपरीत परिस्थितियों में भी अथक परिश्रम के साथ मरीजों की सेवा करने के लिए डॉक्टरों की सराहना करने के साथ उनसे किसी भी हालत में धैर्य बनाए रखने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि पेशेंट और अटेंडेंट के प्रति सेवा भाव के साथ ही पेशेंस का भी रखना बेहद जरूरी है। एक डॉक्टर के प्रति आमजन जो श्रद्धा और सम्मान की भावना रखता है, उसे बड़े मेहनत से संजोए रखना डॉक्टर की जिम्मेदारी है।

सीएम योगी शनिवार को बाबा राघव दास (बीआरडी) मेडिकल कॉलेज में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ ही जनहित में विभिन्न नई सुविधाओं का शुभारंभ करने के बाद मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने एमबीबीएस और पैरामेडिकल के छात्रों को टैबलेट व स्मार्टफोन भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसी के परिवार का कोई सदस्य बीमार होता है तो उसके तनाव की सहज कल्पना की जा सकती है। कोई मरीज किसी के परिवार का मुखिया होता है तो कोई मरीज किसी परिवार का इकलौता बेटा। हालांकि आयुष्मान योजना और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मिल रही बड़े पैमाने पर सहायता से पैसे को लेकर तनाव नहीं रह गया है फिर भी बीमार और उसके तीमारदार की अपनी समस्याएं होती हैं। उसके तनाव को समझा जा सकता है और ऐसे में जब किसी मरीज-तीमारदार के साथ मारपीट की घटना हो जाती है तब लोगों में खिन्नता का भाव पैदा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक डॉक्टर की पहचान योग्यता, सेवा के साथ धैर्य से भी बननी चाहिए क्योंकि डॉक्टर का पेशेंस जवाब दे देगा तो पेशेंट की दिक्कत बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्यार के दो बोल से मरीज की स्थिति में बड़ा परिवर्तन आ सकता है, उसे नया जीवन मिल सकता है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने नए मेडिकल कॉलेज खोले तो वहीं पुराने मेडिकल कॉलेजों को बेहतरीन सुविधाओं, संसाधनों से आच्छादित किया। स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ होने के सुखद परिणाम आ रहे हैं।



**483 छात्रों में टैबलेट-स्मार्टफोन का वितरण**

बीआरडी मेडिकल कॉलेज में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 483 एमबीबीएस और पैरामेडिकल छात्रों को टैबलेट-स्मार्टफोन का वितरण भी किया। इनमें से 15 छात्रों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों टैबलेट-स्मार्टफोन प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत गोरखपुर जिले में योजना के प्रारंभ वर्ष 2021-22 से अब तक 118938 छात्र-छात्राओं को टैबलेट-स्मार्टफोन वितरित किए जा चुके हैं जबकि 22125 टैबलेट के वितरण का कार्य महाविद्यालयों के माध्यम से जारी है।

**एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की तरफ तेजी से आगे बढ़ा यूपी**

सीएम योगी ने कहा कि एक दौर वह भी था जब गोरखपुर मंडल में एकमात्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही था। बस्ती, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन मंडल में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं थे। जबकि आज कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बहराइच, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, आजमगढ़ आदि जिलों में मेडिकल कॉलेज बन गए हैं। महराजगंज, शामली और संभल में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज शुरू हो गए हैं, बलरामपुर और बलिया में भी मेडिकल कॉलेज बनने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की लंबी श्रृंखला खड़ी हो रही है। यूपी एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की तरफ तेजी से आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष यूपी में 10500 से अधिक एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश होने जा रहा है। इससे डॉक्टरों की कमी को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी।

**इनका हुआ लोकार्पण**

- 6 करोड़ 12 लाख 62 हजार रुपये की लागत से बर्न यूनिट की स्थापना
- 8 करोड़ 5 लाख 7 हजार रुपये की लागत से फार्मेसी कॉलेज का विस्तार निर्माण कार्य
- 2 करोड़ 67 लाख 79 हजार की लागत से नेशनल इमरजेन्सी लाइफ सपोर्ट लैब की स्थापना
- 97 लाख 90 हजार रुपये की लागत से स्टेडियम की चहारदीवारी का निर्माण कार्य
- 11.25 लाख रुपये की लागत से लिथोट्रिप्सी मशीन

**इन सुविधाओं का शुभारंभ**

- सात करोड़ 17 लाख की लागत से सीटी स्कैन मशीन
- माइक्रोबायोलॉजी विभाग में सैम्पल कलेक्शन सेंटर
- आईएचसी पैनल के रेंज की वृद्धि का कार्य
- पीडियाट्रिक्स आर्थोपेडिक्स की ओपीडी
- जेनेटिक मेडिसिन की ओपीडी

## अयोध्या में गैंगरेप के आरोपी की बेकरी पर चला बुलडोजर



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** वोट बैंक की राजनीति के चलते समाजवादी पार्टी के नेता और नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान के खिलाफ भले ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव कोई एक्शन नहीं ले रहे हों, उनके अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद चुप्पी साधें हो लेकिन मोईद के खिलाफ योगी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई जारी है। अयोध्या के भदरसा में जिस स्थान पर तालाब की भूमि पर कब्जा कर सपा नेता ने अपनी बेकरी बनवाई है, वहां प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई करते हुए बेकरी को तोड़फोड़ दिया। इस दौरान कई अधिकारी पूराकलंदर थाने में डटे हुए रहे। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में कार्रवाई से पहले शुक्रवार शाम को आरोपी सपा नेता मोईद खान की जमीनों की जिला प्रशासन ने पैमाइश की थी। एसडीएम सोहावल अशोक कुमार ने कहा कि बेकरी को अवैध पाए जाने के बाद सील कर दिया गया है और बेकरी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी के घर को भी ढहाया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी के एक्शन में आने के बाद बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान की बेकरी पर शनिवार को सहायक खाद्य आयुक्त मानिकचंद सिंह ने छापामारी की कार्रवाई की। इस दौरान बेकरी में बन रहे खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इसके बाद बेकरी को सील कर दिया गया है। सहायक आयुक्त मानिक चंद ने बताया कि बेकरी का लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बेकरी को सील किए जाने के बाद उसके भीतर मौजूद सभी सामान बाहर निकाले जा रहे हैं। यह बेकरी काफी बड़े भूखंड पर कब्जा करके बनवाई गई है। इस भूखंड के एक हिस्से में बेकरी है। जबकि बड़े हिस्से में फसल बोई गई है। नगर पंचायत भदरसा के कर्मचारियों ने बेकरी के भीतर से सभी सामान बाहर निकाल कर रखा दिया। इससे पहले बेकरी ढहाने पहुंचा बुलडोजर कार्रवाई के दौरान तालाब किनारे की मिट्टी में धंस गया। ऐसे में कार्रवाई फिलहाल रुक गई है सिर्फ बेकरी की दीवार का एक हिस्सा ही ध्वस्त किया जा सका है। पुलिस अधिकारियों ने फिर दूसरा बुलडोजर मंगाया तब आगे की कार्रवाई शुरू हो पाई।

**सीएम ने पीड़ित परिवार के लिए भेजी पांच लाख की सहायता राशि**

**अयोध्या।** भदरसा में हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तेजी से कार्रवाई करा रहे हैं। शनिवार दोपहर मामले में मुख्य आरोपी मोइद खान के अवैध निर्माण बुलडोजर चला तो शाम होते ही मुख्यमंत्री योगी की तरफ से पीड़िता को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। स्थानीय विधायक अमित सिंह चौहान ने पीड़िता के घर पहुंच कर परिजनों को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व एसएसपी राजकरन नैय्यर भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ पीड़िता की मां को मिला भरोसा, लगातार पूरा किया जा रहा है। चाहे वह आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का हो या परिवार को आर्थिक सहायता की बात हो। स्थानीय विधायक अमित सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री ने कहा था अगर किसी भी चीज की जरूरत होगी तो तुरंत पूरा किया जाएगा। विधायक ने जब पीड़ित बच्ची के माता से पूछा कि आप कार्रवाई से संतुष्ट हैं तो उन्होंने कहा हां सरकार बिल्कुल ठीक कार्रवाई कर रही है। वहीं विधायक ने बताया कि प्रदेश की योगी वहीं विधायक ने बताया कि प्रदेश की योगी सरकार पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

**पांच पीसीएस अफसरों का तबादला, संगीता बनीं लखनऊ की एसडीएम**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पीसीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। शनिवार को योगी सरकार ने कई पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है। जिन अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है, उनमें संगीता पांडेय, विपिन कुमार, अंशुमान सिंह समेत कई अधिकारी शामिल हैं। संगीता पांडेय उपजिलाधिकारी लखनऊ बनीं हैं। विपिन कुमार को एटा का एसडीएम बनाया गया है। अंशुमान सिंह एसडीएम राजस्व रिकवरी अधिकारी रेरा गौतमबुद्ध नगर बनाये गए हैं। अंजली गंगवार को एसडीएम कासगंज की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा निखिल राजपूत को औरैया एसडीएम बनाया गया है।

## एटीएस की मदद से बड़े नेटवर्क से उठा पर्दा, छह गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**रायबरेली।** रायबरेली में फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने के मामले में पुलिस ने बड़े नेटवर्क पर से पर्दा उठाया है। पुलिस ने एटीएस की मदद से अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुपों से जुड़े रैकेट के छह लोगों की गिरफ्तारी की है। इसके पहले ग्राम विकास अधिकारी सहित चार लोगों को इसी मामले में जेल भेजा जा चुका है।

शनिवार को मामले में खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि यह सभी लोग आपस में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ जुड़े हुए थे। जब किसी को कोई जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती थी, तो वह ग्रुप में उसका नाम, जन्मतिथि व माता-पिता का नाम व पता लिखकर मैसेज कर देता था। ग्रुप में जुड़े हुए व्यक्ति जिसके पास उस समय के ग्राम विकास अधिकारी के लॉगिन आईडी व पासवर्ड उपलब्ध होता है, उसी ग्राम विकास अधिकारी की आईडी से विवरण भर के जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कर उसकी पीडीएफ फाइल बनाकर ग्रुप में डाल देता था।



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी द्वारा अपनी लॉगिन आईडी उस समय प्रयोग करके विभिन्न जन सेवा केंद्र संचालकों के माध्यम से यह कार्रवाई की जाती थी। जिस कारण इस तरह के फर्जी कूटरचित जन्म प्रमाण पत्र आसानी से बन जाया करते थे। जिसे यह फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मिलता था, वह बार कोड के माध्यम से पेमेंट कर देता था। यह लोग फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग जन्म तिथि में हेरफेर कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में अनुचित लाभ प्राप्त कराने के लिए भी करते रहे। एटीएस और पुलिस की संयुक्त टीम ने सोनभद्र निवासी गोविंद केसरी, सन्त कबीर नगर निवासी आकाश, गोरखपुर के सलमान अली, संजीव कुमार निवासी कुशीनगर, वैभव उपाध्याय निवासी प्रतापगढ़ व शाहनवाज निवासी मुरादाबाद को गिरफ्तार किया है।

**संक्षिप्त समाचार**

**कारगिल जिले में तीन मंजिला इमारत ढही, 12 घायल**

**कारगिल।** लद्दाख के कारगिल जिले में शनिवार तड़के पहाड़ी की ढलान पर एक तीन मंजिला इमारत ढह गई। इस दौरान कम से कम 12 लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पांच लोगों को मलबे से निकाल लिया गया है। इनमें अर्थमूवर का ड्राइवर भी शामिल है। कुछ अन्य लोग अभी भी मलबे में दबे हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। काबड्डी नाला के पास सुबह करीब साढ़े तीन बजे हुई इस घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। मलबे में दबे अन्य लोगों को बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान अभी जारी है।

**ताजमहल में गंगाजल चढ़ाने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल में शनिवार को दो व्यक्तियों को गंगाजल चढ़ाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज की याद में 17वीं सदी में ताजमहल का निर्माण कराया था। ताजमहल को मोहब्बत की निशानी कहा जाता है। गिरफ्तार आरोपी पानी की बोतल में गंगाजल लेकर पहुंचे थे। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वीडियो में उन्हें गंगाजल चढ़ाते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि उनका तर्क था कि ताजमहल कोई स्मारक नहीं बल्कि शिव मंदिर है। पवित्र गंगाजल ओम लिखे स्टिकर पर डाला गया था। ताजमहल का नाम बदलने के प्रयास जारी हैं। कभी-कभी वहां आरती या पूजा-अर्चना करने का प्रयास भी किया जाता है। स्थानीय स्तर पर इस तरह के धार्मिक अनुष्ठानों को लेकर एक अदालती मामला भी चल रहा है। श्रावण का महीना भगवान शिव को समर्पित है।

**जर्जर दीवार गिरने से कई बच्चे मलबे में दबे, 4 की मौत**

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जिले के गढ़ कस्बे में संचालित प्राइवेट पब्लिक स्कूल की जर्जर दीवार गिरने से एक महिला समेत कई बच्चे मलबे में दब गए। इसमें 4 बच्चों की मौत हो गई, जबकि अन्य बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। जानकारी अनुसार घटना गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ नईगढ़ी मोड़ पर हुआ । यहां के एक प्राइवेट सनराइज पब्लिक स्कूल की दीवाल ढह गई। स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर जाने के लिए निकल रहे थे, उसी समय जर्जर दीवार बच्चों के ऊपर गिरी।

**चण्डीगढ़ कोर्ट परिसर में निलंबित एआईजी ने दामाद की गोली मारकर की हत्या**

**चंडीगढ़।** जिला कोर्ट परिसर में आज पंजाब पुलिस के निलंबित चल रहे एआईजी मानवाधिकार मालविंदर सिंह सिद्धू ने अपने दामाद कृषि विभाग में आईआरएस के पद पर नियुक्त हरप्रीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों परिवारों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। इसी मामले में दोनों पक्ष चंडीगढ़ फैमिली कोर्ट में पहुंचे थे। हरप्रीत सिंह का पत्नी के साथ तलाक का केस चल रहा था। दोनों पक्ष सुनवाई के लिए कोर्ट में पहुंचे थे, कोर्ट ने दोनों पक्षों को मेडिएशन (मध्यस्थता) सेंटर भेजा था। इस बीच, मालविंदर सिंह सिद्धू ने बाथरूम जाने की बात कही।

## अवैध वेण्डरों के खिलाफ अभियान में 55 लाख रुपए की वसूली

समृद्धि न्यूज

**ट्रेनों में अवैध वेण्डिंग करने वालों के खिलाफ आरपीएफ का कड़ा प्रहार**

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह महानिरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल अमिय नन्दन सिन्हा के दिशा निर्देश पर इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक 6547 अवैध वेण्डरों के खिलाफ कार्यवाही हुई और उनसे लगभग 55 लाख जुर्माना वसूल कराया गया।

वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि श्री सिन्हा ने सितम्बर 2023 में उत्तर मध्य रेलवे में पदभार ग्रहण किया था और उन्होंने उसी समय से ट्रेनों में अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ ट्रेनों व स्टेशनों पर अवैध वेण्डिंग करने वाले अपराधियों के विरुद्ध उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों में अपने सभी अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश दिये थे। उनके मार्गदर्शन में अवैध वेण्डिंग को उत्तर मध्य रेलवे से जड़ से खत्म करने के लिए उसी समय से लगातार प्रभावी कार्यवाही जारी है। वर्ष 2023 में जनवरी से जुलाई माह तक 4618 अवैध वेण्डरों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी थी।

**बारिश से तबाही, बोकारो में नदी पर बना पुल बहा**

**रांची।** झारखंड में बंगाल की खाड़ी में उठे साइक्लोन के कारण शुक्रवार को भारी वर्षा के बाद शनिवार को हुई रुक-रुक कर बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। खेत और तालाब पानी से लबालब भर गए हैं। बारिश को देखते हुए शनिवार को सभी स्कूलों में छुट्टी रही। कई पुल-पुलिया ध्वस्त हो गए हैं। रांची के रातू थाना क्षेत्र के एनएच-75 स्थित मुरगू नदी पर बना डायवर्सन तेज पानी के बहाव में शुक्रवार की देर रात बह गया। इसके साथ रांची से मांडर सहित लोहरदगा, मेदिनीनगर व चतरा का मुख्य संपर्क टूट गया। हालांकि, जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।

## गोमती रिवर फ्रंट पर बनेगा पैडिस्ट्रियन ब्रिज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को गोमती रिवर फ्रंट का निरीक्षण कर रिवर फ्रंट पर पैडिस्ट्रियन ब्रिज के निर्माण और बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाने की कार्ययोजना बनाने को कहा है। उपाध्यक्ष ने इस बारे में कहा कि अपर पुलिस उपायुक्त कार्यालय से रिवर फ्रंट के दूसरे छोर तक पैडिस्ट्रियन ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।

इसके लिए अहमदाबाद के साबरमती रिवर फ्रंट पर पैडिस्ट्रियन ब्रिज बनाने वाली कंपनी व कंसल्टेंट से समन्वय स्थापित करके आगे की कार्यवाही प्रचलित की जाएगी। रिवर फ्रंट पर ई-



बाइक संचालित करने का टेंडर रेवियर प्रोडक्टस एलएलपी को मिला है। उपाध्यक्ष ने कहा कि कम्पनी के प्रतिनिधि से बात करके एक महीने के अंदर ई-बाइक की सुविधा उपलब्ध करवायी जाए। जिससे लोग आसानी से पूरे रिवर फ्रंट के भ्रमण का लुत्फ उठा सकें। वहीं, क्रूज शिप एवं फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के संचालन के सम्बंध में उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि इसके लिए एनओसी प्राप्त करते हुए आठ महीने में प्रोजेक्ट शुरू करा दिया जाए।

**एशिया कंस्ट्रक्शन से हुए नाराज**

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-आई में निर्मित प्रधानमंत्री आवास भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवंटियों के भवनों में जाकर लोगों से सीधा संवाद करके उनकी समस्याएं पूछी और निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान मेसर्स एशिया कंस्ट्रक्शन द्वारा कराये गये कार्यों में कमियां मिलने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर की। संस्था पर अनुबंध की एक प्रतिशत धनराशि का जुर्माना लगाने के आदेश दिया।

## जिन पर आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराया जाए : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने का अयोध्या गैंगरेप मामले में पहली प्रतिक्रिया सामने आई है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे कानून के हिसाब से पूरी सजा दी जाए, लेकिन अगर डीएनए टेस्ट के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की मांग है। आप को बता दें कि अयोध्या पुलिस ने 30 जुलाई को जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा नगर में बेकरी संचालित करने वाले मुईद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मुईद और राजू खान ने दो महीने पहले नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और इस कृत्य को रिकॉर्ड भी किया। यह घटना तब प्रकाश में आई जब हाल ही में मेडिकल जांच में पीड़िता के गर्भवती होने का पता चला। यह दावा किया जाने के बाद कि मुईद खान सपा का सदस्य है, मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। बृहस्पतिवार को विधानसभा में योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का जिक्र किया और सपा पर निशाना साधा।



**सम्मेलन**

### प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा

## भारत की कृषि विविधता वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कृषि क्षेत्र में भारत की विविधता इस देश को विश्व की खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण बनाती है। श्री मोदी नई दिल्ली में आयोजित कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। यह सम्मेलन भारत में 65 साल बाद आयोजित किया गया है।

सात दिन के इस सम्मेलन में दुनिया भर के 1000 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं जिसमे 40 प्रतिशत से अधिक महिला डेलीगेट हैं। उद्घाटन सत्र को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की पहल से आज भारत में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर दुनिया में सबसे ऊंची चल रही है तथा भारत कृषि का उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मानव और जमीन के स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे रहा है।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि 65 साल पहले जब भारत ने मैसूर में इस सम्मेलन का आयोजन किया था उस समय भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया की चिंता का विषय था , आज भारत दुनिया की खाद्य सुरक्षा की चिंता कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज विश्व में दूध दाल और मसाले का सबसे बड़ा उत्पादक है। फल सब्जियां मछली आदि के उत्पादन में भी भारत का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि भारत में अधिकांश किसान छोटी जोत वाले किसान हैं और यह किसान ही भारत की खाद्य सुरक्षा का आधार हैं ।

उन्होंने कहा कि एशिया के तमाम देशों में भी भारत की तरह ही किसानों की जमीन कम हैं ,भारत का मॉडल उनके और दक्षिणी गोलार्ध के अन्य देशों के लिए एक मॉडल बन सकता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत एक प्राचीन देश है। भारत की कृषि और भोजन की परंपराएं भी उतनी ही प्राचीन हैं।

उन्होंने संस्कृत के एक श्लोक का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत में अन्न को सभी पदार्थों में सबसे श्रेष्ठ और सभी औषधीय का आधार माना गया है। श्री मोदी ने कहा कि पारंपरिक ज्ञान कि हमारी समृद्धि परंपरा भारत में कृषि प्रणाली का आधार है। उन्होंने इसी संबंध में 2000 वर्ष पूर्व लिखे गए कृषि पाराशर ग्रंथ का उल्लेख किया और कहा कि यह ग्रंथ आज विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2024- 25 के बजट में भारतीय कृषि प्रणाली को नैसर्गिक दृष्टि से स्वस्थ और जलवायु परिवर्तन के समक्ष जुझारू बनाने के लिए किए गए प्रावधानों का भी उल्लेख किया।

उन्होंने सम्मेलन के प्रतिनिधियों को भारत में मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, ड्रोन दीदी, इलेक्ट्रॉनिक कृषि मंडी और किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 10 करोड़ किसानों को डिजिटल तरीके से किया जा रहे भुगतान जैसी अनेक पहल कभी उल्लेख किया। श्री मोदी ने उम्मीद जताई कि इस सम्मेलन की चर्चाओं से किसी को स्वस्थ बनने की चुनौतियों के विषय में महत्वपूर्ण सुझाव सामने आएंगे और हमें एक दूसरे के अनुभव से सीखने का लाभ मिलेगा

# छुट्टा पशुओं को भगाने पर चले लाठी-डंडे, दो की मौत

**बिजुआ,खीरी। समृद्धि न्यूज**



छुट्टा पशुओं को भागने को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। दोनो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया की जमकर लाठी-डंडे चले।मारपीट में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए जिसमें से दो युवकों मौत हो गई। अन्य सभी घायलों का इलाज चल रहा है,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली भीरा क्षेत्र के गांव रडा देवरिया में शुक्रवार की देर रात खेत बचा रहे दो गुटों की बीच विवाद हो गया, ग्रामीणों की मानें रामजीत सिंह व गुड्डू,विनीत खेत बचा रहे थे छुट्टा पशुओं को खेत से भगाने के लिए खदेड़ा तो दूसरे दूसरा पक्ष से रामगोपाल ने कहा छुट्टा जानवरों को हमारे तरफ क्यों भागा रहे हो। इस बात को लेकर विवाद हो गया गाली गलौज होने लगा तभी दूसरे पक्ष से संतराम, सुशील, राजकुमार, सौरभ, अशोक, मायाराम और रामगोपाल ने रामजीत सिंह पर हमला कर दिया देखते ही देखते दोनो पक्षों से जमकर लाठी डंडे बरसे जिसमे रामजीत, गुड्डू, विनीत, कौशल, रामदेव, अमन, लोकेंद्र और सोनी सिंह सहित करीब एक दर्जन लोग मारपीट में लहू लुहान हो गए।

घटना की जानकारी भीरा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही अपने दल बल के साथ थाना प्रभारी भीरा शिवाजी दुबे मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रंजीत सिंह का गुड्डू को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया। मामले की गहनता से जांच के लिए लखनऊ से आईजी समेत एसपी और काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### एक पक्ष से 8 लोग घायल, दो की मौत

रामजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह, गुड्डू सिंह पुत्र रामदेव सिंह, विनीत सिंह पुत्र सोनू सिंह, कौशलेंद्र पुत्र रंजीत सिंह, रामदेव सिंह पुत्र चंद्रमा, अमन सिंह पुत्र बृजेश सिंह,लोकेंद्र प्रताप पुत्र रंजीत सिंह, सोनी सिंह पत्नी सोनू सिंह, गंभीर रूप से घायल हो गई,शनिवार को इलाज के दौरान रामजीत सिंह व गुड्डू सिंह की मौत हो गई।

### शनिवार को पूरा गांव हुआ छावनी में तब्दील

खूनी संघर्ष के बाद शनिवार को दो लोगों की मौत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सीओ अजेंद्र यादव, एएसपी नेपाल सिंह,एसपी गणेश प्रसाद साहा, उप जिलाधिकारी गोला विनोद कुमार गुप्ता रडा देवरिया गांव पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना किया अलग-अलग बिरादरी के बीच हुई है खूनी संघर्ष से गांव की स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए अन्य कई थानों से अतिरिक्त फोर्स व एक गाड़ी पीएसी बुलाई गई, देखते ही देखते पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया।

### गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने किया रोड जाम

दोषियों के मकान को तुड़वाए जाने और तत्काल गिरफ्तारी को लेकर मृतक के परिजन ने लखीमपुर बिजुआ रोड को जाम कर दिया।

# फर्जी तरीके से चालान काटने का आरोप, हुई कार्यवाही

**मैलानी,खीरी। समृद्धि न्यूज**

मैलानी जंक्शन स्टेशन पर आरक्षण काउंटर के निकट अपने रिश्तेदार का इंतजार कर रहे युवक का आरपीएफ ने रेलवे एक्ट के तहत चालान कर दिया,जब इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट पर पहुंचे पत्रकारों ने संबंधित सिपाही से युवक को पकड़ने का कारण जानना चाहा तो सिपाही आग बबूला हो गया और कहने लगा कि इंस्पेक्टर के आदेश पर युवक को पकड़ा है अगर वह आदेश देंगे तो मैं जान से भी मार दूंगा,जिस पर आक्रोशित व्यापारी जीआरपी चौकी पहुंचे और संबंधित आरपीएफ सिपाही के विरुद्ध तहरीर दी। फिलहाल आरपीएफ के उच्च अधिकारियों ने जान से मारने की धमकी देने वाले सिपाही मनोज कुमार पाठक को मैलानी जंक्शन से हटाकर लखनऊ अटैच कर दिया है।

जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला मीडिया प्रभारी गोपाल सिंघल द्वारा जीआरपी चौकी पर दी गई तहरीर में बताया गया कि शुक्रवार की दोपहर उनका कर्मचारी स्टेशन पर आरक्षण विंडो के पास खड़ा था तभी जितेंद्र सिंह नाम का सिपाही उसको मारते पीटते एवं गंदी-गंदी गालियां देते हुए आरपीएफ पोस्ट पर ले गया और उसके विरुद्ध फर्जी तरीके से रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई कर दी, वही गोपाल सिंघल द्वारा रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारियों के किए गए इस कृत्य की शिकायत रेलवे सुरक्षा बल के सीनियर कमांडेंट सहित रेल मंत्री से भी की है। समस्त सबूतों के साथ एक्स पर की गयी पोस्ट में बताया गया कि शुक्रवार के दिन आरपीएफ वालों ने गोला से मैलानी वैध टिकट लेकर आए यात्री श्यामजी,चांदपुर निवासी सुरेंद्र पांडे एवं मैलानी निवासी पंकज सहित तीन लोगों को स्टेशन पर पकड़ा था जिसमें एक यात्री के पास टिकट भी था। व्यापारियों का आरोप है कि सुरेंद्र पांडे को आरपीएफ वालों ने सुविधा शुल्क लेकर छोड़ दिया,वही पंकज के विरुद्ध फर्जी स्क्रिप्ट तैयार कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई कर दी और गोला निवासी श्याम जी के दो कार्टून अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्ट से भगा दिया।स्टेशन पहुंचे व्यापारी एवं मीडिया कर्मियों ने आरपीएफ इंस्पेक्टर पर रेलवे एक्ट के नाम पर अवैध वसूली करने एवं निर्दोष लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया है।इस बारे में आरपीएफ इंस्पेक्टर से बात करने का प्रयास किया गया,मगर संपर्क नहीं हो सका।

# मुआवजा कम मिलने से परेशान किसान ने जोती फसल



**निघासन,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**

> मामले में निघासन तहसीलदार भीमचंद ने बताया कि किसी भी किसान के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। बाढ़ प्रभावित सभी किसानों के फसलों के नुकसान का सर्वे/आंकलन कराकर रिपोर्ट तैयार कराकर शासन से अनुमन्य सहायता दी जा रही है। शासन द्वारा अनुमन्य सहायता से किसी को भी वंचित नहीं किया जाएगा।

इलाके की ग्राम पंचायत मिर्जागंज में बाढ़ के कारण किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। बता दें कि मिर्जागंज ग्राम निवासी किसान जगदीश यादव का लगभग 5 एकड गन्ना पूरी तरह से बाढ़ के पानी भर जाने से पलटकर नष्ट हो गया। किसान जगदीश का आरोप है कि तहसील प्रशासन पर नुकसान के एवज में कम मुआवजा मिलने के चलते दुखी होकर उसने अपनी फसल जोत डाली।

वहीं अन्य किसानों ने भी मुआवजा कम मिलने पर आक्रोश जताते हुए तहसील प्रशासन व कर्मचारियों पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है।

# कांवड़ यात्रा मितौली से फर्रूखाबाद घटिया घाट के लिए रवाना

## कांवड़ यात्रा में बाहर से आए हुए कलाकारों ने तांडव नृत्य कर कस्बा और ग्राम के लोगों का मन मोहा

**मितौली खीरी समृद्धि न्यूज।**

कस्बा मितौली खीरी द्वारा ऊँ भोले शिव शक्ति कांवरिया समिति की 12 वीं कांवड़ यात्रा अध्यक्ष अंशू शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों कवरियों का जत्था मितौली से फर्रूखाबाद घटिया घाट के लिए रवाना हुआ।

रोहन लाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मास्टर दिनेश कुमार, ने सजीव झांकी शिव, पार्वती, गणेश, एवं राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर कावरियों का तिलक कर हांथ में रक्षासूत्र बांध कर, मिष्ठान खिलाकर कांवर यात्रा के लिए रवाना किया। मास्टर दिनेश कुमार ने कांवर यात्रा का पूजन अर्चन करते हुए कंवर यात्रियों से भरी बस को झंडी दिखाकर रवाना किया समिति के



अध्यक्ष अंशू शुक्ल के नेतृत्व में कांवरिया घटिया घाट पहुंचकर स्नान पूजन आरती कर कांवर में गंगा नदी का जलकर गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी स्थित बाबा भोलेनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए पैदल यात्रा करते हुए सोमवार को जलाभिषेक करेंगे फिर वहां से चलकर बाबा टेढे नाथ धाम पहुंचकर मंदिर में जलाभिषेक कर मितौली रतहरी स्थित कस्ट हरण धाम मंदिर में जलाभिषेक कर अपने गंतव्य पर पहुंचें गे।

कांवड़ यात्रा में बाहर से आए हुए कलाकारों ने गणेश भगवान, भोले बाबा,माता पार्वती, के रूप में तांडव नृत्य कर कस्बा और ग्राम के लोगों का मन मोह लिया सांई बाबा चिकित्सालय के प्रबंधक डॉक्टर प्रशांत शुक्ला, डाक्टर आशीष गुप्त, सुरेश राठौर रतहरी, अमित गुप्त, रामजी पान्डे , बिहारी मसाला वाले, कुलदीप गुप्त, विनोद अवस्थी, मनीराम राज, महेंद्र राज जमुनहिया, सूरज मिश्रा,अशोक कुमार राज उर्फ मौलाना,विक्रम राज, सहित हजारों की संख्या में माताएं बहने क्षेत्र के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# घरेलू कलह से अलग रह रहे 22 जोड़े का कराया गया सुलह



**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

एसपी कार्यालय परिसर में स्थित परिवार परामर्श केंद्र में 37 मामलों में सुलह समझौते का प्रयास करके 22 जोड़े पति पत्नी की विदाई कराई गई। बता दें कि जनपद स्तर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देशन में प्रभारी शकुंतला उपाध्याय एवं उपनिरीक्षक साधना यादव, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, नीति गुप्त, किरन अग्रवाल के अथक प्रयास से परिवारों को टूटने से बिखरने से बचाने के लिए घरेलू हिंसा, दहेज आदि उत्पीड़न एवं परिवारों में आपसी कलह की शिकायतों में परामर्श के द्वारा सुलह समझौते का प्रयास करके मामले का निपटारा कराया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक शकुंतला उपाध्याय, नेहा सिंह निकिता राठौर के द्वारा 37 शिकायतों सुलह समझौते का प्रयास कराया गया।

# खबरें एक नजर में

## स्कूल के पास लगा कूढ़े के ढेर, दुर्गंध में पढ़ रहे बच्चे!



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** स्कूल के पास कूड़े के ढेर लगने से बच्चों व शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। तहसील गोला क्षेत्र के विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत भैंठिया के गांव हरसिंहपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास गांव के लोगों ने घूरे कूड़े के ढेर डाल रखा हैं। जिसे उठाया नहीं जा रहा है। जिस कारण स्कूल में पढ़ने के आने वाले छोटे बच्चों शिक्षक व स्कूल कर्मचारियों को दुर्गंध का सामना करना पड रहा है। बारिश के कारण घूरे की सड़ांध से उठती दुर्गंध के बीच बच्चों के बीमार होने व संक्रामक रोगों का शिकार होने की संभावनाएं बन रही है। गांव में सफाई के दावे के बाबजूद स्कूल के पास लगे घूरे पर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही है। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मनप्रीत कौर ने बताया कि विद्यालय के पास घूरे डालने वालों से मना करने पर वह लोग लड़ाई पर आमादा हो जाते हैं।

## बाढ़-कटान प्रभावित 71578 लोगों के खातों में भेजी गई 47.91 करोड़ रूपये की सहायता राशि

**लखीमपुर खीरी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में जिले की अतिसंवेदनशील, संवेदनशील तहसीलो के बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों, परिवारो को राहत सहायता देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में झोपड़ी, मकान क्षति, अहेतुक सहायता, कृषि निवेश अनुदान वितरण का भव्य कार्यक्रम हुआ। जनप्रतिनिधियों ने अफसरो संग प्रभावित किसानों को राहत सहायता एवं कृषि निवेश अनुदान का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया।आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि बीजेपी के प्रदेश महामंत्री/एमएलसी अनूप गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, अमन गिरि, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संयुक्त रूप से एसडीएम अश्विनी सिंह के साथ अहेतुक सहायता, गृह अनुदान, कृषि निवेश की डेमो चेक का वितरण किया।

## फर्जीवाड़ा कर बनाया गया निवास प्रमाण पत्र निरस्त आरोपित के विरुद्व कार्यवाही

**धौरहरा,खीरी।** तहसील क्षेत्र के ईसानगर विकास क्षेत्र में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने दूसरे गांव से फर्जी निवास प्रमाण जारी करवाकर अपने मूल गांव से इतर दूसरे गांव में नौकरी हथिया ली। मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने एसडीएम सहित उच्च अधिकारियों से की। जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर एसडीएम ने जारी निवास प्रमाण पत्र निरस्त कर सीडीपीओ ईसानगर को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ईसानगर क्षेत्र के दिलावलपुर गांव में पूर्व में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम देवी ने करीब एक वर्ष पहले कूटरचित प्रपत्र लगाकर तहसील से पड़ोसी गांव समैसा का निवास बनवाकर वही रिक्त पड़े आंगनबाड़ी के पद पर विभाग की सांठगांठ से अपना स्थानांतरण करवा लिया।



# एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस

**लखीमपुर खीरी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडी एम सभागार में उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अथिति दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह रहे समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायते राजस्व विभाग 13 पुलिस विभाग 04 विकास विभाग 03 पूर्ति विभाग 02 नगर पालिका परिषद 01 शिकायत प्राप्त हुई 23 शिकायतों में मौके पर राजस्व विभाग की 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया उसके बाद अधिशाषी अभियंता मुकेश वर्मा व उपखण्ड अधिकारी शुभम मौर्या को तत्काल खराब बिधुत ब्यबस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त की और क्षेत्र के खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने का आदेश दिया मौके पर तहसीलदार प्रीती सिंह नायब तहसीलदार पसगवां मनोज गुप्ता भूरेसिंह चौहान आदित्य कुमार सिंह इंद्रजीतसिंह सहित कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता नहीं होगी क्षम्य : सीडीओ

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील मितौली सभागार में अगस्त माह के प्रथम शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता व मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर संतोष गुप्त, उप जिलाधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्य की मौजदूगी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।



मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 83 फरियादो द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। जिसमें राजस्व विभाग की 35, विकास विभाग की 17 , आपूर्ति विभाग की सात, विद्युत विभाग की 11, पुलिस विभाग की आठ, गन्ना विभाग व बैंक विभाग से संबंधित दो- दो, स्वास्थ्य विभाग से एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिसमें से प्राप्त 14 शिकायतों में से राजस्व विभाग की 7, विकास विभाग की 6, आपूर्ति विभाग की एक शिकायतों का शासन की मंशा के अनुसार मौके का निरीक्षण कर आम सहमति के आधार पर निस्तारित की गयी । मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर पूर्व शिकायतों के रजिस्टर का अवलोकन किया और उन पर लिखे दूरभाष नंबरों पर बात कर वास्तविकता जानी और उपस्थित अधिकारी कर्मचारी को संबोधित करते हुए कहा समस्त शिकायतें विभाग वार भेजी जा रही हैं जिनका मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण कर अवगत कारायें। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष गुप्त, उप जिलाधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय, तहसीलदार मितौली अजीत कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मितौली शमशेर बहादुर सिंह, एसडीओ बिजली, कोतवाली प्रभारी मितौली राजू राव, मैगलगंज अजय कुमार सिंह, नीमगांव सुनीता कुशवाहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अनिल वर्मा, मितौली देवेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार, पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह तथा एडीओ पंचायत मितौली प्रमोद कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित कुमार सहित समस्त तहसील के अधिकारी, कर्मचारी शिकायत कर्ता मौजूद रहे।

# पानी का स्तर जांचने के लिए किया जागरुक

## विभागों द्वारा लगवाई जा रही पानी की टंकियों के बारे में दी गई जानकारी



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा सूचीबद्ध एवं जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति लखीमपुर खीरी द्वारा चयनित संस्था जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत शनिवार को विकासखंड परिसर में नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति कर ग्रामीणों को जागरुक किया। ग्रामीणों को जागरुक व प्रेरित करने के लिए नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में जल जीवन मिशन की थीम पर कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। साथ ही टी शर्ट, आईईसी मैटेरियल (हैंडबिल पंपलेट/पोस्टर) वितरण का आयोजन कर विभागों द्वारा लगवाई जा रही पानी की टंकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम के प्रशिक्षकों ने बताया कि विकास खंड के प्रत्येक राजस्व ग्राम में जल जीवन मिशन द्वारा नियुक्त पंप ऑपरेटर, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, राजमिस्त्री तथा पानी की जांच करने वाली महिलाओं को जल जीवन मिशन की थीम पर टी शर्ट वितरण एवं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीण जन मानस के बीच पंपलेट पोस्टर वितरण के माध्यम से लोगों को जागरूक कर पानी के मूल्यों के विषय में बताया। खंड विकास अधिकारी जयेश सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार ने जागरुकता टीम को हरी झंडी दिखाकर गांव से रवाना किया।

इस दौरान विकास खंड कार्यालय से समस्त अधिकारी कर्मचारी, सचिव, सहायक जिला परियोजना समन्वयक अनिकेत वर्मा, मुकुल चौधरी, प्रशांत कुमार एडिटर विकास कुमार, प्रशिक्षक एवं नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकार उपस्थित रहे।

# डिग्री बीएएमएस की इलाज कर रहे हैं एलोपैथ से



**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

### सीरियस होने पर मरीजों को कर देते हैं रेफर

मरीजों को वही दवा लिखी जाती है जिससे उन्हें कमीशन मिलते हैं। अक्सर ऐसे मामले देखने को मिलते हैं कि फर्जी डॉक्टरों के इलाज से मरीज की जान पर आफत आ जाती है। फर्जी डॉक्टर अपने बचाव के लिए प्राइवेट अस्पताल रेफर कर देते है। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है कि क्षेत्र में फर्जी डॉक्टरों द्वारा कितने बिना पंजीकरण के क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं।

### मरीजों को लुभाने के लिए कराते हैं कई तरह की जांच

मरीजों को लुभाने के लिए बड़े डॉक्टरों की तर्ज पर कई तरह के जांच भी करवाते हैं और जांच के आधार पर मरीज का इलाज करते हैं। ताकि, मरीजों को लगे कि डॉक्टर सही है एवं उनका इलाज सही तरीके से किया जा रहा है। लगभग हर बाजार में एक-दो फर्जी क्लिनिक चल रहे हैं। फर्जी डाक्टरों ने इस धंधे को और लाभदायक बनाने के लिए जिले व सीमावर्ती गाँव के कुछ निजी अस्पतालों से भी सांठगांठ कर रखी है। मरीज की हालत ज्यादा गंभीर होने पर जिले में भेज देते हैं। वहां से उन्हें कमीशन के तौर पर फायदा होता है।

### गर्भपात करने का अड्डा बने अवैध क्लिनिक

स्थानीय लोगों कि माने तो कई क्लिनिक ऐसे हैं जहां अवैध गर्भपात धड़ल्ले से हो रहा है। इस धंधे में इन्हें मोटी रकम मिलती है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवॉ प्रभारी अश्वनी वर्मा से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि गलरई में खत्री मेडिकल सेंटर का पंजीयन आयुर्वेद में है अगर एलोपैथ का इलाज चल रहा है तो कार्रवाई की जाएगी वही भारत हॉस्पिटल का पंजीयन यूनानी में है एलोपैथ का इलाज हो रहा है तो कार्यवाही की जाएगी।

> अधीक्षक ने कार्यवाही करने की कही बात

यूं तो जिले में झोलाछाप की गिनती ही नहीं है, कहीं किसी डाक्टर के यहां प्रैक्टिस करने के बाद किसी चट्टी चौराहें पर क्लीनिक खोल कर बैठ जा रहें।

लेकिन सबसे विकट समस्या उन अस्पतालों से उत्पन्न हो रही, जो पंजीकृत आयुर्वेद और युनानी में है, लेकिन मरीजों का उपचार एलोपैथ पद्धति से कर रहें। इन अस्पतालों पर कार्रवाई तभी हो पा रही, जब मरीज अस्पताल के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराते है।

ये नर्सिंग होम संचालक आयुर्वेदिक और युनानी पद्धति से पंजीकरण कराने के उपरांत लोगों का उपचार एलोपैथ की प्रैक्टिस करते है।

ये अस्पताल कभी कभी विकट स्थिति उत्पन्न कर दें रहें। बीते दिनों पसगवॉ थाना क्षेत्र में घटी घटनाएं इसका ताजा उदाहरण है। आयुर्वेद और युनानी पद्धति से मरीजों का उपचार करने वाले इस पद्धति का उपयोग कम एलोपैथ का उपयोग ज्यादा कर रहें। इसके चलते जांच टीम इन अस्पतालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर पाती है।

क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टरों की भरमार है। यहां ऐसे कई क्लिनिक चल रहे हैं जिनकी स्वास्थ्य विभाग लगातार अनदेखी कर रहा है।

इस तरह के क्लिनिकों के न तो लाइसेंस हैं और न ही कथित डॉक्टर कहलाने वालों के पास कोई डिग्री। बावजूद गांव के मरीजों को बुड़बक बनाकर खुद आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। मरीजों की जान की परवाह किए बगैर इलाज के नाम पर ग्रामीणों से रुपए ऐंठ लेते हैं। बाजारों व चौक चौराहों पर झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें दिनों दिन बढ़ती ही जा रही हैं। उनकी दुकानों पर लगे बोर्ड में इस तरह लिखा जाता है जैसे ये लोग तमाम तरह की बीमारियों को पलभर में ठीक कर दें।

लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए तमाम तरह की डिग्रियों का जिक्र भी होता है। लेकिन सोचनेवाली बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के लोग सबकुछ जानते हुए भी कुछ नहीं करते। इनके क्लिनिकों के नाम भी बड़े शहरों की क्लिनिकों की तर्ज पर रहते हैं।

इससे लोग आसानी से प्रभावित हो जाते हैं। मरीज अच्छा डॉक्टर समझकर इलाज करवाते हैं, लेकिन उन्हें इस बात का पता नहीं रहता है कि उनका इलाज भगवान भरोसे किया जा रहा है।

# पलिया भीरा रोड पर निर्माणधीन पुलिया में आई दरार, हो सकता है हादसा

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा पलिया रोड पर स्थित निर्माणधीन पुलिया में दरार आ गई है। मामले की सूचना पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह व सीओ यादवेन्द्र यादव ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। फिलहाल इस पुलिया से अभी छोटे वाहनों का संचालन किया जा रहा है। प्रशासन बड़े वाहनों के संचालक के लिए पुलिया पर मरम्मत का कार्य करा रहा है। ज्ञात हो बीते 8 जुलाई को आई बाढ़ के चलते अतरिया के पास रेल लाइन कट गई थी। रेल लाइन कटने के बाद पास में स्थित निर्माणधीन पुलिया बाढ़ के पानी की चपेट में आने से वह भी बुरी तरह कट गई थी। कुछ दिन बाद महंगापुर गुरुद्वारे के सेवादारों और प्रशासन के द्वारा पुलिया की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया था जिसके बाद प्रशासन ने पलिया भीरा रोड पर छोटे वाहनों का संचालन शुरू कर दिया था। लेकिन पुलिया को कमजोर मानते हुए एनएचआई विभाग ने इस रोड पर बड़े वाहनों का संचालन न किए जाने की बात कही थी जिसके बाद से अब तक भीरा पलिया रोड पर बस व ट्रक आदि बड़े वाहनों का संचालन बंद पड़ा हुआ है।

दो दिन पूर्व बस व ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक करते हुए पलिया भीरा रोड पर एक अगस्त से बसों का संचालन शुरू न किए जाने पर चक्काजाम की चेतावनी दी थी। एसोसिएशन के



पदाधिकारियों ने कहा था कि रोड पर लगातार डग्गामार वाहन चल रहे हैं और बसों व ट्रकों का संचालन बंद होने से उनका काफी नुकसान हो रहा है। इसके अलावा वह टैक्स भी न भर पाने की स्थिति में पहुंच गए हैं। पूर्व निर्धारित घोषणा के तहत एक अगस्त को बस व ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी रोडों पर बसों और ट्रकों का संचालन बंद करते हुए चक्काजाम कर दिया? था। अचानक बसों के बंद होने से यात्री परेशान हो उठे थे। मामले की जानकारी एसडीएम कार्तिकेय सिंह व सीओ यादवेन्द्र यादव को हुई तो अधिकारियों ने बस व ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ तहसील सभागार में वार्ता की थी। वार्ता के दौरान अधिकारियों ने एक सप्ताह में पुलिया के निर्माण का आश्वासन देते हुए बड़े वाहनों का संचालन शुरू किए जाने का आश्वासन दिया था जिसके बाद बस व ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारी मानें और शाम करीब चार बजे से पलिया भीरा रोड छोड़कर अन्य सभी रोडों पर पुनः बसों का संचालन शुरू कर दिया था। शुक्रवार को विभाग ने भीरा पलिया रोड पर स्थित पुलिया पर बड़े वाहनों के गुजरने को लेकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

शनिवार को भीरा पलिया रोड पर स्थित निर्माणधीन पुलिया में दरार देखी गई। मामले की सूचना पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह व सीओ यादवेन्द्र यादव ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। फिलहाल इस पुलिया से अभी छोटे वाहनों का संचालन किया जा रहा है।

# अवध के राम कार्यक्रम में कविताओं संग भजनों ने श्रोताओं को किया मंत्र मुग्ध

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था पंख एक पहल फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आरम्भ हुए अवध के राम कार्यक्रम में कविताओं संग भजनों ने मंत्र मुग्ध किया।

कवि सम्मेलन में राजेन्द्र विश्वकर्मा और नेहा खरे ने अपनी कविताओं में भगवान श्री राम की महिमा का वर्णन किया। अगले क्रम में अनामिका यादव ने गणेश स्तुति पर सम्मोहक प्रस्तुति दी। संगीत से सजे





कार्यक्रम के अगले सोपान में सत्य प्रकाश साहू ने भजनों की सरिता प्रवाहित की। सत्य प्रकाश ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में भजन से कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। इसी क्रम में उन्होंने शबरी ने देखा सपना, दीवाना राम का, श्री राम का मंदिर प्यारा जैसे अन्य भजनों को सुना कर श्रोताओं को भगवान श्री राम की भक्ति के सागर में आकंठ डुबोया।

इसके पूर्व राजीव बाजपेयी मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। धन्यवाद ज्ञापन निधि श्रीवास्तव ने दिया।

# यूपी के 21.60 लाख युवाओं को पीएमकेवीवाई के तहत मिला प्रशिक्षण



- योजना के तहत 16.87 लाख प्रशिक्षणार्थियों को अब तक दिया जा चुका है प्रमाण पत्र
- अब तक 205 रोजगार मेलों के माध्यम से 64,589 उम्मीदवारों का सुनिश्चित हुआ चयन
- प्रदेश में योजना के कार्यान्वयन के लिए 179.91 करोड़ रुपए की धनराशि की गई वितरित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** युवाओं का कौशल निखारकर उनकी योग्यतानुसार उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) की शुरुआत की थी।

उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत 9 वर्षों में अब तक 21 लाख से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिसमें से करीब 17 लाख युवाओं ने अपना सर्टिफिकेशन भी प्राप्त कर लिया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत देश में अब तक 1.50 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। योजना के अंतर्गत तीन माह, 6 माह और एक साल के लिए रजिस्ट्रेशन होता है। कोर्स पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। यह प्रमाणपत्र पूरे देश में मान्य होता है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उधमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में युवाओं के कौशल को निखारने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना भी इसका एक हिस्सा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 21.60 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें 16.87 लाख को प्रमाण पत्र भी मिल चुका है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों से अब तक 205 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं, जिनमें 64,589 उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित हुआ है। प्रदेश में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कुल 179.91 करोड़ रुपए की धनराशि वितरित की जा चुकी है। योजना के तहत शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कंपोनेंट के तहत प्रमाण पत्र पाने वाले 8.93 लाख प्रशिक्षणार्थियों में से 3.39 लाख प्रशिक्षणार्थी स्किल इंडिया डिजिटल के रूप में दर्ज किए गए हैं। कुल 73,516 उम्मीदवारों ने सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र), टेक्नीशियन 5जी - एक्टिव नेटवर्क इंस्टालेशन, सोलर पीवी इंस्टॉलर - इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स मशीन मेंटीनेंस एग्जिक्यूटिव, सोलर एलईडी टेक्नीशियंस आदि में नामांकन कराया है।

## खबरें एक नजर में

### अयोध्या में खड़ी अधिकारी की कार, लखनऊ में चालान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या मंडल के महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक ने उनकी कार की नंबर प्लेट बदलकर गाड़ी से घूमने वाले अज्ञात के खिलाफ बिजनौर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्हें घटना की जानकारी मोबाइल पर चालान कटने का मैसेज मिलने के बाद हुई। बिजनौर में ओमेक्स सिटी में सर्वेश पांडेय रहते हैं। वह अयोध्या में महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक पद पर कार्यरत हैं। सर्वेश पांडेय के मुताबिक उनकी कार मां उर्मिला के नाम पर रजिस्टर्ड है। 26 जुलाई और 29 जुलाई को उनके मोबाइल पर कार के दो चालान का मैसेज आया था। यह देखकर वह हतप्रभ रह गए। उनके मुताबिक 26 जुलाई को उनकी कार अयोध्या में थी। इस बात का प्रमाण लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पड़ने वाले टोल प्लाजा के ब्ब्ट कैमरे हैं। कैमरों में उनकी कार भी कैद हुई है, जबकि 29 को कार उनके घर में खड़ी थी। पीड़ित ने बताया कि चालान में जिस कार की फोटो भेजी गई उस पर एडवोकेट लिखा हुआ था। उस पर फास्ट टैग लगा हुआ था। साथ ही उस कार की फॉग लाइट का आकार लंबा था, जबकि उनकी गाड़ी की फॉग लाइट का आकार गोल है। इंस्पेक्टर बिजनौर के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### होटल के कमरे में दंपति ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नाका थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम को एक होटल के कमरे में पति-पत्नी का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है।दम्पति द्वारा फांसी लगाकर जान देने की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी और थाना की फोर्स मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। अपर पुलिस उपायुक्त मध्य ने बताया कि नाका इलाके में स्थित राजवीर होटल के कमरे में युवक और महिला के फांसी लगाकर खुदकशी करने की खबर मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर भीतर गये तो शवों को कब्जे में लेकर घटनास्थल की जांच शुरू कर दी। कमरे से मिले दस्तावेज से मृतकों की शिनाख्त प्रयागराज के करेली निवासी पति महबूब आलम और उनकी पत्नी जेबा अंसारी के रूप में हुई है। ये लोग कमरा नम्बर 302 में ठहरे हुए थे। फॉरेंसिक टीम को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसे कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आउटर रिंग रोड पर ट्रक में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में किसान पथ आउटर रिंग रोड पर आलू लदा बेकाबू ट्रक पलट गया, जिससे भीषण आग लग गई। ड्राइवर ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। दुर्घटना सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के पिपरसंड के पास शनिवार सुबह की है। जानकारी के मुताबिक ट्रक ड्राइवर विनोद ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड सरोजनी नगर को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने अपने टीम के साथ पहुंचे तो देखा कि वहां पर एक ट्रक में भीषण तरीके से आग लगी है। कुछ देर बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया। सुमित प्रताप सिंह ने कहा कि आग बुझाने में 20 मिनट लगे। वहीं, मौके पर पहुंचे सरोजनी नगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी ने बताया कि ड्राइवर पूरी तरह से सुरक्षित है, उसको कोई चोट नहीं आई है। ट्रक पर आलू लदा हुआ था।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैठक संपन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर जश्न ए आजादी ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल फैशन टी वी में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट की चेयरपर्सन रजिया नवाज ने की तथा संचालन वामिक खान ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया कि पिछले साल की तरह इस बार की एक सप्ताह तक आजादी का जश्न मनाया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट की चेयर पर्सन रजिया नवाज ने कहा कि स्वंतत्रता दिवस हमारे देश का सबसे बड़ा त्यौहार है बस इसी भावना के साथ आजादी का महा उत्सव हम सब मिलकर धूम धाम से मनाएंगे। बैठक में ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य मुर्तुजा अली, अब्दुल वहीद और जुबैर अहमद ने कहा की 15 अगस्त से एक हफ्ते पहले ही हम सब लखनऊ में विभिन्न आयोजन करके आजादी का जश्न मानने की शुरूआत करेंगे

### राजधानी में तीन दिन बाद फिर बारिश शुरू, उमस से मिली राहत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए थे। गरज चमक हो रही थी। शाम 4 बजे के बाद बारिश हुई। बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। तेज हवायें भी चल रहीं हैं। लखनऊ के शहरी इलाकों के साथ ही मोहनलालगंज, बंथरा, माल, बीकेटी में भी बारिश हुई। जिसके बाद लोगों को राहत मिली। इससे पहले बुधवार को शहर में 55 मिमी. बरसात हुई थी। 2 घंटे की बारिश में सड़क से लेकर गलियां भर गईं थीं। नालियां भी जाम हो गईं थी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिन तक रुक-रुक कर बारिश की संभावना है। गर्मी उमस भी बनी रह सकती है।

### माल थाने से घूसखोर दरोगा गिरफ्तार, 30 हजार घूस लेते पकड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के माल थाने में तैनात दरोगा को एंटी करप्शन की टीम ने घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। दरोगा अमीन खान मुकदमे से नाम हटाने के लिए 30 हजार मांग रहा था। इसकी शिकायत पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम से कर दी। पैसा देने के लिए शनिवार का दिन करार हुआ। दरोगा पीड़ित से पैसा ले ही रहा था कि विजलेंस की टीम पहुंच गई। उसे रंगे हाथ घूस लेते थाने के भीतर से गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल दरोगा आमीन खान के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### 'नासा' के अन्तर्राष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन में शुभांशु शुक्ला का चयन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्र शुभांशु शुक्ला ने एक बार फिर अपनी असाधारण उपलब्धि से लखनऊ के गौरव में चार-चांद लगाये हैं और 'नासा' के अन्तर्राष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले भारतीय नागरिक के तौर पर पूरे देश को गर्व से भर दिया है। विदित हो कि भारत-अमेरिकी स्पेस मिशन हेतु शुभांशु को मुख्य पायलट के तौर पर चयनित किया गया है, जिसकी घोषणा अभी हाल ही में 'इसरो' द्वारा की गई। इससे पहले शुभांशु को गगनयान मिशन हेतु भी चयनित किया जा चुका है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की अभूतपूर्व उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही 29 मई को शुभांशु सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस में पधारे थे, जहाँ सी.एम.एस. के छात्रों व शिक्षकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शुभांशु ने विद्यालय के छात्रों से खुलकर बातचीत की।

### आईटीआई में प्रवेश आज तक, छात्र समय से करें आवेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् अलीगंज, लखनऊ ने प्रदेश के राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथियों को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। परिषद ने बताया है कि पंजीकरण की तिथि 10 जुलाई से 4 अगस्त तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में किसी भी प्रकार का विस्तार नहीं किया गया है। संयुक्त निदेशक राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद सत्यकांत ने बताया कि हाल ही में सोशल मीडिया, विशेषकर व्हाट्सएप पर एक फर्जी सूचना प्रसारित की जा रही है, जिसमें दावा किया गया है कि पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी गई है। इस फर्जी सूचना में एक न्यूज पेपर कटिंग भी शामिल की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई सूचना या कार्यालय ज्ञापन राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ द्वारा जारी नहीं किया गया है। छात्रों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही विश्वास करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि 4 अगस्त है और इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

# प्रदेश में 13 से 15 अगस्त तक हर घर फहराया जाएगा तिरंगा : योगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शनिवार को सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा।



सीएम ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी ट्रेन एक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष पर्यंत धूमधाम से मनाएगी। इस वर्ष 13 से 15 अगस्त के मध्य प्रदेशव्यापी श्हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव की शुरुआत आगामी 13 अगस्त से होगी। इस अवसर पर प्रदेश के शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थलों व आजादी के ज्ञात-अज्ञात नायकों के संबंध में बुकलेट तैयार कराई जाए तथा प्रभात फेरी, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, सुलेख-निबंध, वाद-विवाद, भाषण आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएं।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जनपद व राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाए। विजेता बच्चों को काकोरी स्मारक स्थल का भ्रमण भी कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन कार्यक्रमों से केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ें। पर्यटन व संस्कृति विभाग इस आयोजन का नोडल विभाग है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदों को काकोरी ट्रेन एक्शन व हर घर तिरंगा से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर निर्देशित करें। विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष अपने स्तर से अधिकारियों को कार्यक्रमों के बारे में दिशा-निर्देश दें।

योगी ने कहा कि पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पैरामिलिट्री, मिलिट्री, एनसीसी व स्कूलों के बैंड का प्रशिक्षण कराते हुए 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश के शहीद स्थलों, स्मारकों इत्यादि पर राष्ट्रधुन व राष्ट्रभक्ति के गीत बजाए जाएं।

### सड़कों के तोहफे के लिए सीएम ने जताया पीएम का आभार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए छह लेन के आगरा ग्वालियर नेशनल हाई स्पीड कॉरिडोर, फोर लेन अयोध्या रिंग रोड और छह लेन कानपुर रिंग रोड के मंजूरी प्रदान किये जाने पर प्रसन्नता जाहिर की और केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट किया '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय कैबिनेट ने देश के सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक मजबूत करने की दिशा में 50,655 करोड़ रुपये लागत की 8 राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सीएम योगी ने कहा 'इस कड़ी में उत्तर प्रदेश के लिए 6-लेन के आगरा-ग्वालियर नेशनल हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन अयोध्या रिंग रोड और 6-लेन कानपुर रिंग रोड की मिली मंजूरी प्रदेश के सर्वसमावेशी विकास की गति को कई गुना बढ़ाने वाली है। ये परियोजनाएं यात्रा को सुगम तो बनाएंगी ही, इनसे उद्योग, व्यापार व पर्यटन को भी व्यापक बढ़ावा मिलेगा, ग्रामीण-शहरी संपर्क और मजबूत होगा। इनसे हजारों-लाखों रोजगार के नए अवसर सृजित होने जा रहे हैं।

# अयोध्या गैंगरेप में यूपी सरकार की कार्रवाई उचित : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नाबालिग बच्ची से गैंगरेप मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी बुलडोजर की कार्रवाई की गई। सरकार के इस फैसले पर बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने योगी सरकार द्वारा की गई कार्रवाई को उचित बताया है।

बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर लिखा, यूपी सरकार द्वारा अयोध्या गैंगरेप केस में आरोपी के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित, लेकिन सपा द्वारा यह कहना कि आरोपी का डीएनए टेस्ट होना चाहिए, इसे क्या समझा जाए। जबकि सपा को यह भी बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपियों के खिलाफकितने डीएनए टेस्ट हुए हैं। एक अन्य पोस्ट में मायावती ने कहा, साथ ही, यूपी में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था में भी खासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिन्ताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अति-दुखद व चिन्तित करने वाली। सरकार इनके निवारण के लिए जाति-बिरादरी एवं राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाए तो बेहतर। अयोध्या में नाबालिग बच्ची से गैंगरेप मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है। भारी पुलिस फोर्स बुलडोजर के साथ बेकरी पर पहुंची है। कार्रवाई करते हुए बेकरी को गिराया गया। आरोपी पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप भी लगा है। इससे पहले मोईद खान की बेकरी पर छापे की कार्रवाई पूरी हो चुकी है। बेकरी पर फूड विभाग ने छापा मारा और दुकान में बन रहे सामानों का सैंपल लिया गया। बेकरी को सील कर दिया गया है। दुकान में बन रहे सामानों का सैंपल लिया गया। यह कार्रवाई सहायक खाद्य आयुक्त मानिकचंद सिंह ने की। बेकरी का लाइसेंस भी रद्द किया जाएगा।

# चकबंदी अधिकारियों पर फर्जी वरासत करने का आरोप, वकीलों ने कांटा हगांमा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला व महामंत्री रामलखन के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ो अधिवक्ताओ ने एडीएम आपूर्ति साहबलाल व एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा के सामने जमकर हगांमा करते हुये फरियादियों की जनसुनवाई ठप्प करा दी। अधिवक्ताओं का आरोप था मोहनलालगंज तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण त्रिवेदी निवासी पुरहिया थाना निगोहां को चकबंदी विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों ने फार्म-5 पर मृत दिखाकर उनकी पैतृक गांव पुरहिया में स्थित जमीन गलत वारिसो के नाम दर्ज कर दी।

जब कि अधिवक्ता जिंदा है ओर मौजूदा समय में तहसील में प्रैक्टिस कर रहे है।वरासत दर्ज करने के लिये मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टार की नकल व प्रधान रिपोट तक नही ली गयी। चकबंदी विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों ने खेल करते हुये बिना प्रपत्रो के फर्जी वरासत दर्ज कर दी।नाराज अधिवक्ताओ ने जिंदा अधिवक्ता को मृत्यु दिखाकर वरासत दर्ज करने वाले चकबंदी अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफतत्काल कड़ी कार्यवाही करने व गलत वरासत निरस्त करने की मांग की। अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला व महामंत्री रामलखन ने फर्जीवाड़ा करने वालो पर तत्काल कार्यवाही ना होने पर तहसील के सारे काम काज ठप्प कराकर प्रदर्शन कराने की चेतावनी दी। एडीएम साहबलाल ने अधिवक्ताओ को समझाते हुये चकबंदी विभाग के अफसरों को मौके पर बुलाकर फटकार लगाते हुये तत्काल गलत वरासत को निरस्त करने व जांच कर कर्मचारियो पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दियें। जिसके बाद आक्रोशित अधिवक्ता शांत हुये ओर वापस लौट गये। इस दौरान करीब आधे घंटे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस नें जनसुनवाई ठप्प रही। चकबंदी अधिकारियो व कर्मचारियो के फर्जीवाड़े का खेल एडीएम आपूर्ति साहबलाल व एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा के सामने आया तो उनके होश उड़ गये,पीड़ित अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने बताया उनको फार्म-5 पर मृत दिखाकर जिस महिला प्रेमा देवी को पत्नी बताते व सोनू व मोनू को बेटा बताते हुये वरासत दर्ज की गयी उन्हे वो जानता तक नही ओर दूर दूर तक कोई सम्बंध भी नहीं है।

### छात्रों को सिखाया विधि का महत्व, एलएलबी के छात्रों का संपन्न हुआ ओरिएंटेशन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में एलएल.बी. (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए 3 अगस्त 2024 को ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य नए छात्रों को शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना और विश्वविद्यालय के संसाधनों और अवसरों से अवगत कराना था। ओरिएंटेशन का नेतृत्व एसोसिएट प्रो. अनुराग श्रीवास्तव और पंच ऋषि देव शर्मा ने किया। उन्होंने छात्रों को उत्साह और अंतर्दृष्टि के साथ संबोधित किया। प्रो. श्रीवास्तव ने छात्रों का स्वागत किया और भविष्य की सफलता के लिए विधिक शिक्षा की मजबूत नींव के महत्व पर जोर दिया।प्रोफेसर्स ने छात्रों को पाठ्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने और संकाय की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। पंच ऋषि देव शर्मा ने कानूनी पेशे में नैतिकता और ईमानदारी की भूमिका पर जोर दिया और छात्रों को समर्पण और जिम्मेदारी की भावना के साथ अपनी पढ़ाई के लिए प्रेरित भी किया। विधिक क्षेत्र में मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की और छात्रों को उनके कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर आयोजित ब्रेन स्टेम डेथ डिक्लेरेशन सेमिनार में किया प्रतिभाग।

# राजकीय आईटीआई में कैम्पस ड्राइव सात को

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजकीय आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत आईटीआई पास बेरोजगार युवाओं के लिए एक कैम्पस ड्राइव का आयोजन 7 अगस्त को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में किया जाएगा।

इस कैम्पस ड्राइव का आयोजन मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, खरखोडा, सोनीपत, हरियाणा द्वारा किया जा रहा है।एमए खान ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर ने बताया कि इस ड्राइव में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में कम से कम 40 प्रतिशत अंक होनी चाहिए।

उम्मीदवारों को आईटीआई ट्रेड फिटर, डीजल मैकेनिक, मशीनिस्ट, टर्नर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, पेंटर, वेल्डर, ट्रैक्टर मैकेनिक, टेक्निशियन ऑटो मोटिव मैन्युफैक्चरिंग, मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटिंग, मैकेनिक ऑटो बॉडी रिपेयर, पीपीओ, शीट मेटल वर्कर, टूल एंड डाई मेकर, ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग आदि में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 26 वर्ष है। वेतन 25,000 से 30,000 रुपये प्रति माह रहेगा और अन्य सुविधाएं भी कंपनी द्वारा प्रदान की जाएंगी। ध्यान देने वाली बात यह है कि मेले में केवल पुरुष अभ्यर्थी ही भाग ले सकेंगे। 500 पदों पर चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 7 अगस्त को प्रातः 10 बजे बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ के प्लेसमेंट हॉल में उपस्थित हो सकते हैं।

### सपा का पीडीए नारा झूठा : संजय निषाद

**अयोध्या।** उप्र सरकार में मत्स्य मंत्री एवं निषाद पार्टी अध्यक्ष डॉ संजय निषाद शनिवार को राजा राम की नगरी अयोध्या पहुंचे। यहां पर उन्होंने निषाद समाज की बेटी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीड़ित बेटी से जिला अस्पताल पहुंचकर हालचाल जाना। उन्होंने पीड़ित बेटी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पीड़ित बेटी का जो दर्द है वह बयां नहीं किया जा सकता है। वह अभी सहमी हुई है, दर्द में है। उस घटनाक्रम के बाद से वह डर गई है और सही से बात भी नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि मैंने उस बेटी को आश्वासन दिया है कि उसको अपनी बेटी मानकर इंसाफ दिलाने का काम करूंगा। कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने समाजवादी पार्टी नेता व अयोध्या सांसद की करीबी द्वारा बच्ची के साथ किए घिनौनी करतूत के आरोपी को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा।

निर्देश

मोहनलालगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

# आदेश के दो साल बाद भी नहीं हो सकी जमीन की मेड़बंदी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने भले ही मोहनलालगंज तहसील के अफसरों को बीते सम्पूर्ण समाधान दिवस में फटकार लगाते हुये धारा-24 के भूमि पैमाईश व मेड़बंदी के पुराने आदेशों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिये थे लेकिन लापरवाह तहसील अफसर आदेशों का पालन नहीं करा पा रहे है।



मोहनलालगंज के मऊ गांव में दो साल पहले धारा-24 के अन्तर्गत किसान की जमीन की पैमाईश व मेड़बंदी का एसडीएम न्यायालय से आदेश हुआ था लेकिन अफसरों व राजस्वकर्मियो की लापरवाह से अब तक मेड़बंदी नहीं हो सकी है। शनिवार को मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूण समाधान दिवस में एडीएम आपूर्ति साहबलाल को शिकायती पत्र देते हुये किसान अन्नत कुमार निवासी मऊ ने बताया मऊ गांव में स्थित पैतृक भूमि की पैमाईश व मेड़बंदी के एसडीएम न्यायालय से धारा-24 के अन्तर्गत 3 जून 2022 को आदेश हुआ था लेकिन लापरवाह राजस्वकर्मियो ने सुविधा शुल्क ना देने पर आज तक पैमाईश व मेड़बंदी नही की। बीते दो सालो में एसडीएम, तहसीलदार व सम्पूर्ण समाधान दिवस में दर्जनो शिकायतें करने के बाद भी जमीन की मेड़बंदी नही हो सकी। एडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये एसडीएम को तत्काल राजस्वटीम मौके पर भेजकर मेड़बंदी कराये जाने के आदेश दिये। दूसरी शिकायत बुजुर्ग राम केशन निवासी सुरियामघ्ऊ थाना गोसाईगंज ने करते हुये बताया गांव में स्थित गांटा स0-642 की चार बिस्वा कृषि योग्य भूमि पर लगे पांच हरे पेड़ो को पूर्व तहसीलदार ने काटकर जमीन जबरन कब्जा कर ली। वही दूसरे गांटा स0-666 के कुछ अंश को खरीदकर प्लाटिंग कर रही श्री वसुधा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मालिक ने अपने गुर्गो के साथ मिलकर उक्त गांटे में स्थित उनकी छरू बिस्वा जमीन कब्जा कर ली। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया बिल्डर समेत उनकी जमीन कब्जा करने वाले बिल्डर जबरन जमीन का बैनामा करने की मांग कर रहे ओर बैनामा ना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। बुजुर्ग ने एडीएम से बताया अपनी जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिये आठ बार सीएम जनसुनवाई पोर्टल व दो बार सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर चुका है।

### प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए सरकार प्रतिबद्ध : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रदेश भर के धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करा रहा है। पर्यटन विभाग मोहनलालगंज क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ रायबरेली सीमा पर सई नदी के तट पर सुदौली स्थित प्राचीन भवरेशवर महादेव मंदिर का 05 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग 05 करोड़ रुपये से मोहनलालगंज स्थित प्राचीन भवरेशवर महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण के साथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी, बेंच, शेड व अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास भी किया कराएगा। रायबरेली व उन्नाव जनपद की सीमा पर सई नदी के तट पर भवरेश्वर मंदिर का पौराणिक काल से ही अपना महत्व रहा है। प्राचीन शिव मंदिरों में विख्यात यह मंदिर पुरातन काल से ही लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। मान्यताओं के अनुसार यहाँ आने वाले भक्तों की मनोकामना भगवान शिव अवश्य पूरी करते हैं। इसीलिए यहां पर वर्ष के 12 महीने भक्तों का तांता लगा रहता है। वहीं सावन महीने में रायबरेली, लखनऊ और उन्नाव समेत आसपास के जनपदों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए आते हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

▸ संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम ने सभी विभाग के अधिकारियों के साथ हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में की बैठक



गोंडा, समृद्धि न्यूज़। शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में डीएम ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 167 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 04 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। वो ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से करवाई करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### आगामी 13 से 15 अगस्त तक मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों के साथ आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त, 2024 तक हर घर तिरंगा अभियान मनाए जाने के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हर घर तिरंगा मनाये जाने के संबंध में सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर ली जाएं, ताकि समय पर हर घर तिरंगा अभियान को जनपद के सभी सरकारी कार्यालय एवं दफ्तरों तथा अन्य स्थानों पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इस कार्यक्रम को मनाया जा सके। इसके साथ ही बैठक के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें, कि अपने सरकारी आवास से लेकर कार्यालयों तक हर घर तिरंगा अभियान को मनाने के लिए एक अच्छी तैयारी पहले से ही कर लिया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को मनाने के दौरान इस पर विशेष ध्यान देना है कि तिरंगा कार्यक्रम कहीं भी गलती से गलत तरीके से ना किया जाए सभी अधिकारी इस पर विशेष ध्यान देंगे। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी डीसी एनआरएलएम जेएन राव को बनाया गया है।

## किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भानू ने किसानों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

दिये गये ज्ञापन में कहा है कि राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा मनमाने तरीके से रियल टाइम खतौनी के नाम पर नई खतौनी तैयार करने का आदेश दिया गया है,जिसमें हर गाटे को अलग किया जाना है,जबकि पहले एक ही खतौनी में कई गाटे होते थे जिससे काश्तकार का एक ही खतौनी से काम चल जाता था। इस तुगलकी आदेश से काश्तकारों के ऊपर अरबों रुपए का अतिरिक्त भार उत्तर प्रदेश के किसानों पर आ जाएगा,जिससे प्रदेश का हर किसान प्रभावित होगा। भारतीय किसान यूनियन (भानू) राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश के इस तुगलकी फरमान का विरोध करता है। वहीं राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश का तीसरा आदेश अनिवार्य रूप से अंश निर्धारण के संबंध में दिया गया है। वर्तमान समय में दबाव में हल्का लेखपालों द्वारा बिना काश्तकारों के पूछे व उनकी समीक्षा किए मनमाने तरीके से अंश निर्धारण किया जा रहा है,जिससे भविष्य में गलत अंश निर्धारण को लेकर बड़े पैमाने पर लाखों वाद दायर करना पड़ेगा। अंश निर्धारण का अधिकार उपजिलाधिकारी न्यायालय को है। भारतीय किसान यूनियन भानू ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश के तुगलकी आदेश रियल टाइम खतौनी व जबरिया अंश निर्धारण पर रोक लगाने का आदेश जारी कर पुरानी खतौनी बहाल करने का आदेश जारी किया जाए।

## हत्या मामला : शव सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

▸ सीओ तरबगंज के समझाने पर मामला हुआ शान्त





तरबगंज /गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत चिवरहा में केबिल जोड़ने के चक्कर में एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी जिस पर थाने में तहरीर दी गई व शव पोस्टमार्टम में भेजा गया पोस्टमार्टम से आने के बाद शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया सूचना पर पहुँचे सीओ तरबगंज ने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणो को समझाया तब जाकर मामला शान्त हुआ।

बताते की तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत चिवरहा में 1अगस्त को केबिल जोड़ने के चक्कर में विवाद हो गया था जो बृजलाल के घर से होकर जारही थी जो टूट कर गिर गई थी जिसे विपक्षी जोड़ रहे थे दिन मे बवाल हुआ और रात लगभग नौ बजे बृजलाल घर आरहे थे की रास्ते में घात लगाकर बैठे लोगो ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे बृजलाल गम्भीर रूप से घायल हो गए जिसे अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया जहाँ से वापस आते ही शनिवार की सुबह शव को तरबगंज अमदही मार्ग के परास चौराहे पर रखकर प्रदर्शन करने लगे प्रदर्शन कर रहे परिजनो ने कहा की तीन लोग मिलकर मारे है और पुलिस ने केवल एक ही व्यक्ति पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है और दो लोग धमकी दे रहे है जिससे परिवार सुरक्षित नही है काफी संख्या में एकत्र हहुए लोगो ने रोड़ जाम कर दिया सूचना पर थाना तरबगंज व उमरीबेगमगंज पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी तरबगंज मौके पर पहुंचेलोगो को समझा बुझाकर रोड खाली कराया। क्षेत्राधिकारी तरबगंज विनय कुमार सिंह ने बताया की तहरीर में केवल एक ही व्यक्ति को नामजद किया गया था जिसके ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया गया है अगर और लोग है तो जाँच कर उनका भी नाम बढ़ाया जायेगा।

## अनुदेशक के सहारे संचालित मिला विद्यालय, प्रधानाध्यापिका नदारद

कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत हलधरमऊ शिक्षा क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल लोहसा कैथोला की प्रधानाध्यापिका शनिवार को नदारद रही। यह विद्यालय एक मात्र अनुदेशक के सहारे संचालित होता दिखाई पड़ा। कैथोला का ग्राम सचिवालय व स्वास्थ्य उपकेन्द्र झाड़ियों से पटा जर्जर अवस्था में नजर आया। यहां का सामुदायिक शौचालय तालाबंदी का शिकार है। जूनियर व प्राथमिक विद्यालय भुलभुलिया के रसोइयों को मानदेय तीन माह से नहीं मिला है। जूनियर विद्यालय भुलभुलिया में छात्रों की संख्या के अनुपात में 3 शिक्षकों की कमी है। हलधरमऊ शिक्षा क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल लोहसा कैथोला विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुज गौतम शनिवार को नदारद रही। यहां के दोनों सहायक अध्यापक अनिल कुमार सिंह व श्याम नारायन चतुर्वेदी की पंचायत उपचुनाव में ड्यूटी लगी है। अनुदेशक सत्येन्द्र कुमार सिंह के

▸ तीन माह से नहीं मिला रसोइयों का मानदेय

सहारे यह विद्यालय संचालित होता पाया गया। दूसरी अनुदेशक दीपिका पाण्डेय नदारद रही।

इस विद्यालय में 160 छात्र पंजीकृत है इसके सापेक्ष शनिवार को 60 बच्चे उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय लोहसा कैथोला के प्रधानाध्यापक हरीश कुमार मिश्रा चुनाव ड्यूटी पर होने के बावजूद विद्यालय में मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि सहायक अध्यापिका नेहा चाहर, आरती पाल व शिक्षामित्र आशा पाठक है। यहां कुल पंजीकृत



छात्र 173 के सापेक्ष 130 बच्चे उपस्थित मिले। यहां के आंगनबाड़ी केन्द्र द्वितीय में कार्यकत्री हेमा सहायिका प्रभावती है। इस केन्द्र पर 35 बच्चे पंजीकृत है सापेक्ष 18 बच्चे उपस्थित रहे। कैथोला का ग्राम सचिवालय व स्वास्थ्य उपकेन्द्र अत्यधिक जर्जर अवस्था में झाड़ियों से पटा हुआ दिखाई पड़ा। दोनों के भवन के खिड़की दरवाजे गायब हैं। यहां का सामुदायिक शौचालय तालाबंदी का शिकार है। जूनियर हाईस्कूल विद्यालय भुलभुलिया की प्रधानाध्यापिका मंजू सिंह, सहायक अध्यापक संजय कुमार, व अनुदेशक अंशिका सिंह है। यहां कुल पंजीकृत छात्र संख्या 146 के सापेक्ष 90 छात्र उपस्थित रहे। मानक 35 छात्र पर एक शिक्षक के अनुसार यहां 3 शिक्षकों की कमी है।

कलावती, मुन्नी देवी, राजकुमारी समेत 3 रसोइयों को तीन महीने से मानदेय नहीं मिल रहा है। प्राथमिक विद्यालय भुलभुलिया के प्रधानाध्यापक डॉ0 अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि सहायक अध्यापक परशुराम वर्मा, आसमा खातून, श्वेता सिंह व शिक्षामित्र सुनील कुमार सिंह है। यहां कुल पंजीकृत छात्र संख्या 199 के सापेक्ष 132 छात्र उपस्थित पाए गए। यहां की धूपा देवी, माया देवी, सुषमा व मीरा समेत 4 रसोइयों को तीन माह से मानदेय नहीं मिल रहा है। रसोइयों का मानदेय इस समय 2000 रुपए प्रतिमाह है। यहां के दोनों विद्यालयों के परिसर में चकाचक सफाई के साथ फूल पौधे लगे मिले। आंगनबाड़ी केन्द्र द्वितीय की कार्यकत्री सहायिका राजपती है।

इस केन्द्र पर 25 बच्चे पंजीकरण के सापेक्ष 5 बच्चे उपस्थित रहे। यहां का पशु चिकित्सा केन्द्र व कूड़ा संग्रह केन्द्र अभूतपूर्व तालाबंदी का शिकार है। इस संबंध में हलधरमऊ के खण्ड शिक्षा अधिकारी रियाज अहमद ने बताया कि जूनियर विद्यालय भुलभुलिया में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। जूनियर विद्यालय लोहसा कैथोला की जांच की जांचकर बीएसए को रिपोर्ट दी जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### डीएम के आदेश पर नजूल कर्मी की जांच पूरी

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। आपको बताते चलें गोंडा जिले के नगर पालिका विभाग में कार्यरत नजूल कर्मी रघुनाथ तिवारी जिसको नजूल विभाग का चार्ज मिला हुआ है इनके द्वारा विगत वर्षों में नजूल प्लॉट का एक बैनामा आनंद तिवारी निवासी रानी पुरवा जानकी नगर के नाम किया गया उनके इस कृत्य की जांच एक व्यक्ति के द्वारा जिला अधिकारी गोंडा को शिकायती प्रार्थन पत्र देकर करने की मांग की गई ऐसे में जिलाधिकारी नेहा शर्मा के द्वारा तीन सदस्यीय समिति गठित कर इनकी जांच 3 सप्ताह में करके रिपोर्ट देने की बात जिलाधिकारी के आदेश में कही गई है किंतु शनिवार को जब समृद्धि न्यूज़ के पत्रकार ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संजय मिश्रा से जानकारी मांगी तो उन्होंने कहा जांच चल रही है जैसी रिपोर्ट आएगी वैसी कार्रवाई की जाएगी किंतु उसके बाद जब जिला अधिकारी नेहा शर्मा से दूरभाष पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया जांच पूरी कर ली गई है जांच में कुछ कमी नजूल कर्मी रघुनाथ तिवारी की पाई गई है ऐसे में आगे की कार्यवाही के बारे में जल्द बताया जाएगा ।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्रधानाचार्य सस्पेंड

परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। आगामी 6 अगस्त को परसपुर चतुर्थ जिला पंचायत क्षेत्र के होने वाले उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी बीच चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में प्राथमिक विद्यालय धमरैया के प्रधानाध्यापक विजय मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रेनू देवी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोंडा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि विजय मिश्रा ने चुनावी प्रचार में भाग लेकर आचार संहिता का उल्लंघन किया है। रेनू देवी ने अपने शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया कि विजय मिश्रा ने जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी ओमप्रकाश मिश्रा के प्रचार में भाग लिया। इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया पर उपलब्ध तस्वीरों को बीएसए के समक्ष साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया। जिसे संज्ञान में लेते हुए बीएसए अतुल कुमार तिवारी ने परसपुर खंड शिक्षा अधिकारी से इस मामले की जांच कराई। जांच में विजय मिश्रा दोषी पाए गए। इसके परिणामस्वरूप विजय मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी गीतांजलि को मामले की पूरी जांच सौंपी गई है और 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी ने इस मामले में बताया कि उन्हें एक शिकायत पत्र और साक्ष्य प्राप्त हुए थे,जिसमें विजय मिश्रा पर आरोप लगाया गया था कि वह ओमप्रकाश मिश्रा के चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से भाग ले रहे थे। जांच के दौरान यह साबित हुआ कि विजय मिश्रा ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। इस आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उन्हें उसी विद्यालय से अटैच कर दिया गया है,जहां वे पहले कार्यरत थे।विजय मिश्रा को निलंबित करने के साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय गीतांजलि को इस मामले की विस्तृत जांच सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### परिवहन विभाग आज लगाएगा फिटनेस कैंप

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। आर.आई. संजय कुमार के द्वारा शनिवार को 12 स्कूली वाहनों के फिटनेस जांच किए गए जिसमें किसी में इंडिकेटर नहीं था तो किसी में कैमरा किसी में फर्स्ट एड बॉक्स ऐसे में उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूली वाहनों में नन्हे मुन्ने बच्चे रहते हैं इसलिए स्कूली वाहन का फिटनेस जरूरी है और शासन के निर्देश के क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वाहनों की फिटनेस के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों के क्रम में फिटनेस समाप्त स्कूली वाहनों के साथ कान्ट्रेक्ट / स्टेज कैरिज वाहनों का फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु दिनांक 04.08.2024 दिन रविवार प्रात 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कैम्प का आयोजन ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट निकट सेवायोजन कार्यालय आईटीआई चौराहा गोंडा में किया जाएगा।

## महिला से लूट का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

▸ महिला ने खाते से 50 हजार रुपये निकाला रुपए भरा बैग छीन कर फरार हो गये थे बाइक सवार



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। फखरपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को बाइक सवार लुटेरों ने एक महिला से 50 हजार रुपये से भरा बैग लूट लिया था। पुलिस ने घटना का केस दर्ज कर लूट का खुलासा कर दिया है। दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुतौली निवासी चांद बाबू पुत्र गुलाम रसूल अपनी मां हयातुल निशा के साथ बृहस्पतिवार को कैसरगंज कस्बा में स्थित एचडीएफसी बैंक में रुपये निकालने के लिए गया था। उसकी मां ने खाते से 50 हजार रुपये निकाला। इसके बाद बाइक पर बैठकर बेटे के साथ घर जाने लगी। दोपहर 2:40 बजे चांद बाबू अपनी मां को लेकर फखरपुर थाना क्षेत्र के भकला मोड़ के पास पहुंचा तभी पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से आए और महिला के हाथ से रुपए भरा बैग छीन कर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि फखरपुर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की। खुलासे के लिए सर्विलांस टीम भी लगाई गई।आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल कॉल से बाइक की पहचान की गई। इसके बाद अपराधियों तक पहुंच गया।

उन्होंने बताया कि हुजूरपुर थाना क्षेत्र के बसहिया गांव निवासी सुहेल खान पुत्र मुख्तार खान और जिया खान पुत्र इस्क ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों को फखरपुर थाना क्षेत्र के इटहुआ पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद बाइक और नकदी सीज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि दोनों ने आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह उपनिरीक्षक शैलेंद्र यादव, एसआई अमित कुमार, प्रशिक्षु उप निरीक्षक राकेश प्रजापति, सर्विलांस निरीक्षक संतोष कुमार सिंह करणेश शुक्ला, नितिन अवस्थी, आनंद उपाध्याय शामिल रहे।

## मुआवजा-आवास के लिए भटक रहे ग्रामीण पहुंचे डीएम कार्यालय, सौंपा ज्ञापन

▸ नदी की कटान में समाहित हो गई खेती और मकान

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले के बेलामकन गांव निवासी ग्रामीणों की खेती योग्य जमीन और मकान सरयू नदी के कटान में समाहित हो गई है। लेकिन अभी तक पीड़ित ग्रामीणों को सरकार की ओर से कोई मुआवजा या आवास का लाभ नहीं दिया गया है। जिसके लिए ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में पहुंच कर प्रदर्शन किया।तहसील नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलामकन गांव सरयू नदी के निकट बस हुआ है।

गांव में प्रतिवर्ष नदी का जलस्तर बढ़ने पर ग्रामीणों की खेती योग्य जमीन और मकान उसी में समाहित हो जाते है। गांव निवासी रामकिरन, माता प्रसाद, विनोद और हरीराम की अगुवाई में तीन दर्जन से अधिक ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि बीते वर्ष आई बाढ़ के दौरान उनके मकान और खेती योग्य जमीन नदी में कट गई वह सभी बेघर हो गए है। लेकिन अभी तक इन ग्रामीणों को आर्थिक सहायता नहीं दी गई और ना ही आवास दिया गया है। सभी का कहना है कि अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया लेकिन कोई आवासीय व्यवस्था नहीं उपलब्ध कराई। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस दौरान कमलेश, कन्हैयालाल, माता प्रसाद, रामकरन, लायक राम, कलावती, किशोरी लाल समेत अन्य मौजूद रहे।

## बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिले भर में अघोषित बिजली कटौती को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जेपी मिश्रा की अगुवाई में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने बिजली कटौती और लो वोल्टेज को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बारिश न होने से किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में किसानों के खेत नहरों के माध्यम से पहुंचाया जाए। इसके अलावा अन्य समस्याओं को लेकर सभी ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट को दिया। इस दौरान गोपीनाथ, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राघवेंद्र द्विवेदी, कुंवर साहब श्रीवास्तव, दुर्गेश तिवारी, मुस्तकीम सलमानी,मुकुंद जी शुक्ला, हसन इश्तियाक समेत अन्य मौजूद रहे।

## ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

▸ रस्सी से कसा था गला, नाक से निकल रहा था खून



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जिले के बड़खड़िया गांव निवासी एक ग्रामीण की शुक्रवार रात को घर में शव पड़ा मिला। उसके गले को प्लास्टिक के रस्सी से जकड़ा गया था। साथ ही ईट और लकड़ी के फंटी मौके पर मिले है। फोरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण कर मोबाइल को कब्जे में ले लिया है।सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़खड़िया निवासी सहजराम गुप्ता (48) पुत्र पैकरमा का शव उसके घर में मिला है। बगल के कमरे में उसकी मां और दो अन्य महिलाएं मौजूद थीं। वहीं मृतक का एक भाई नेपाल में फेरी का काम करने गया था। जबकि दूसरा भाई और कहीं गया था। शाम पांच बजे तक सहजराम घर से बाहर नहीं निकला तो पड़ोस के युवक ने कमरे में जाकर देखा तो उसका शव जमीन पर पड़ा था।गले को प्लास्टिक की रस्सी से कई बार घुमाकर कसा गया था। मौके पर ईंट पड़े थे। डंडे भी पड़े थे। इतना ही नहीं उसके नाक से खून निकल रहा था। जिस पर पुलिस को सूचना दी गई। रात आठ बजे थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव देखने वाले युवक से पूछताछ की गई। फोरेंसिक टीम ने मृतक का मोबाइल कब्जे में लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिस तरह वारदात हुई है उससे गांव के लोग हत्या की आशंका जता रहे है।

शादी के बाद चली गई थी पत्नी

गांव के लोगों ने बताया कि मृतक सहजराम भाइयों में सबसे बड़ा है। उसकी शादी हुई थी। लेकिन पत्नी से कुछ अनबन हुआ तो वह मायके चली गई। मृतक मानसिक तनाव से परेशान रहता था।

## स्कूल चलो अभियान रैली को डीएम ने दिखायी हरी झण्डी



बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी अजीत प्रताप सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह व अन्य के साथ हरी झण्डी दिखाकर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली ब्लाक मुख्यालय से निकलकर सर्वोदय इण्टर कालेज पर सम्पन्न हुई। रैली में विभिन्न परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग कर आमजन को शत-प्रतिशत बच्चों को स्कूल भेजने का सन्देश दिया।

## खतौनी में मिली त्रुटि तो डीएम ने लेखपाल को किया निलंबित



▸ ग्रामीण की शिकायत पर डीएम ने तहसील दिवस में की कार्रवाई


बहराइच, समृद्धि न्यूज़। मिहींपुरवा तहसील में आयोजित तहसील समाधान दिवस में राजापुर गिरंट के लेखपाल को डीएम ने निलंबित कर दिया। इसका माइक से अनाउंसमेंट भी किया। जिले के मिहींपुरवा तहसील के ग्राम पंचायत राजापुर गिरंट जंगल से सटा हुआ है। गांव में लेखपाल वंशलाल राणा की तैनाती थी। लेखपाल ने एक ग्रामीण की खतौनी में त्रुटि करते हुए अंश की कटौती कर दी। जिसके चलते ग्रामीण के खेत का रकबा कम हो गया। इसकी शिकायत क्षेत्रीय अधिकारियों से हुई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया। जिस पर शनिवार को तहसील में आयोजित समाधान दिवस में ग्रामीण अपनी शिकायत लेकर पहुंच गया। उसने डीएम से व्यथा सुनाई। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने लेखपाल वंश लाल राणा को निलंबित कर दिया। इसके बाद उन्होंने माइक से अनाउंसमेंट करते हुए इसकी घोषणा की। साथ ही डीएम ने कहा कि सभी लेखपाल जान लें, अगर खसरा खतौनी में कोई त्रुटि की गई तो अन्य के विरुद्ध भी कार्रवाई होगी।

### तहसील मोतीपुर में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिलाधिकारी संजय कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।समाधान दिवस में पेटरहा की नीतू सिंह व मझाव की रजनी द्वारा मानदेय दिलाये जाने, ग्राम प्रधान कंजड़वा द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने, नैनिहा के बाबे लाल द्वारा कोटेदार द्वारा अपशब्द कहने, निधिपुरवा के राज कुमार द्वारा आवास दिलाये जाने, गिरगिट्टी देवी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराये जाने, पकड़िया दीवान के लायक राम द्वारा भूमि विवाद, मोतीपुर जरीना द्वारा प्रधानमंत्री आवास, बोझिया की पुष्पादेवी द्वारा पैमाइश सहित अन्य फरियादियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 72 में 07, पयागपुर में प्राप्त 151 में 07, कैसरगंज में 83 में 07, महसी में 23 में 04, सदर बहराइच में 27 में 03, नानपारा में 38 में 04 प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील बहराइच सदर में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने एसडीएम राकेश कुमार मौर्या के साथ जबकि अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर सपा की मासिक बैठक सम्पन्न

▸ पांच अगस्त को स्व. जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती, 9 अगस्त को क्रांति दिवस से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान को लेकर हुई चर्चा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव सुनील निषाद ने किया। मासिक बैठक में पार्टी द्वारा जारी आगामी कार्यक्रमों संविधान मान स्तम्भ गोष्ठी का आयोजन, 5 अगस्त को समाजवादी पुरोधा स्व0 जनेश्वर मिश्रा की 92वीं जयंती, अगस्त क्रांति दिवस (09 अगस्त) से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान, छात्र-नौजवान, पीडीए जागरूकता अभियान आदि को लेकर विस्तृत चर्चा कर रूप रेखा तैयार की गयी। इसके अतिरिक्त बैठक में वर्तमान बिजली संकट, पेपर लीक, महंगाई, बढ़ते अपराध, महिला असुरक्षा सहित तमाम ज्वलंत मुद्दों पर भाजपा सरकार की चुप्पी व गलत नीतियों के खिलाफ आगामी दिनों में सड़क पर उतर कर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन कर मौजूदा भाजपा सरकार को घेरने की रणनीति भी तैयार की। सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार संविधान विरोधी है और इससे भारतीय संविधान को खतरा है। इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिये है, गाँव गरीब किसान नौजवान आज पूरी तरह से बदहाल स्थिति में है। अस्पतालों में मरीजों को स्ट्रेचर जैसी सुविधा भी मुहैया नही है थाने व तहसील धन उगाही का अड्डा बन गये है। बिजली तो न के बराबर मिल रही है छोटे व्यापारी, दुकानदार का कारोबार चौपट हो गया है बढ़ती महंगाई ने हमारी घरेलू महिलाओं के घरों का बजट तहस नहस कर दिया है।समाजवादी पार्टी की सरकार में जनहित के लिए जितने भी जरूरी कदम उठाये गये थे योजनाये लागू हुए थे उन्हे इस सरकार ने विद्वेष की भावना से बंद कर दिये।बैठक के अंत में पार्टी के नेता व पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव की दिवंगत माता जी की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर उन्हे विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी।इस बैठक में पूर्व विधायक रमेश गौतम, जिला कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल मन्नान, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, उत्तम सिंह, शकील मेकरानी, फंटल अध्यक्ष नंदेश्वर यादव, शैलेश सिंह शैलू, डा लोलिता मौर्या, वि0 स0 अध्यक्ष मो आसिफ, अयोध्या सोनी, गौरव यादव, नगर अध्यक्ष महिला सभा सुमन शर्मा, मंजू चौधरी, इलियास प्रधान, आबाद खान, सहित तमाम पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहें।

# 14 वर्षों बाद माता संकटा धाम मंदिर में शुरू हुई चढ़ावे की नीलामी

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

14 साल बाद कोर्ट और शासन के निर्देश पर एक बार फिर से रायबरेली जिले के गेगासो गंगा तट पर स्थित माता संकटा धाम मंदिर के चढ़ावे की नीलामी जिले के अधिकारियों के बीच संपन्न हुई। जिसमें 1 वर्ष के लिए चढ़ावे की नीलामी 16 लाख रुपए की हुई। नीलामी प्रक्रिया पूरी होने से लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की।

**2010 में कोर्ट में गया मामला:-** दरअसल 2010 में नीलामी प्रक्रिया में गड़बड़ी दिखाते हुए मां संकटा धाम समिति ने हाई कोर्ट में एक रिट दाखिल की थी जिसमें कहा गया था कि नीलामी का पैसा समिति के खाते में जमा किया जाए।



- मामला कोर्ट में होने के चलते 2010 से नहीं लग रही थी चढ़ावे की बोली
- कोर्ट के आदेश के बाद तहसील प्रशासन की मौजूदगी मे संपन्न हुई नीलामी
- 16 लाख की अंतिम बोली लगाकर कुलदीप मिश्रा ने लिया एक वर्ष का ठेका

जिसको लेकर कोर्ट में पिछले 1 साल तक मामला चलता रहा। कोर्ट ने आदेश किया कि पूर्व की तरह ग्राम पंचायत नीलामी प्रक्रिया करा सकती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने आदेश को गंभीरता से नहीं लिया और मंदिर में भक्तों द्वारा चढ़ाए गए रुपए पैसे सोना चांदी और वस्त्र का बंदर बांट किया जा रहा था। राजस्व का नुकसान भी हो रहा था।

### निलामी में 16 लाख की लगी बोली

शासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नीलामी प्रक्रिया पूरी करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद आज क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के बीच नीलामी प्रक्रिया पूरी कराई गई। जिसमें कुलदीप मिश्रा ने 16 लाख रुपए की आखरी बोली लगाई। तहसील प्रशासन ने कुलदीप मिश्रा को माता संकटा धाम मंदिर के चढ़ावे का ठेका दे दिया है जो एक वर्ष तक होगा। नीलामी अधिकारी ने बताया कि आए श्रद्धालुओं के चढ़ावे से आये धन माता संकटा मंदिर और गांव का विकास किया जाएगा।

### चढ़ावे के पैसे से होगा मंदिर का विकास



बताया जाता है कि भगवान श्री कृष्णा के गुरु माने जाने वाले महर्षि गर्ग ऋषि की तपोभूमि में बने माता संगठा धाम मंदिर में देश के कोने-कोने से लोग दर्शन के लिए आते हैं। हर दिन हजारों की संख्या में लोग यहां दर्शन करते हैं और माता के मंदिर में चढ़ावे के रूप में रूपए पैसे और सोना चांदी समेत वस्त्र चढ़ाते हैं। जिसको अभी तक वहां के पुजारी बंदर बांट कर बेच लेते थे। जिसमें राजस्व का भी बड़ा नुकसान हो रहा था। लेकिन नीलामी प्रक्रिया के शुरू होने से छेत्र के लोगों में काफी खुशी है। लोगों का कहना है कि भक्तों द्वारा चढ़ाए गए रूपए पैसे सोना चांदी से मंदिर का विकास होगा। माता संकटा धाम मंदिर के चढ़ावे का ठेका लेने वाले कुलदीप मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि भक्तों के द्वारा मंदिर में चढ़ाए गए रुपए से मंदिर का विकास होगा और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं मिलेंगी।

# डीएम ने अरखा ग्राम प्रधान को किया बर्खास्त, गबन में मिले दोषी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बिना काम कराए ग्राम पंचायत खाते से रुपये निकालने में दोषी पाए गई अरखा गांव की महिला प्रधान को जिलाधिकारी ने बर्खास्त कर दिया है। गबन में कई स्तर पर जांच की गई, जिसमें बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। डीएम ने यह कार्रवाई पंचायती राज अधिनियम के तहत प्राप्त अधिकारों के तहत की है।

अरखा गांव की प्रधान संगीता देवी पर गांव के सुनील कुमार और राकेश कुमार ने 71 लाख रुपए के गबन का आरोप लगाते हुए दो साल पहले शिकायत की थी। जिसकी प्रारंभिक जांच जिला समाज कल्याण अधिकारी और उपायुक्त मनरेगा की संयुक्त टीम ने किया था। उसके बाद कई स्तर से मामले की जांच हुई, जिसमें प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत में कराए गए विभिन्न कार्यों में आहरित राशि 46 लाख 50 हजार 597 रुपये का अपव्यय पाया गया था। इसमें नाली मरम्मत, सीसी रोड मरम्मत, मिट्टी भराई कार्य, चटिया निर्माण कार्य, इंडिया मार्का हैंड पाइप रिबोर, हैंड पाइप मरम्मत कार्य और प्रशासनिक मद में घपला किया गया था।

इस दौरान प्रधान द्वारा कुल 71 लाख 23 हजार 853 रुपये का आहरण किया गया था। जांच के दौरान मौके पर केवल 24 लाख 73 हजार 256 रुपए का कार्य पाया गया था। जांच के बाद ग्राम प्रधान को नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया था, किंतु प्रधान कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पाई थी। इस बीच ग्राम प्रधान ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर दी।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक ने थार व बाइक में मारी टक्कर, दो घायल



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार ट्रक ने महिंद्रा थार गाड़ी सवार व बाइक सवार दोनों को जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए रायबरेली के जिला अस्पताल पहुंचाया है यहां भारती का इलाज किया जा रहा है घटना जनपद के गुरबख्शगज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानपुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही तेज रफ्तार महिंद्रा थार गाड़ी व मोटरसाइकिल स्वर को टक्कर मार दिया जिसमें थार सवार व बाइक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में बाइक सवार शिवम सिंह पुत्र वीरेंद्र बहादुर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी अखउपुर थाना खीरों तथा थार गाड़ी सवार अंकित सिंह पुत्र रविंद्र सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम शहजौरा थाना गुरबक्श गंज गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज के लिए पहले स्थानीय लोगों द्वारा जटवा टप्पा सिएचसी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए दोनों को रायबरेली के जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया जिला अस्पताल में दोनों घायलों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।वहीं घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया सूचना पर पहुंची गुरबख्श गंथन ने की पुलिस ने ट्रक व क्षतिग्रस्त हुई थार व बाइक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू की गई है।

### होम्योपैथी दवाओं से जिंदगी बनेगी आसान



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** होम्योपैथिक कंपनी के सीनियर जोनल सेल्स मैनेजर मनोज कुमार ने होम्योपैथिक की प्रख्यात कंपनी एसबीएल द्वारा उत्पादित शील्ड दवा आम उपभोक्ताओं तक पहुंच सके उसके लिए टिप्स बताएं उन्होंने कहा कि आज कंपनी द्वारा निर्मित दवा का उपयोग कर होम्योपैथिक पद्धति से मरीज स्वस्थ हो रहे हैं समय के साथ-साथ कम पैसे में रोगों से निजात मिल रही है होम्योपैथिक दवा का उपयोग कुशल चिकित्सक की निगरानी में करना चाहिए उन्होंने कहा कि शासन की मनसा अनुसार आराध्या रोगों में भी होम्योपैथिक चिकित्सा अपनी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से रोगियों का इलाज कर रहे हैं जिसकी दवाइयां बड़ी प्रभावित होती हैं कंपनी के फील्ड सेल्स ऑफिसर चंद्रशेखर अग्निहोत्री जी ने कंपनी द्वारा निर्मित दवाइयां के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं उनके फार्मूले पर कंपनी द्वारा निर्मित दवा के बारे में बहुत जानकारी देते हुए कहा की समय से दवा का सही ढंग से उपयोग किया जाए आराध्या रोगों में भी होम्योपैथिक जादू की तरह काम करती है उन्होंने युवा व्यापारी पार्थ मिश्रा का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की होम्योपैथिक दवा आसानी से उपलब्ध हो सके उसके लिए सीधे संपर्क कर सकते हैं सही दवा के माध्यम से असाध्य रोग ठीक किया जा सकते हैं इस अवसर पर लोकेश मिश्रा सीनियर मेडिकल प्रतिनिधि एवं होम्योपैथिक के प्रख्यात डॉ अनिल त्रिपाठी मैं कंपनी के द्वारा निर्मित दवा फॉर्मूले पर व्यापक चर्चा की कंपनी के सीनियर जोनल सेल मैनेजर ने कहा जल्द ही होम्योपैथिक द्वारा निशुल्क विशाल कैंप चिकित्सकों की निगरानी में बछरावां क्षेत्र में कराया जाएगा जिससे जनमानस तक होम्योपैथिक पहुंच सके।

### व्यापार मंडल के पदाधिकारी मनोनीत



**बछरावां, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल में शनिवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों को मनोनीत किया गया। उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल में डॉक्टर विजयपाल यादव जिला उपाध्यक्ष राकेश चौधरी जिला मंत्री नीरज साहू महामंत्री बछरावां सर्वेश यादव मीडिया प्रभारी वही युवा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल में मनोज मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी जिला संगठन मंत्री विकास सोनी जिला मंत्री सहित राममोहन साहू सूरज द्विवेदी सुनील शुक्ला आकाश मिश्रा हरिओम सिंह मोनू मंसूरी बाबू शुक्ला प्रसिद्ध तिवारी को व्यापार मंडल संगठन के उच्च पदाधिकारी ने मनोनीत शनिवार दोपहर किया या सभी पदाधिकारी जब रायबरेली से बछरावां पहुंचे तो कस्बे के मुख्य चौराहे पर सैकड़ो की संख्या में व्यापारी पहुंचकर संगठन पदाधिकारी का स्वागत किया। कार्यक्रम के मौके के पर सुनील सागर, भूमंडल शुक्ला ,बृजेश वर्मा सुमित अतुल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय को चोरों ने बनाया निशाना

- विगत वर्षों की भांती इस वर्ष भी हुई चोरी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



चोरों ने विद्यालय को फिर बनाया निशाना हजारों के बर्तनों पर हाथ किया हाथ साफ आखिर बार-बार चंदापुर प्राथमिक विद्यालय क्यों बन रहा है चोरों का निशाना चौकी से महज 100 मीटर दूरी पर स्थित प्राथमिक विद्यालय बना चोरों की पसंदीदा जगह बार-बार चोरी करके पुलिस को दे रहे हैं चुनौती। चंदापुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि चंदापुर ग्राम सभा नया पुरवा ब्लाक क्षेत्र महराजगंज रायबरेली में दिनांक 2 .8 2.4 की रात कुछ अज्ञात चोरों द्वारा प्रधानाध्यापक कक्ष की खिड़की व गेट तथा तीन कमरों का ताला तोड़कर वहां रखा निम्नलिखित सामान पार कर दिया आठ थाली 8 गिलास एक ब्लूटूथ तथा एक सीलिंग पंखा अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दिया गया ।प्रधानाचार्य ने बताया कि इसकी सूचना 112 डायल नंबर को दी गई तथा कोतवाली पुलिस को भी लिखित तहरीर दी गई है वही प्रधानाचार्य की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गहनता के साथ विद्यालय का निरीक्षण किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनता की समस्याओं को हल करने के लिए तहसील मुख्यालय पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन में विभिन्न विभागों की शिकायत प्राप्त हुई।उसमें से कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।सलोन तहसील में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें राजस्व, पुलिस, बिजली विभाग समेत अन्य विभागों से संबंधित 62 फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्या का प्रार्थना पत्र सौंप कर न्याय की गुहार लगाई।इनमें से महज 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने सभी अधिकारियों के साथ लंबित मामलों पर वादी व प्रतिवादियों से बात की। शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।तहसील दिवस में आने वाले मामलों को मौके पर निस्तारण करने का प्रयास किया जाता है। जिससे विवाद समाप्त हो जाए।

### 44 शिकायतों में चार का निस्तारण



**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी एवं एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह द्वारा की गई। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतें मौके पर आई 10 शिकायत राजस्व विभाग की 24 शिकायत पुलिस विभाग की विकास की दो और अन्य आठ शिकायती पत्र संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों द्वारा दिया गया ।वहीं अधिकारियों ने चार शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया अन्य शिकायतों के लिए जल्द से जल्द निस्तारण की बात कही गई। इस मौके पर एसडीम राजित राम गुप्ता बीडीओ वर्षा सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरों ने गाड़ियों के दो शोरूमों को बनाया निशाना

- एक शोरूम से लाखों रुपए की नगदी पर किया हाथ साफ
- दूसरे शोरूम में गार्ड के जाग जाने पर बदमाशों ने उसे जमकर पीटा, घटना सीसीटीवी में कैद

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बेखौफ चोरों ने गाड़ियों के दो बड़े शोरूमों को बनाया निशाना एक शोरूम में जहां लाखों रुपए की नगदी पर किया हाथ साफ वही दूसरे शोरूम में गार्ड के जाग जाने पर बदमाशों ने गार्ड को जमकर पीटा, पूरी घटना सीसीटीवी में हुई कैद, मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर स्थित महिंद्रा शोरूम का है जहां देर रात बेखौफ चोरों ने शोरूम का शीशा तोड़कर काउंटर में रखी लगभग डेढ़ लाख रुपए से अधिक की नगदी पर हाथ साफ कर दिया, सुबह घटना की जानकारी पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने वहां वालों की सीसीटीवी को जब खंगाला गया तो शोरूम में पीछे से घुसे चार बदमाशों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई, शोरूम के जीएम ने बताया बदमाशों ने काउंटर में रखें लगभग डेढ़ लाख रुपए उठा ले गए वहीं बेखौफ लगभग 10 किलोमीटर आगे मारुति सुजुकी के केटीएल शोरूम को निशाना बनाने की कोशिश की लेकिन बदमाशों को देखकर गार्ड शोर मचाने लगा इसके बाद चारों बदमाशों ने गार्ड की जमकर पिटाई शुरू कर दी लेकिन गार्ड की बहादुरी से सभी बदमाशों को वहां से भागना पड़ा और वहां की भी पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# एनटीपीसी में ब्वॉयलर में रिसाव के कारण बन्द की गई 210 मेगावाट की यूनिट

- 210 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता की यूनिट बंद होने से बिजली उत्पादन पर पड़ेगा असर
- यूनिट नम्बर 1 से 5 तक 210 मेगावाट व छठी 500 मेगावाट क्षमता की है यूनिट

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



एनटीपीसी परियोजना में आए दिन यूनिटों के खराब होने का सिलसिला जारी है। इससे परियोजना को नुकसान होने के साथ ही बिजली की समस्या भी लोगों को तंग कर रही है। परियोजना प्रबंधन तकनीकी खराबी के चलते यूनिटों के बंद होने की बात कह रहा है।दरअसल परियोजना में 210-210 मेगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता की पांच यूनिटें स्थापित हैं। छठवीं यूनिट 500 मेगावॉट बिजली उत्पादन करती है।

बृहस्पतिवार को 210 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली यूनिट नंबर पांच के बॉयलर में रिसाव हो गया। इसके चलते यूनिट बंद हो गई और बिजली उत्पादन कम हो गया।जानकारी होते ही परियोजना के अभियंताओं की टीम ने मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। इसके पहले 11 जुलाई को यूनिट नंबर दो बॉयलर में रिसाव के चलते बंद हुई थी। उसे 15 जुलाई को चालू किया गया था। उसके अगले ही दिन 16 जुलाई को परियोजना में सबसे अधिक बिजली उत्पादन करने वाली यूनिट नंबर छह में खराबी आ गई थी। उसे मरम्मत के बाद 19 जुलाई को चालू किया गया था।

इस बावत परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि यूनिटों में तकनीकी खराबी आ जाती है जिससे यूनिट बंद होती है। मरम्मत के बाद चालू किया जाता है।

### करंट की चपेट में आने की दो घटनाओं में तीन झुलसे

**बछरांवा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बे की महाराजगंज रोड स्थित दक्षिण चमरहिया की रहने वाली विभा मिश्रा (41) पत्नी दिलीप मिश्रा शनिवार दोपहर खिड़की साफ कर रही थी। तभी वह करेंट की चपेट में आ गई। मां की चीख पर पहुँची बेटी अवनी ने भी खिड़की को छू लिया। जिससे उसे भी करेंट लग गया। विभा ने बताया कि खिड़की के बगल से निकले तार से खिड़की में करंट उतर आया। परिजनो ने उन दोनों को सीएचसी पहुचाया। जहां उनका उपचार किया गया है। दूसरी घटना में जलालपुर गांव की रहने वाली रीता पुत्री दयाराम उम्र लगभग 18 वर्ष अपनी मौसी के घर उचौरी गांव में थी। तभी वह मोटर ऑन कर हैंडपंप के पास खड़ी थी। हैंडपंप में करंट उतरने से उन्हें करंट का झटका लग गया। परिजनों ने इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां उपचार किया गया है। डॉ डॉक्टर इंद्र भूषण जायसवाल ने बताया कि तीनों का उपचार किया गया है। हालत सामान्य है।

# सरस्वती शिशु मंदिर की कमान संभालने वाले प्रधानाचार्य का भाजपा नेता ने किया स्वागत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य का डॉक्टर मातादीन पासी प्रांतीय परिषद सदस्य पूर्व प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी बछरावां विधानसभा ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें हाल ही में सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य के पद पर संजय कुमार पाठक की नई तैनाती हुई है वही आज डॉक्टर मातादीन पासी की तरफ से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रायबरेली सुधा अवस्थी ने प्रधानाचार्य को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत और सम्मान किया। वहीं भाजपा नेता डॉक्टर मातादीन पासी ने प्राचार्य का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता डॉ एमडी पासी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बच्चों के अंदर संस्कार भरने के लिए जाना जाता है अतः आपके आने से हम सभी क्षेत्रवासी यही आशा करते हैं कि जिस तरह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों को संस्कृति और समाज से जोड़कर रखता है इस तरह आगे भी रखेगा। वही सम्मान करते हुए शारदा शरण पांडे ने भी प्रधानाचार्य को अंग वस्त्र भेंट सम्मान किया और उनका माल्यार्पण किया ।इस मौके पर प्रधानाचार्य संजय कुमार पाठक आचार्य दिनेश कुमार अवस्थी कीर्ति कुमार अशोक कुमार ममता गुप्ता सरिता सिंह रमा यादव अनुराधा गुप्ता गिरीश कुमार बीएल बावली आकाश अवस्थी रामेंद्र अवस्थी अवधेश सिंह सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# सीएमओ ने किया टीकाकरण सत्र का निरीक्षण



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खण्ड बलरामपुर के ग्राम धुशाह में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवम् पोषण दिवस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एएनएम ऊषा वर्मा टीकाकरण करते हुए उपस्थित रहीं।

निरीक्षण के समय तक एएनएम ऊषा वर्मा द्वारा कुल 23 बच्चों तथा 07 गर्भवती महिला का टीकाकरण किया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एएनएम ऊषा वर्मा को निर्देशित किया कि सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किया जाए। टीकाकरण से कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे।

निरीक्षण के समय डॉ जावेद अख्तर, आशा रोली सिंह, राम देवी, आगनवाड़ी कार्यकत्री सत्यवती देवी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में समाधान दिवस आयोजित

- डीएम ने गंभीरतापूर्वक सुनी जनमानस की शिकायतें/समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश
- भूमि विवाद व लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करे निस्तारण : डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में संपूर्ण समाधान दिवस से संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं शिकायतों एवं समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर के दृष्टि से संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर मामले का निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 जनता दर्शन करते हुए जनमानस उनकी समस्याओं / शिकायतों का निस्तारण किए जाने, आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शिकायतकर्ता से फीडबैक लेते हुए किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार, एसडीएम बलरामपुर संजीव कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यू लाइफ लाइन हास्पिटल व जच्चा बच्चा केंद्र सील

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्साधिकारी मुकेश कुमार के निर्देशन पर स्थानीय स्वास्थ महकमा हुआ गंभीर, स्वास्थ अधीक्षक डा. चन्द्र प्रकाश के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र के अवैध संचालित क्लीनिकों पर छापेमारी की गई। इस दौरान न्यू लाइफ लाइन जच्चा बच्चा केंद्र हास्पिटल को सीज किया गया। छापेमारी की खबर सुनते ही अवैध क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच गया।




कई अस्पताल के शटर ताबड़तोड़ गिरने लगे। वहीं सावित्री जच्चा बच्चा केंद्र, नीयो हास्पिटल व रायल फार्मेसी पेहर को तीन दिवस के भीतर कागजात उपलब्ध कराने की नोटिस दी गई।अचानक पड़े छापेमारी से अवैध अस्पताल के संचालकों में अफरा तफरी माहौल रहा। इस मौके पर डा0 बी पी सिंह, डा0ए के शुक्ला, डा0 संजय कुमार आदि छापेमारी अभियान में शामिल रहे।

## ऐसे 'प्रलय' को कैसे रोकें?

राकेश दुबे

केरल के वायनाड जिले में जल प्रलय से जानमाल की बड़ी क्षति हुए है । प्रलय के बारे में पढ़ा और सुना है। देश के कुछ हिस्सों ने प्रलय को देखा और झेला है। 2013 में केदारनाथ धाम में जो सैलाब आया और तबाही हुई अथवा उत्तरकाशी में भूकंप के बाद जो बाढ़ आई, हमने उन्हें ही प्रलय माना। विनाश और बर्बादी का दूसरा नाम प्रलय है। अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आए और फिर जल सैलाब आया, गांव के गांव दफन हो गए, 400 से अधिक घर देखते ही देखते 'मलबा' हो गए, करीब 200 मौतें हो चुकी हैं और इतने ही लोग लापता बताए जा रहे हैं, यह प्रलय नहीं है,तो और क्या है? यह कुदरती मार नहीं, मानव-निर्मित घटना है, क्योंकि आदमी अपनी ऐयाशी के लिए पहाड़ों को तोड़ रहा है। पहाड़ों की चोटियों पर भी इमारतें बनाई जा रही हैं। केरल में सेना और एनडीआरएफ के जवान वहां के नागरिकों को 'देवदूत' लगे, जिन्होंने मलबे में से निकाल कर असंख्य जिंदगियां बचाईं। हालांकि केरल की भौगोलिक स्थिति परंपरागत पहाड़ों से भिन्न है, लेकिन देश भर के 80-85 फीसदी भू-स्खलन केरल में ही आते हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, 2015 से 2022 तक 3782 भू-स्खलन आए। उनमें से करीब 60 प्रतिशत केरल में ही आए। मौजूदा हालात पर विशेषज्ञों का मानना है कि अरब सागर का तापमान बढ़ने से बेहद घने बादल बने और उसी से केरल में कम समय में बहुत ज्यादा बारिश हुई। वायनाड पहाड़ी जिला है और पश्चिमी घाट का हिस्सा है। यहां 2100 मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं। मानसून में ये पहाड़ भू-स्खलन के लिए बेहद संवेदनशील हैं।

जहां यह त्रासद घटना हुई है, वहां दो सप्ताह से बारिश हो रही थी, लिहाजा पहाड़ की मिट्टी गीली और ढीली हो चुकी थी। इसलिए एक ही रात में लगातार 3 भू-स्खलन आए। जमीन खिसक गई। घर हिलने लगे। पहाड़ दरक कर गिरने लगे। सड़क और पुल ताश के पत्तों की तरह बिखरने और ढहने लगे। जलवायु-परिवर्तन ने भी बारिश की स्थिति और भू-स्खलन की तीव्रता को बढ़ाया है। एक शोध में कहा गया है कि जो वायनाड साल भर बूंदाबांदी और मानसून की बारिश वाला ठंडा, नम वातावरण वाला इलाका होता था, जलवायु-परिवर्तन के कारण अब सूखा, गर्म, लेकिन मानसून के दौरान भारी, तीव्र बारिश वाला क्षेत्र बन गया है। इस बदलाव से भू-स्खलन का जोखिम बढ़ा है। 2018 के मानसून में भी खूब बारिश हुई थी, तब करीब 400 लोगों की जान चली गई थी। उसके बाद केरल में भू-स्खलन वाला क्षेत्र बढ़ गया है।

# भारत में इस्लामिक भीड़ और हिन्दुओं की मॉब लिंचिंग

प्रियंका कौशल



**मुसलमानों द्वारा हिंदुओं की मॉब लिंचिंग की फेहरिस्त इतनी लम्बी है, गिनाते-गिनाते उंगलियां थक जाएं। राजस्थान में कन्हैया लाल की हत्या के पहले किशन भरवाड़ की गुजरात में, उमेश कोल्हे की महाराष्ट्र में इसी तरह निर्मम हत्या हुई। 2019 में लखनऊ में कमलेश तिवारी की हत्या भी आपको स्मरण होगी। कथित तौर पर नबी निंदा के नाम पर कमलेश तिवारी के घर पहुंचकर उससे मिलने के बहाने उसका गला रेत गया था। अच्छा, आपको कुछ याद हो न हो, महाराष्ट्र के पालघर में हिन्दू नागा साधुओं की लिंचिंग तो आप लोगों को याद ही होगी। पालघर में हुई महाराज कल्पवृक्ष गिरी, सुशील गिरी और उनके ड्राइवर निलेश तेलगड़े की मॉब लिंचिंग के वीडियो को देखने वाला हर भारतीय सिहर उठा था। आज भी पालघरमॉब लिंचिंग में मारे गए साधुओं की करूण आंखें याद आती हैं तो मन पीड़ा से भर उठता है।**

राजस्थान के एक शहर उदयपुर में 28 जून 2022 की सुबह बिल्कुल आम दिनों जैसी ही थी। लोग अपने-अपने कामों पर जा रहे थे। उदयपुर का रहने वाला एक आम सा दर्जी कन्हैयालाल भी रोज की तरह अपनी टेलर शॉप पर पहुंचा। कन्हैयालाल, एक दुबला-पतला, निर्बल सा आम आदमी, जो लोगों के कपड़े सिलकर अपना घर चलाता था। उसी दिन दो मुस्लिम युवकों रियाज अतरी और गौस मोहम्मद खां ने उसकी दुकान में घुसकर निर्मम हत्या कर दी। कन्हैया लाल की हत्या करते समय ÷अल्लाह हु अकबर÷ और ÷गुस्ताख ए रसूल की एक ही सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा÷, जैसे नारे भी लगाए। हत्यारों ने हत्या का वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। दोनों हत्यारे रियाज अंसारी और मोहम्मद गौस बाइक पर आए थे। कपड़े का नाप देने का बहाना बनाकर दुकान में घुसे। कन्हैयालाल पर तलवार से कई हमले किए गए। मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कन्हैयालाल का अपराध क्या था? उसने अपनी हत्या से 10 दिन पहले भाजपा की तत्कालीन प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली थी। इसके बाद मुसलमान उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। भारत में इस्लामिक कट्टरता को फैलाते मुसलमानों का आसान हथियार है मॉब लिंचिंग और इनका टारगेट है हिन्दू। भारत में इस्लामिक आक्रमणों के समय से ही इस्लामिक कट्टरता हावी होती चली गयी थी। इस आधुनिक विज्ञान के युग मे भी इस कबीलाई मानसिकता का शिकार देश का हिन्दू हो रहा है। इस्लाम को तलवार के डर पर फैलाने वाले मुस्लिम, गजवा-ए-हिन्द का सपना देखने वाले मुस्लिम छोटी-छोटी बातों का बहाना लेकर हिंदुओं का सर कलम कर रहे हैं।

मुसलमानों द्वारा हिंदुओं की मॉब लिंचिंग की फेहरिस्त इतनी लम्बी है, गिनाते-गिनाते उंगलियां थक जाएं। राजस्थान में कन्हैया लाल की हत्या के पहले किशन भरवाड़ की गुजरात में, उमेश कोल्हे की महाराष्ट्र में इसी तरह निर्मम हत्या हुई। 2019 में लखनऊ में कमलेश तिवारी की हत्या भी आपको स्मरण होगी। कथित तौर पर नबी निंदा के नाम पर कमलेश तिवारी के घर पहुंचकर उससे मिलने के बहाने उसका गला रेत गया था।

अच्छा, आपको कुछ याद हो न हो, महाराष्ट्र के पालघर में हिन्दू नागा साधुओं की लिंचिंग तो आप लोगों को याद ही होगी। पालघर में हुई महाराज कल्पवृक्ष गिरी, सुशील गिरी और उनके ड्राइवर निलेश तेलगड़े की मॉब लिंचिंग के वीडियो को देखने वाला हर भारतीय सिहर उठा था। आज भी पालघरमॉब लिंचिंग में मारे गए साधुओं की करूण आंखें याद आती हैं तो मन पीड़ा से भर उठता है। पुलिस की मौजूदगी में हिंसक भीड़ ने हिन्दू साधुओं को दौड़ाकर मारा था। उनका अपराध केवल यही था कि वह अपनी यात्रा के दौरान पालघर क्षेत्र से गुजर रहे थे। अपने ही देश में कहीं से गुजरना भी हिन्दुओं के लिए अब अपराध हो गया। इस्लामिक कट्टरपंथी बच्चों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। साल 2013 में 30 सितंबर को पंजाब के मलेरकोटला में कुछ जिहादियों ने हिन्दू बच्चे विभु जैन का बेरहमी से कत्ल किया था। जिस समय विभु का अपहरण हुआ वह 12 साल का था। बाद में सच सामने आया कि कट्टरपंथियों ने उसे जिंदा जला दिया। बंगाल के मुर्शिदाबाद इलाके में बंधु प्रकाश पाल, उनकी सात माह की गर्भवती पत्नी, तथा आठ साल के मासूम बेटे की हृदयविदारक हत्या ने तो पूरे देश को झकझोर के रख दिया था। 8 अक्टूबर 2019 को धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। जिसने सबको हिलाकर रख दिया था। बंधु प्रकाश पाल, उनकी गर्भवती पत्नी व बेटे के शव का वीडियो आज भी जब आंखों के सामने आता है, तो हत्यारों की निर्ममता व नृशंसता देखकर आत्मा कांप उठती है। हाल के वर्षों में देश के अलग अलग हिस्सों में हुई मॉब लिंचिंग में मृत हिंदुओं के नाम और उनके साथ हुई घटनाओं का विवरण देखिए तो आप सिहर उठेंगे। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में 16 मई 2019 को इमरान, तुफैल, रमजान और निजामुद्दीन ने विष्णु गोस्वामी को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। विष्णु अपने पिता के साथ लौटते हुए सड़क के किनारे लगे नल पर पानी पीने लगा था। बस इसी दौरान कट्टरपंथियों ने बिना किसी बात के विष्णु को बूढ़े पिता के सामने ही पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया।

तमिलनाडु में वी राम लिंगम की हत्या 7 फरवरी को पट्टाली मक्कल काची के नेता की घर से बाहर खींचकर कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया, जिनका नाम निजाम अली, सरबुद्दीन, रिज़वान, मोहम्मद अज़रुद्दीन और मोहम्मद रैयाज था। बेटी के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर 51 वर्षीय ध्रुव त्यागी को 11 मुसलमानों ने सबके सामने घेरकर मारा था। इन हत्यारों ने ध्रुव त्यागी के बेटे पर भी हमला किया था। दो आरोपियों मोहम्मद आलम और जहांगीर खान की तत्काल ही शिनाख्त हो गयी थी, इसके बाद पुलिस को पड़ताल में बाकी 9 नाम भी सामने आए थे। कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान हुई हिंसा में मारे गए अभिषेक उर्फ चंदन गुप्ता की हत्या कट्टरपंथियों ने कर दी थी। चंदन 26 जनवरी के मौके पर विहिप और एबीवीपी की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए थे। जहां मुस्लिम बहुल इलाके में उनपर छत से गोली चला दी गई। घटना में चंदन की मौत हो गई और बाद में पुलिस ने मुख्य आरोपित सलीम को गिरफ्तार किया। 5 जुलाई साल 2017 में को हिना तलरेजा का शव मिला। पुलिस जांच के बाद मालूम हुआ कि हिना के पति अदनान ने पहले अपनी आंखों के सामने अपने दोस्तों से उसका गैंगरेप करवाया और फिर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में शव को कौशांबी जिले के एक हाइवे पर फेंककर फरार हो गया। कए फरवरी 2018 को मुस्लिम गर्लफ्रेंड के परिवार वालों ने दिल्ली के टैगोर गार्डन की एक गली में सबके सामने अंकित शर्मा मौत के घाट उतारा। मुस्लिम लड़की ने खुद बताया था कि उसके परिवारवालों ने उसके प्रेमी अंकित को मारा। साल 2015 में कर्नाटक के सबसे संवेदनशील मेंगलुरु से 40 किलोमीटर दूर मूदबिद्री में 9 अक्टूबर को बीच बाजार में दिन शाम को प्रशांत पुजारी की बेरहमी से हत्या की गई। इस मामले में पुलिस ने हनीफ, इब्राहिम, इलियास और अब्दुल रशीद को गिरफ्तार किया। पड़ताल में मालूम हुआ कि प्रशांत को साजिश के तहत मारा गया।

## विचार

# कौन कर रहा ओलंपिक आंदोलन को भारत में मजबूत

आर.के. सिन्हा



**रणधीर सिंह और मनशेर सिंह ने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाई की और वहां अपनी शूटिंग कौशल को निखारा। मनशेर जॉय सिंह डबल ट्रैप और ट्रैप में विशेषज्ञ हैं। 2008 के ओलंपिक खेलों में, वे ट्रैप क्वालीफिकेशन में पहले स्थान पर रहे। इसके अलावा, उनके पास एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के अनेक पदक हैं। 1994 में विक्टोरिया, ब्रिटिश कोलंबिया में राष्ट्रमंडल खेलों में, उन्होंने ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है।**

ओलंपिक खेल दुनिया को जोड़ते हैं। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसके बहाने हर चार सालों के बाद दुनियाभर के खेल प्रेमियों को एक से बढ़कर एक खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन को देखने का मौका भी मिलता है। जो खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में पदक प्राप्त करते हैं, वे सारी दुनिया में अपनी छाप छोड़ते हैं। हमारे अपने देश में फिलहाल ओलंपिक खेलों की विभिन्न स्पर्धाओं को खेल प्रेमी ध्यान से देख रहे हैं। लेकिन, कुछ लोग और संस्थाएं भी ओलंपिक आंदोलन को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं। उनमें राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) और सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ के पूर्व महानिदेशक अश्वनी कुमार जैसे महानुभावों का शानदार योगदान रहा है। जब देश मनु भाकर के कांस्य पदक जीतने पर खुशी मना रहा था, तब राजधानी में ब्रदर्स हाउस में भी मनु भाकर की जीत का जश्न मनाया जा रहा था। वहां रहने वाले ईसाई पादरी इस बात पर और भी खुश थे कि मनु के कोच जसपाल राणा उनसे संबंधित हैं। दरअसल, राणा सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे हैं, जिसे दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी (डीबीएस) द्वारा स्थापित किया गया था।

दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी (डीबीए) राजधानी में अपने सेंट स्टीफंस कॉलेज और अब हरियाणा में सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल के माध्यम से भारत में खेल संस्कृति विकसित करने में उल्लेखनीय काम करते आ रहे हैं । इस कॉलेज ने कई महान ओलंपिक खिलाड़ियों को तैयार किया। यह शिक्षा, समाज सेवा सेवा और उभरते एथलीटों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस कॉलेज ने ऐसे खिलाड़ियों की फौज निकाली है जिन्होंने ओलंपिक या अन्य खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। डॉ. कर्णी सिंह निश्चित रूप से सेंट स्टीफंस कॉलेज के सबसे प्रसिद्ध ओलंपियन हैं। उन्होंने 1960, 1964, 1968, 1972 और 1980 ओलंपिक में शूटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रसिद्ध खेल प्रशासक और सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रणधीर सिंह ने भी 1968 से 1984 तक पांच ओलंपिक खेलों में भाग लिया। एक असाधारण निशानेबाज, मनशेर सिंह ने 2004 और 2008 ओलंपिक में भाग लिया। रणधीर सिंह और मनशेर सिंह ने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाई की और वहां अपनी शूटिंग कौशल को निखारा। मनशेर जॉय सिंह डबल ट्रैप और ट्रैप में विशेषज्ञ हैं। 2008 के ओलंपिक खेलों में, वे ट्रैप क्वालीफिकेशन में पहले स्थान पर रहे। इसके अलावा, उनके पास एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के अनेक पदक हैं। 1994 में विक्टोरिया, ब्रिटिश कोलंबिया में राष्ट्रमंडल खेलों में, उन्होंने ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है कि इसके छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि खेल और अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और आदर्श नागरिक बनें। यह अपने यहां पढ़ने वालों को हर संभव सुविधा प्रदान करते हैं। इसी दृष्टिकोण के साथ, सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल, जो हाल ही में दिल्ली-सोनीपत सीमा पर स्थापित हुआ है, विभिन्न खेलों के लिए, आधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारत के लिए भविष्य के ओलंपियन तैयार करना है।

रोम खेलों के दौरान, सेंट स्टीफंस कॉलेज में गणित के प्रोफेसर रणजीत भाटिया ने मैराथन में भाग लिया था। 2000 के सिडनी ओलंपिक में, सेंट स्टीफंस कॉलेज के पीयूष कुमार ने 4×400 मीटर रिले दौड़ में भाग लिया था, और संदीप सेजवाल ने 100 और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धाओं में भाग लिया था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की पूर्व छात्रा, टेबल टेनिस खिलाड़ी नेहा अग्रवाल ने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में भाग लिया था। अब बात कर लें अश्वनी कुमार जी की। वे भारत में ओलंपिक खिलाड़ियों की भावी पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। वे बीएसएफ के दूसरे महानिदेशक थे। उन्होंने 1972 के म्युनिख ओलंपिक के बाद ओलंपिक खेलों के सुरक्षा पहलुओं की निगरानी की थी। वे मॉन्ट्रियल (1976), मॉस्को (1980), लॉस एंजिल्स (1984), बार्सिलोना (1992), अटलांटा (1996) और सिडनी (2000) खेलों की सुरक्षा टीम का नेतृत्व कर रहे थे। 1972 के म्युनिख ओलंपिक खेलों में फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने ओलंपिक गांव पर हमला करके इजराइली टीम के दो सदस्यों को मार भी डाला था। म्युनिख के बाद, ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलंपिक खेलों को बिना किसी अप्रिय घटना के आयोजित करने की मांग उठने लगी थी । तब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अश्वनी कुमार से खेलों के सुरक्षा पहलुओं की देखभाल करने का अनुरोध किया। आईओसी को पता था कि वे पुलिसिंग जानते हैं। हॉकी प्रेमी और इम्पीरियल पुलिस (आईपी) अधिकारी (अब भारतीय पुलिस सेवा), अश्वनी कुमार ने म्युनिख के बाद के ओलंपिक खेलों में, ओलंपिक गांवों और स्टेडियमों सुरक्षा को कड़ा किया था। यह भी सच है कि बढ़ी हुई सुरक्षा ने उस उत्सवपूर्ण और खुले माहौल को कम कर दिया जो ओलंपिक का मूल है।

## रामचरित मानस की बात ही निराली है

हृदयनारायण दीक्षित

यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में रामचरितमानस को एशिया पेसिफिक की 20 धरोहरों में शामिल किया गया है। रामचरितमानस पूरे विश्व में श्रद्धा के साथ पढ़ी जाती है। वैसे श्रीराम से जुड़ी घटनाओं पर राम कथा में अनेक ग्रंथ लिखे गए हैं। श्री वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण रामकथा का उत्कृष्ट ग्रंथ है। 20 हजार से अधिक श्लोकों में विस्तृत रामायण सारी दुनिया में चर्चित है। रामायण और महाभारत को भारत में महाकाव्य कहा जाता है। रामायण और महाभारत में दर्शन है, इतिहास है। तमाम प्रभावशाली आख्यान भी हैं। लेकिन रामचरितमानस की बात ही दूसरी है। रामचरितमानस में भक्ति है, परम सत्ता के प्रति समर्पण है। यह सीधी-सादी सरल भाषा में लिखी गई प्रतिष्ठित संरचना है। इसकी भाषा प्रवाहमान है, सरल है, बिना प्रयास के ही मस्तिष्क से हृदय में पहुंच जाती है। इसकी कथा ज्ञान और भक्ति से भरी पूरी है। तुलसीदास ने स्वयं इस कथा को लोकमंगल का दाता बताया है। मानस बालकांड 6 में तुलसीदास जी ने लिखा है, कवि न होउँ नहिं चतुर कहावउँ। मति अनुरूप राम गुन गावउँ। कहँ रघुपति के चरित अपारा। कहँ मति मोरि निरत संसारा। यहां विनम्रता का चरम है।

रामचरितमानस भक्ति भाव का ग्रंथ माना जाता है लेकिन तुलसीदास दार्शनिक स्तर पर वेदांती हैं। वे मानस की रचना की शुरुआत में उपनिषदों वाले ब्रह्म की चर्चा करते हैं, एक अनीह अरूप अनामा। अज सच्चिदानंद पर धामा। ब्यापक बिस्वरूप भगवाना। तेहिं धरि देह चरित कृत नाना-परमेश्वर एक हैं। वे इच्छारहित हैं। उनका कोई रूप और नाम नहीं है। वे अजन्मा हैं। सच्चिदानंद हैं। परमधाम हैं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। विश्वरूप हैं। उन्हीं भगवान ने दिव्य शरीर धारण करके अनेक प्रकार की लीला की है। ब्रह्म अशरीरी हैं। रूप रहित हैं। सर्वत्र हैं। यह सर्वत्र उसके भीतर भी व्यापक है। वेदांतियों के लिए यह अजन्मा भले ही परमधाम हो लेकिन तुलसीदास इस विराट ब्रह्म को जन्म लेता हुआ देखते हैं। लिखते हैं कि वह भक्तों के हित के लिए शरीर धारण करता है। लीला करता है।

तुलसी समाज के कवियों को प्रणाम निवेदन करते हैं-कलिके कबिन करउँ परनामा। रामकथा गाने वाले सभी कवि तुलसीदास के लिए प्रणम्य हैं। काव्य के स्तर पर वेद पुराने हैं। तुलसीदास वेदों की प्रतिष्ठा से परिचित हैं। वे वेदों की वंदना भी करते हैं। कहते हैं, बंदउँ चारिउ बेद-वेद रामचरितमानस से प्राचीन हैं। संसार विजयकामी है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में युद्ध में विजय के लिए जरूरी रथ का उल्लेख किया है। तुलसी कहते हैं, रावनु रथी बिरथ रघुबीरा/देखि बिभीषन भयउ अधीरा-रावण रथ पर है और श्रीराम रथहीन। विभीषण दुखी थे, उन्होंने श्रीराम से कहा,नाथ न रथ नहिं तन पद त्राना/केहि बिधि जितब बीर बलवाना श्रीराम के पास न रथ है न कवच। जूते भी नहीं हैं। राम महानायक हैं। अयोध्या के राजकुमार हैं फिर भी रथ आदि का अभाव है। विभीषण के प्रश्न के उत्तर में श्रीराम कहते हैं, हे मित्र सुनो, जिस रथ से विजय होती है, वह रथ दूसरा ही है। श्रीराम युद्ध के मैदान में हैं। लेकिन युद्ध में भी वे राष्ट्रजीवन के आदर्शों की ही चर्चा करते हैं।

बताते हैं कि विजय रथ कैसा है, सौरज धीरज तेहि रथ चाका/सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका। बल बिबेक दम परहित घोरे/छमा कृपा समता रजु जोरे। श्रीराम कहते हैं कि,शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिए हैं। सत्य और शील रथ के ध्वज पताका हैं। बल, विवेक, इन्द्रिय संयम व परोपकार उस रथ के घोड़े हैं। ये घोड़े क्षमा, दया और समता रुपी डोरी से रथ में जुड़े हुए हैं। आगे कहते हैं, ईस भजनु सारथी सुजाना/बिरति चर्म संतोष कृपाना। दान परसु बुधि शक्ति प्रचंडा/बर बिग्यान कठिन कोदंडा-ईश्वर का भजन रथ का चालक है। वैराग्य ढाल है। संतोष तलवार है। बुद्धि प्रचंड शक्ति। विज्ञान धनुष है। यम और नियम बाण हैं। श्रीराम कहते हैं, एहि सम बिजय उपाय न दूजा-इसके अलावा विजय का कोई दूसरा मार्ग नहीं है। श्रीराम कहते हैं, जिसके पास ऐसा धर्ममय रथ है उसे जीतने के लिए कोई शत्रु ही नहीं है। रामचरितमानस में राष्ट्रजीवन की सभी मर्यादा रथ प्रतीक में सम्मिलित है। रामचरितमानस में सबसे अच्छा वर्णन रामराज्य का है।



## राशिफल

**मेष:-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुन:-** संबंधों में व्यवहार कुशल बनें। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

**सिंह:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कन्या:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर खुद की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकर:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कायरे की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीन:-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# आखिर क्यों धामी को आलोचना से कोई फर्क नहीं पड़ता?

अर्चना राजहंस



**राजनीति और पत्रकारिता की बात छोड़ भी दें तो ये बात आम लोगों को भी पता है कि उत्तराखंड के आरंभ से ही यहां की सबसे बड़ी कमी रही अस्थिर सरकार। बार-बार सरकार का गिरना इस प्रदेश के लिए घातक साबित होता रहा। एक समय ऐसा आया कि यहां के आला अफसर तक ये कहने लगे कि यहां तो पूर्व मुख्यमंत्री इतने हो गए हैं कि उतना इस प्रदेश को अस्तित्व में आए हुए नहीं हुआ। सोचिए, ये बात क्या हलके में ली जा सकती है। नहीं। अपने आप में यह बात भीतर तक हिला देने वाला है। एक प्रदेश अपने विकास और प्रगति के बारे में क्या सोच पाएगा अगर वहां की सरकार ही टिकाऊ नहीं है। ऐसे आलोचकों की कमी नहीं है, जो धामी की भरपूर निंदा करते हैं। कुछ नहीं तो केदारनाथ धाम के नाम पर ही लपेट लिया जाता है। लेकिन, आपको बता दें कि पिछले 24 सालों में जितने मुख्यमंत्री इस प्रदेश के नाम दर्ज हुए और उन सब ने जनता से जुड़ने के लिए, उन्हें मदद पहुंचाने के लिए जितनी उड़ानें भरीं और यात्राएं कीं धामी अकेले पिछले 3 सालों में उतनी यात्राएं कर चुके हैं और उतने लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुलझा चुके हैं।**

डबल इंजन सरकार के नाम पर जहां अन्य प्रदेश सरकारें हांफने लगती हैं वहीं धामी खुलकर बोलते हैं कि हां, उत्तराखंड में मोदी-धामी की डबल इंजन सरकार काम करती है। कहते हैं कैलाश में शिव अपने आराध्य नारायण और लक्ष्मी के साथ में विराजमान हैं जिन्हें बद्री विशाल के नाम से जाना जाता है। बद्री विशाल यानी पांडव अर्जुन, यानी ईश्वर का वो मूर्तिमान रूप जो चारों युगों में यहां विराजमान है। इसने सृष्टि को कई बार बनते बिगड़ते देखा है। 2013 में केदारनाथ में हुए हादसे के बाद ऐसा लगा था मानों अब केदार को फिर से बसा पाना संभव नहीं हो पाएगा, लेकिन हरि और शिव जहां स्वयं विराजमान हों वहां कैसा रुदन? केदार को संवारने जैसे दोनों स्वयं आ गए हों, मोदी और धामी के रूप में। कहते हैं उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार है। सच कहें तो यहां प्राकृतिक रूप से डबल इंजन सरकार है। इस पूरे प्रदेश को बद्री और केदार, शिव और हरि गार्ड करते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है। और वर्तमान में देखें तो उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार है। मोदी और धामी मिलकर भी गार्ड का काम ही करते हैं। कहते हैं कि आपदा कितनी भी बड़ी क्यों न हो, एक सॉलिड आदमी आपके साथ होना चाहिए। फिर आपदा-वापदा कुछ एक्जिस्ट नहीं करता। उत्तराखंड के लिए पुष्कर सिंह धामी वही सॉलिड आदमी हैं। इसलिए, लाख विपत्तियों के बावजूद ये प्रदेश खड़ा है और मुस्कुरा रहा है। अब तो इस प्रदेश से रस्की की खुशबू भी आने लगी है। इस सॉलिड आदमी के साथ एक और बहुत सॉलिड आदमी खड़ा है। जैसे कि शिव के साथ हरि। नाम तो जानते ही होंगे। जी हां, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

ये जोड़ी जय और वीरू की जोड़ी नहीं है। ये जोड़ी शिव और हरि की जोड़ी है। इन दोनों ने मिलकर इस प्रदेश को सबसे पहली चीज जो दी है वो है स्थिरता। राजनीति और पत्रकारिता की बात छोड़ भी दें तो ये बात आम लोगों को भी पता है कि उत्तराखंड के आरंभ से ही यहां की सबसे बड़ी कमी रही अस्थिर सरकार। बार-बार सरकार का गिरना इस प्रदेश के लिए घातक साबित होता रहा। एक समय ऐसा आया कि यहां के आला अफसर तक ये कहने लगे कि यहां तो पूर्व मुख्यमंत्री इतने हो गए हैं कि उतना इस प्रदेश को अस्तित्व में आए हुए नहीं हुआ। सोचिए, ये बात क्या हलके में ली जा सकती है। नहीं। अपने आप में यह बात भीतर तक हिला देने वाला है। एक प्रदेश अपने विकास और प्रगति के बारे में क्या सोच पाएगा अगर वहां की सरकार ही टिकाऊ नहीं है। ऐसे आलोचकों की कमी नहीं है, जो धामी की भरपूर निंदा करते हैं। कुछ नहीं तो केदारनाथ धाम के नाम पर ही लपेट लिया जाता है। लेकिन, आपको बता दें कि पिछले 24 सालों में जितने मुख्यमंत्री इस प्रदेश के नाम दर्ज हुए और उन सब ने जनता से जुड़ने के लिए, उन्हें मदद पहुंचाने के लिए जितनी उड़ानें भरीं और यात्राएं कीं धामी अकेले पिछले 3 सालों में उतनी यात्राएं कर चुके हैं और उतने लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुलझा चुके हैं। दरअसल, आलोचना और समालोचना में फर्क होता है। एक व्यक्ति की खिंचाई तभी तक हो सकती है जबतक वह व्यक्ति अयोग्य है और दिए गए कार्य में उसकी कोई रुचि नहीं है। अफसरशाही का मारा है। लेकिन, कई बार क्लास के उस बच्चे की तारीफ भी कर दी जानी चाहिए जो बड़े लगन से बेहतर करने का लगातार प्रयास कर रहा है।

कुछ नहीं तो कम से कम पुष्कर सिंह धामी ने इस जुमले को तो बदला कि उत्तराखंड में मुख्यमंत्री उतनी ही तेजी से बदलते हैं जितनी तेजी से यहां के मौसम बदलते हैं। पिछले कई सालों से पहाड़ ने सिर्फ अपना मौसम बदला है अपना मुख्यमंत्री नहीं। धामी का झंडा बुलंद है। धामी ने नई सरकार में तीन साल पूरे कर लिए हैं। डबल इंजन सरकार का तमगा अपने साथ लेकर चलने वाले धामी की दिक्कत क्या है ये तो आलोचक ही बता सकते हैं लेकिन जब एक राज्य कई स्तर पर पिछड़ रहा हो तो उसे किसी का सहारा ले लेना चाहिए और इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। धामी ने केंद्र की मोदी सरकार से हर मामले में मदद ली। चाहे वो ऑल वेदर रोड का मामला हो, चाहे इनवेस्टर समिट करके राज्य के टूरिज्म को बढ़ावा देने का मामला हो या फिर बेरोजगारी का, यहां तक कि छोटे-मोटे हादसे और आपदा में भी धामी बिना किसी देरी के केंद्र से मदद मांग लेते हैं। शायद इसलिए कि उनकी प्राथमिकता कुछ और है। कुछ और मतलब पहले राज्य की जनता और राज्य में आए हुए टूरिस्ट और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा। आलोचकों से धामी सिर्फ इतना कहते हैं, मैं अपना काम कर रहा हूं और उन्हें ये कबूलने में भी झिझक नहीं होती कि उनके हां डबल इंजन की सरकार है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# लाल सोने की ललक में अवैध खनन जारी

▸ स्योंढी के गाटा सं 520 में पट्टा नियमों के विपरीत गरज रहीं भारी भरकम मशीनें

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम स्योंढी मौजा की निजी भूमि के गाटा संख्या 520 में एक बालू कारोबारी पट्टा नियमों को ताक में रखकर भारी भरकम मशीनों से बेखौफ होकर अवैध खनन कर रहा है। जागरुक ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और खनिज अधिकारी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने की आशंका जताते हुए उक्त पट्टा की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

बता दें कि ग्राम स्योंढी मौजा के गाटा संख्या 520 में लाल सोने की ललक में धरती का सीना चीर खनिज नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सरकारी टेंडरों के माध्यम से थाना क्षेत्र के ग्राम स्योंढी मौजा में किसान की कृषि भूमि पर बालू की जमी परत को हटाकर कृषि योग्य बनाने के लिए बालू खनन का पट्टा स्वीकृत किया गया है। सरकारी नियमों के अनुसार बालू पट्टा क्षेत्रीय किसानों को देने का प्रावधान है. लेकिन इसका सीधा फायदा खनन माफिया उठा रहे हैं. क्योंकि भारी-भरकम नियमावली फाइलों के वजन को ढोने की कूवत भोले भाले किसानों में रह नहीं गई. अतः खनिज माफिया नियमों को दरकिनार कर किसानों के पट्टे की जमीन पर पोकलैण्ड मशीनों से बालू खनन कर रहे हैं और राजस्व विभाग को प्रतिदिन लाखों का चूना लगा रहे हैं। बालू हटाकर कृषि योग्य समतल भूमि करने हेतु शासन द्वारा अनुमति दी गई जिस का भरपूर लाभ बालू ठेकेदार उठा रहे है. खनिजों को ताक पर रखकर खुलेआम भारी भरकम मशीनों का प्रयोग कर बालू निकाल रहे हैं. उक्त पट्टा पर तय मानक से अधिक गहराई से बालू का खनन किया जा रहा है. उक्त पट्टा के बालू कारोबारियों की पट्टा नियमों के विपरीत कार्य शैली को जागरुक ग्रामीणों ने विरोध करते हुए जिलाधिकारी व खनिज अधिकारी से जांच कर कार्यवाही की मांग की है। जब इस बाबत खनिज अधिकारी से फोन पर बात करनी चाही तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।



### ओवर लोडिंग से गांव की मुख्य सड़क गायब

पनवाड़ी दोमुना मुनाफे की लालसा में गाटा संख्या 520 से निकलने वाली बालू को उक्त कारोबारी ओवरलोड ट्रकों में भरकर बाहर बेचने का काम कर रहे है जिस कारण गांव की पक्की सड़क मिट्टी में मिल भारी भारी गड्ढों में तब्दील हो गई है। पढ़ने वाले बच्चों को विद्यालय जानें में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य सड़क का आलम ये है कि कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को विद्यालय भेजना ही बंद कर दिया है। गांव के जागरुक ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों का ध्यान पानी और कीचड़ से लबालब गड्ढा युक्त सड़क की ओर आकृष्ट कराया है।

## सल्फास खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के किशोर युवक द्वारा सल्फास खा लेने पर आनन.फानन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिगहना निवासी राजू 17 पुत्र पंखी कुशवाहा ने सूने घर में सल्फास जैसा जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनंन.फानन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ग्राम प्रधान सोहेल अहमद ने बताया कि युवक नशे का आदि है इस समय वह हमीरपुर से रेफर कर कानपुर भेज दिया गया है।

## गड़ा धन खोदने के शक में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस ने शुरू की पूछताछ



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

चरखारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरखा में कंचनपुरा ग्राम सभा बंजर भूमि पर बने एक देव स्थल पर गड़े धन की खुदाई कर रहे संदिग्धों की सूचना एक ग्रामीण ने डायल 112 पुलिस को दी जिस पर कुलपहाड़ क्षेत्र की पीआरवी 5818 के कमांडर शिवनारायण सिंह, रूपसिंह आदि की टीम मौके पर पहुंची जहां पर फावड़ा, गेती लिए दो संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर कोतवाली चरखारी में अग्रिम पुछताछ के लिए सौंपा। इंचार्ज थाना प्रभारी मधुरेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मौके पर देखा तो कंचनपुरा स्थित देव? स्थान पर अभी कोई खुदाई नहीं मिली पकड़े गए व्यक्तियों का कहना है कि वह बटाईदार है अपने खेत की सफाई कर रहें थे, पुलिस के कहने पर वह तुरंत थाना चलने के लिए तैयार हुए हैं।

## खबरें एक नजर में

### भगा कर ले जाने के बाद धर्म परिवर्तन कर निकाह किया, डीएम से शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर के पिता ने जिलाधिकारी को तहरीर देकर अवगत कराया कि नगर का एक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसला 15 दिन पूर्व भगा ले गया था उसके बाद आरोपी ने उसकी पुत्री पर दबाव बना उसका धर्म परिवर्तन करवा उसके साथ निकाह कर लिया है। पीड़ित ने अपनी पुत्री के साथ किसी अनहोनी होने की आशंका व्यक्त करते हुए जिला अधिकारी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।मौदहा निवासी एक युवक ने संपूर्ण समाधान दिवस पर जिला अधिकारी राहुल पांडे को बताया कि 15 दिन पूर्व नगर का एक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ लिवा ले गया था जहां उसने कानपुर के तलाक महल में उसकी पुत्री को डरा धमका व उस पर दबाव बना उसका धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम रीति रिवाज से उसके साथ निकाह कर लिया है। पीड़ित इस घटना के बाद सहमा हुआ है उसे मुस्लिम परिवारों द्वारा अपने तथा अपनी पुत्री के ऊपर किसी अनहोनी घटना होने की आशंका बनी हुई है। पीड़ित ने जिला अधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाही की मांग की है।

### ग्राम पंचायत सचिव ने 6 हजार रुपये मांगा रिश्वत, पीड़िता ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिया शिकायती पत्र

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** परिवार रजिस्टर नकल में नाम दर्ज करने व नकल देने के लिये ग्राम पंचायत सचिव ने 6 हजार रुपये की मांग की है।पीड़िता ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। शनिवार को गिदीर निवासी आफ़त पुत्र बाहर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिये गए शिकायती पत्र में यह आरोप लगाया है कि वह अपने परिवार का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज करने के ग्राम पंचायत सचिव से सम्पर्क किया तो ग्राम पंचायत सचिव ने नाम दर्ज करने के नाम पर सुविधा शुल्क 6 हजार रुपये की मांग की गई पीड़िता ने ग्राम पंचायत सचिव पर कार्यवाही की मांग की है।

### आधार कार्ड बनाने के नाम पर बीआरसी केंद्र पर पैसे लेने के आरोप



**बछरावां, समृद्धि न्यूज।** बछरावां बीआरसी केंद्र पर आधार कार्ड पंजीकरण अपडेट करने के नाम पर लोग लगातार कई हफ्तों से वापस हो रहे हैं। क्योंकि बीआरसी केंद्र पर शुक्रवार तथा शनिवार को ही आधार कार्ड बनाने का कैंप लगाया जाता है। वहीं जिन लोगों का आधार कार्ड बनता है उनसे डेढ़ सौ रुपए अवैध रूप से वसूली की जा रही है। चूरूवा निवासी तेजपाल ने बताया कि वह आधार कार्ड अपडेट करने के लिए लगातार 5 दिनों से आ रहे हैं परंतु उनका आधार कार्ड अपडेट नहीं किया जा रहा है। तथा डेढ़ सौ रुपए भी आधार कार्ड अपडेट पंजीकरण कराने के नाम पर वसूले जा रहे हैं। सब्जी निवासी राजा पांडे ने बताया कि शनिवार को वहां फिंगर अपडेट करने आए थे जहां उनसे डेढ़ सौ रुपए लिए गए। जहांगीराबाद निवासी रामकरण ने बताया कि वह अपनी फोटो अपडेट करने के लिए शनिवार दोपहर बिशनपुर में बीआरसी केंद्र फोटो अपडेट करने के नाम पर डेढ़ सौ रुपए लिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि नए आधार कार्ड छात्र-छात्राओं के निशुल्क बनाए जा रहे हैं अगर कोई वसूली हो रही है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 35 साल बाद हत्या का अभियुक्त दोषमुक्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने शुक्रवार को अति प्राचीन 35 साल पुराने विचाराधीन मुकदमें में निरूद्ध हत्या के एक अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया है। अभियुक्त को लीगल एंड काउंसलिंग सिस्टम के तहत महज ढाई महीने में निःशुल्क पैरवी कर दोषमुक्त करार दिया गया है ।जनपद लखीमपुर खीरी के थाना निघासन क्षेत्र के ग्राम लोलियनपुरवा निवासी अभियुक्त घड़ीराम हत्या के मामले में उसका मुकदमा 35 साल से विचाराधीन चल रहा था। इस दौरान अभियुक्त की जामनत तो हुई, लेकिन उसके बाद वह पेशी में न पहुंचने के चलते वारंट जारी कर उसको जेल भेज दिया गया था। अभियुक्त काफी गरीब व असहाय था। उसकी पैरवी करने वाला कोई नहीं था। वह काफी समय से जेल में निरूद्ध था। ऐसी स्थित में अभियुक्त की ओर से विधिक सहायता के लिए ढाई माह पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में अर्जी दी गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए प्रधिकरण के सचिव व अपर जिला जज विरोट शिरोमणि ने मुकदमें में अभियुक्त की पैरवी करने के लिए चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल मुन्नूलाल मिश्रा की अगुवाई में टीम की नियुक्ति की थी। प्रचीन मुकदमें के विचारण को प्राथमिकता के आधार पर न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा द्वितीय की कोर्ट पर टीम ने मुदकमें में पैरवी करते हुए ढाई माह में सुनवाई पूरी करते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को अभियुक्त को दोषमुक्त कर रिहा करने का आदेश जारी किया है। बता दें कि दीवानी न्यायालय के विभिन्न कोर्ट पर ऐसे कई मामले विचाराधीन चल रहें हैं, जिनके मुकदमों के अभियुक्त के परिजन नहीं हैं। परिजनों के आभाव में उनके मुकदमों की पैरवी नहीं हो पा रही थी। मामले में जिला विधिक प्राधिकरण अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीशी उत्कर्ष चतुर्वेदी के प्रयासों के बाद प्राधिकरण के तत्वाधान में लीगल डिफेंस काउंसलिंग सिस्टम की स्थापना की गई थी। कांउसलिंग सिस्टम की टीम में मुन्नूलाल मिश्रा को चीफ मनोनीत कर डिप्टी एलएडीसी फिरोज अहमद खां, प्रशांत शुक्ला, ऋषभ पाठक को मनोनीत किया गया था।

## आकाशीय बिजली से बचाएगा दामिनी-सचेत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने/वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं जिससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाए प्रायः होती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाय ताकि वज्रपात से जनहानि न होने पाये उन्होंने कहा है कि जनसामान्य अपने मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग भारत सरकार द्वारा विकसित दामिनी एप एवं सचेत एप डाउनलोड करें जिससे वज्रपात की पूर्व सूचना मिल सके और वज्रपात से बचा जा सके। जिला आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह ने जनसामान्य को बचाव के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, लैण्डलाइन एवं विजली के उपकरणों का उपयोग न करें, खुल वाहनों मे सवारी न करें। दामिनी ऐप लगभग 20 से 40 किमी के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन प्रेषित करता है जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेगा। इसलिए स्वयं के मोबाइल में दामिनी एप डाउनलोडकरने के साथ ही जनसामान्य को भी इस अति उपयोगी दामिनी एप के बारे में बताएं जिससे वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके तथा वज्रपात से होने वाली क्षतियों को न्यूनीकृत किया जा सके।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस : 30 शिकायतें दर्ज, दो का हुआ निस्तारण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, सीडीओ चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 72 में से 6 तथा सदर तहसील में उपजिलाधिकारी जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 43 में से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।

अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

## साहब जल जीवन मिशन से सिर्फ कागजों में पिलाया जा रहा पानी

▸ सायर गांव के लोगों ने डीएम के सामने योजना की खोली पोल

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी के पहुंचने 142 शिकायते दर्ज की है,जिसमे सिर्फ पांच शिकायतो का निस्तारण किया गया।

सायर गांव निवासी एक दर्जन से अधिक महिलाएं एवं पुरुषों ने नमामि गंगे योजना के द्वारा गांव में पीने का पानी न मिलने की शिकायत करते हुए जिलाधिकारी को बताया कि नमामि गंगे परियोजना की जिंदल कंपनी द्वारा अपूर्ण कार्य करके पूर्ण कर हो जाने का फर्जी दावा किया जा रहा है और गांव वाले बूंद बूंद पानी के लिए बेहाल घूम रहे हैं।इसी प्रकार खैर के डेरा गांव निवासी एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मार्च के महीने में जिलाधिकारी के द्वारा आश्वासन देने के बावजूद अभी तक गांव में सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया

जिससे वहां के वासिदों एवं छात्र.छात्राओं को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और बरसात के समय यदि कोई बीमार पड़ जाता है तो चारपाई में लेकर तीन किलोमीटर तक हमें पैदल चलना पड़ता है जल्दी समस्या का समाधान न होने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी। जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विवेक चंद्र ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि नगर के छिमौली रोड स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय की बिल्डिंग बनकर तैयार खड़ी है और 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक वहां कक्षाएं संचालित नहीं हो रही है जिससे नौ निहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है कक्षाएं संचालित करने की जोरदार मांग की है समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर में बने एमआरएफ सेंटर पर पहुंच रख रखाव एवं साफ सफाई के करने निर्देश देते हुए पौधारोपण भी किया पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा एवं जिला स्तर के सभी अधिकारी सहित उपजिलाधिकारी राजेश चन्द्र क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कैम्प लगाकर ऋण वसूली की सात लोगों को जारी की चेतावनी नोटिस



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के रहमानियां मदरसा में अल्पसंख्यक अधिकारी ने कैम्प लगा कर लोन वसूल किया और और जमा करने वाले को उत्साहित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर बाद अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने कस्बे के मदरसा रहमानिया स्कूल में अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास लोन की वसूली कैंप लगाकर किया शेष बचे बकायेदारों को अगले कैंप में जल्दी बकाया की रकम जमा करने के निर्देश दिए। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि 36000 रु. कैंप लगाकर वसूली की गई और अगले कैंप में वसूली के निर्देश जारी किए गए। कैम्प में करुमुद्दीन निवासी रागौल, रहीमुद्दीन निवासी कम्हरिया,अबरार निवासी सिचौलीपुरवा समेत चार लोगो ने ऋण की राशि जमा की है शेष सात लोगो को चेतावनी नोटिस दी है। पिछड़ावर्ग अधिकारी ने कहा कि यदि ऋण की धनराशि न जमा की गयी तो कार्यवाही की जायेगी।

## डीसी ने शिक्षिका से की अभद्रता

▸ बेहोश होने पर अस्पताल में भर्ती
▸ डीसी ने मांगी सार्वजनिक माफी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पहले सरीला ब्लाक के कन्या प्राथमिक विद्यालय जलालपुर में आज डीसी हरीश कुमार ने निरीक्षण किया जिसमे उन्होने शिक्षिका अभद्रता करते हुये जमकर डाटा जिससे शिक्षिका बेहोश हो गयी बाद में उसी सीएचसी में भर्ती कराया गया,हालाकि बीएसए ने डीसी से जवाब तलब किया है और सार्वजनिक रुपसे स्टाफ से माफी मगवायी है.जानकारी के मुताबिक डीसी हरीश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान शिक्षिका पल्लवी पुरुवार से अभद्रता करते हुये जमकर फटकार जिससे शिक्षिका गश खाकर गिरगयी उसकी बीपी लो हो गया। स्टाफ के लोगो ने शिक्षिका को सीएचसी सरीला में भर्ती कराया गया जानकारी होने के बाद खंड विकास अधिकारी मौके पर पहुच कर जांच पडताल की जांच में डीसी दोषी पाया गया । बीएसए ने डीसी से समस्त स्टाफ के सामने माफी मगवायी। जवाब तलब करने के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है। बताया जाता है कि डीसी इसके पहले भी कई लोगो से अभद्रता कर चुका है। शिक्षको का कहना है कि यदि बीएसए ने सेवा नही समाप्त की तो किसी समय कोई बवाल हो सकता है। इस मामले की शिक्षक संघ ने कड़ी आलोचना की है।

## जांच में तीन कमरे में संचालित हो रहा था मेडिकल कालेज व ट्रेनिंग सेंटर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ डिप्टी सीएमओ ने छापा मारकर की कार्यवाही, एनजीओ संचालक की करतूत का हुआ पर्दाफाश



आज स्थानीय हमीरपुर शहर से सटे भिलावा मोहाल में डिप्टी सीएमओ डा .संजय कुमार ने परमलाल सेवा संस्थान में जाकर औचक छापा मारा जिसमे अवैध पैरा मेडिकल कालेज व ट्रेनिग सेंटर संचालित होते हुये पाया गया। जांच अधिकारी ने कहा कि एक एनजीओ मेडिकल कालेज व ट्रेनिंग सेंटर संचालित नही कर सकता है।

जानकारी के मुताबिक डिप्टी सीएमओ ने शिकायत के आधार पर भिलावा मौहाल स्थित परमलाल सेवा संस्थान में निरीक्षण कर जिसमे एक महिला कर्मी ट्रेनिंग की डिग्री के अभिलेख तैयार कर रही थी। जो पूरी तरह गैरकानूनी था। इसी प्रकार एक डाक्टर को प्रैक्टिस करते पाया गया जिसका सीएमओ कार्यालय में कोई रजिस्ट्रेशन नही था। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि संस्थान के एसके चक्रवर्ती ने बताया कि वह एक एनजीओ संचालित करते है मगर एनजीओ को पैरामेडिकल कालेज संचालित करने व ट्रेनिंग स्कूल चलाने का कोई अधिकार नही है। उनका कहनाहै कि संस्थान में केवल तीन कमरे थे इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतनी कम स्थान में कैसे क्या संचालित हो सकता है। यहा से कई फर्जी दस्तावेज भी बरामद किये गये है। जांच अधिकारी का कहना है कि मामला गंभीर है इस प्रकरण को वह सीएमओ के माध्यम से शासन को पत्र लिखाये गये स्थानीय स्तर पर जो कार्यवाही होगी वह तो की जायेगी। इसके बाद जांच अधिकारी डा.संजय इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक डा. दिनेश निषाद के यहा गये जिसमे सब कुछ ठीक ठाक पाया गया उन्होने कहा कि वह केवल इलेक्ट्रो होम्यो पैथिक की पद्दति से ही चिकित्सा करे।इस मामले की जानकारी उन्होने सीएमओ डा गीतम सिंह को दे दी है। डिप्टी सीएमओ का कहना है कि ज्यादातर लोग जिले में मेडिकल लाइन को मजाक बना कर रखा है जांच पडताल कर सब बंद कराया जायेगा किसी भी प्रकार से मरीजो के सेहत के साथ खिलावाड़ नही होने दिया जायेगा। सोमवार को अन्य स्थानों में भी छापा मार कार्यवाही की जायेगी। कुछ लोग मेडिकल स्टोर खोलकर उसमे मरीजों का उपचार करते है वह गलत है मेडिकल स्टोर संचालक उपचार नही कर सकता है।

## भूमाफिया ने अपनी जमीन बताकर बेंच डाली मरघट व ग्राम समाज की जमीन

▸ डीएम के सामने सबूत पेश करने पर सभी लोग भौचक्के

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मौदहा विकास खण्ड के ग्राम.नायकपुरवा में एक दबंग भूमाफिया ने गांव की हरिजन बस्ती व मरघट की जमीन दूसरे को बिक्री कर दी है ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत डीएम से की है।

ग्रामीणो ने एसडीएम को बताया कि गांव के अवधेश दिवेदी ने सरकारी भूमि को अपनी निजी भूमि बताकर सरकारी जमीन हरिजन आबादी की जमीन बिक्री कर दी है ग्रामीणों ने उसके सभी सबूत भी पेश किये है। वही खेतो में जाने वाले रास्ते चकरोड़ को अपनी निजी भूमि बता कर अवैध कब्जा कर रखा है जिसमें किसानों को अपने खेतो में आने जाने में परेशानी होती है। अगर कोई निकलता है तो अपनी निजी भूमि बता कर रखा है कब्जा निकलने पर लोगों को धमकी देते हैं इस संबंध में पहले भी शासन को अवगत करा चुके है पर रास्तो से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है स इतना ही नहीं दबंगो ने ग्राम पंचायत की हरिजन आबादी वाली भूमि को सौखीलाल प्रजापति, रामकिशोर, देवीदीन, बच्चा जयराम रैकवार सहित दर्जन भर से अधिक प्लाट बना बेच दिया है इसी प्रकार मरघट की भूमि गाटा संख्या 349६2 को संतराम भगवान दीन अनुरागी, भोलाए बिलासी प्रजापति आदि को भूमि पर भी कब्जा कर बेच दिया है। रास्ते को बंधी डलवा कर बन्द कर दिया है स वही फर्जी कागज दिखा प्रसाशन व लेखपाल को भ्रमित करता है इस संबंध में तहसीलदार मौदहा मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नायबतहसीलदार क़ानूनगो व लेखपाल की टीम बना जांच करा विधिक कार्यवाही की जायेगी


### आरोप- मछली पकड़ने के बहाने घर से ले जाकर युवक की कर दी हत्या,शव बरामद

**मौदहा, हमीरपुर।.** क्षेत्र के ग्राम डीहा डेरा के समीप श्याम नाले में शुक्रवार की रात मिले अज्ञात शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक के परिजनों ने उसे मछली मारने के लिए घर से लिवा जाने वाले मोहल्ले के नगर के दो युवकों पर हत्या करने का आरोप लगा कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

गांव के समीप एक अधेड़ का शव तैरता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस में मौके पर पहुंच शव को नाले से निकलवा उसके शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। देर रात मृतक के पुत्र नसीम खान ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को अपने पिता के रूप में पहचान किया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। नसीम खान ने बताया कि 31 जुलाई की रात जब वह पिता समेत घर में मौजूद था तभी नगर के चौधराना निवासी बालादीन व रामचरण मोटरसाइकिल से उसके घर आए और नदी में मछली का शिकार करने की बात कह उसके पिता को अपने साथ लिवा ले गए। शुक्रवार की शाम उसे फोन द्वारा सूचना मिली कि उसके पिता का शव श्याम नाले में पड़ा है तब वह अपने परिजनों समेत घटनास्थल पर पहुंचा जहाँ पिता का शव देखते ही नसीम व उसके परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के बेटे नसीम खान अपने पिता को घर से लिवा जाने वाले बालादीन व रामचरण पर अपने पिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है। इस घटना को लेकर कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद हत्या का कारण स्पष्ट हो जाएगा

## सपा कार्यकर्ताओं ने माता प्रसाद पांडे का किया स्वागत

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा सत्र समाप्त होने के पश्चात लखनऊ से वापस अपने आवास को जाते समय नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे का उतरौला विधानसभा क्षेत्र में तहसील के सामने स्थित सपा कार्यालय पर सपा नेता समाजसेवी व चिकित्सक डॉक्टर एहसान खान ने अपने समर्थकों के साथ फूलमाला पहनकर उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही समाजवादी पार्टी का चुनाव चिन्ह साइकिल व साल भेंट किया।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की नहीं, पूंजीपतियों की सरकार है। सरकार ने गरीबों का हक पूंजीपतियों को दे दिया है। अब गरीबों के हिस्से की नजूल की भूमि पूंजीपतियों को देना चाहती है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को जितना बजट मिलना चाहिए उतना यह सरकार नहीं दे पा रही है। शिक्षामित्रों,अनुदेशकों सहित सभी संविदा कर्मियों का यह सरकार शोषण कर रही है। इस महंगाई के दौर में बेहद कम मानदेय पर उनसे काम लिया जा रहा है। परिषदीय विद्यालयों को सभी सुविधाओं से लैस कराए बगैर ही शिक्षकों पर ऑनलाइन हाजिरी थोपी जा रही है। संविदा कर्मियों के मानदेय बढ़ाने समेत अन्य मांगों को सदन में रखा गया है। उन्होंने कहा कि सपा हमेशा दबे कुचलों के हक के लिए लड़ाई लड़ी। उनके उत्थान के लिए काम किया। अखिलेश यादव अगड़े, पिछड़े सभी के नेता हैं। और सभी के हित के लिए हमेशा लड़ाई लड़ते हैं। भाजपा सरकार जनता की बजाय पूंजीपतियों के हक में काम कर रही है। गरीबों के हक पूंजीपतियों को दे रही है। कहा की भाजपाई डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार केवल जुमले हैं। सरकार हर मुद्दे पर फेल साबित हो रही है। इनके इंजन आपस में टकरा रहे हैं। पूरे प्रदेश में बिजली के लिए लोग तरस रहे हैं। लोग और किसान पानी के लिए परेशान हैं। इसके बावजूद भाजपा के मंत्री पूरे देश में बिजली की कोई कमी नहीं होने का झूठा दावा कर रहे हैं।

डॉक्टर अताउल्लाह खान, डॉ रफीउल्ला खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख जमाल अख्तर जद्दन खा, मोहम्मद समी, डॉ सल्लू रायनी, विजय पाल वर्मा, राहुल पांडे, मोहम्मद अबरार खान, मोहम्मद उमर खान, मोहम्मद हनीफ खां, अकरम खान, अखिलेश यादव, नरसिंह यादव, मोहम्मद अलताफ,अतीक खान, सिराजुद्दीन, इसरार खां, तैमूर खान, सलाहुद्दीन, मुनीर पाशा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने आरओ प्लांट का किया उद्घाटन

**बोले, अन्नपूर्णा स्टोर खुल जाने से अब लोगों को राशन प्राप्त करने के लिए किसी के दरवाजे नहीं जाना पड़ेगा**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत द्वारा शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवो में कराएंगे विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। क्षेत्रीय विधायक ने अंसारी ग्राम पंचायत में जहाँ क्षेत्र पंचायत द्वारा लगाए गए आर ओ प्लांट का वही किल्ला स्थित किल्लेश्वर महादेव मंदिर के पास लगाई गई इंटरलॉकिंग रोड का लोकार्पण किया।



इसके बाद हैदरगढ़ विकास क्षेत्र के करौंदी गांव पहुंचे विधायक दिनेश रावत ने मनरेगा योजना से बनाए गए अन्नपूर्णा स्टोर का लोकार्पण किया और अन्नपूर्णा स्टोर की चाबी कोटेदार राम आधार को सौंपी। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि अन्नपूर्णा स्टोर खुल जाने से अब लोगों को राशन प्राप्त करने के लिए किसी के दरवाजे नहीं जाना पड़ेगा और सरकारी भवन से ही लोगों को सही ढंग से राशन उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भवन के माध्यम से सरकार की मंशा जन सेवा केंद्र की सुविधा उपलब्ध कराने की भी हैं। निकट भविष्य में जन सेवा केंद्र की सुविधा उपलब्ध हो जाने पर लोगों को अपने जाति आय निवास सहित तमाम प्रमाण पत्र के लिए गांव से बाहर भी नहीं जाना पड़ेगा अपने गांव में ही प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर बाबा प्रेमदास कोटि के महंत लालता दास जी महाराज, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि आनंद कुमार सिंह अलगू,पूर्ति निरीक्षक प्रभास त्रिपाठी ग्राम पंचायत सचिव पवन कुमार ग्राम प्रधान उदय प्रताप सिंह समाजसेवी सुशील पटेल लंबरदार अंबर शरण जायसवाल उपस्थित रहे

इस अवसर खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया की विकास खण्ड में उच्च मानकता के आधार पर विकास कार्य कराए जायेंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों नहर में मिला किशोरी के शव

**जैदपुर बाराबंकी।** हरख नहर मे संदिग्ध परिस्थितियों में उतराता मिला एक किशोरी का शच मिला है। मामला थाना जैदपुर अंतर्गत ग्राम हरख निवासी विनय कि 14 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी का संदिग्ध परिस्थितियों मे हरख नहर मे उतरता मिलने से क्षेत्र में लोग तरह तरह के कयास लगा रहे हैं ग्रामीणो से मिली जानकारी 1 अगस्त को दिव्यांशी स्कूल से परीक्षा देकर वापस आने के बाद घर के मोबाइल से किसी से फोन पर बात कर रही थी। तभी बड़ी बहन दिव्या ने देख लिया। जिससे भयभीत होकर घर से बिना बताये चली गयी थी। आज सुबह लगभग 8 बजे किसी ग्रामीण ने हरख नहर में शव को उतराते देखा तो इसकी सूचना परिजनो को दी। परिजनो कि सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।



## योजना के तहत 238 छात्रों को मिला टेबलेट

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** इरम कॉलेज मेंलारायगंज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 238 छात्र एवं छात्राओं में टैबलेट का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर ख्वाजा सैयद बज्मी यूनुस ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक युग डिजिटल युग है इसमें सरकार का यह योगदान सराहनीय है उम्मीद है सभी छात्र और छात्राएं इस योजना का लाभ उठाएंगे और निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते जाएंगे ।इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अभय पांडे ने भी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा इस अवसर पर हिमांशु सिंह विशाल मिश्रा बद्री प्रसाद वर्मा आसमा खातून सत्येंद्र बाबू सुरेश कुमार मनोज कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में लगाये गए पौधे

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज बरदारी बाराबंकी में पौधशाला से प्राप्त नीम शीशम यूक्लिप्ट्स गोल्ड मोहर फालसा आदि विभिन्न पौधों का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गया प्रसाद दुबे कला संकाय के विभाग अध्यक्ष डॉ बृजेश सिंह कृषि संकाय के प्राध्यापक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार वर्मा कार्यालय अधीक्षक श्री अनुपम जायसवाल द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विभिन्न संकायों के छात्र छात्राओं ने भी वृक्षारोपण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर गया प्रसाद दुबे ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं।

# पत्रकार की बेटी बनी लेफ्टिनेंट किया गया सम्मानित

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ क्षेत्र स्थित एसबीएस पब्लिक इंटर कॉलेज नरौली की छात्रा द्वारा भारतीय सेना आर्मी मेडिकल कोर में चयन होने पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया। क्षेत्र के नरौली गांव निवासी पत्रकार एवं समाजसेवी बृजेश मिश्रा की पुत्री प्रज्ञा मिश्रा द्वारा (एमएनएस) में लेफ्टिनेंट रैंक हासिल करने पर विद्यालय के प्रबंधक हर्षित राजकुमार सिंह प्रधानाचार्य अरुण श्रीवास्तव ने छात्रा को पुष्पगुछ प्रदान कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र प्रज्ञा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्वर्गीय



अशोक कुमार सिंह एवं अपने शिक्षक शिक्षिकाओं तथा अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि इन्हीं लोगों के उचित मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मुझे यह स्थान मिला है इसके लिए मैं ईश्वर को धन्यवाद व्यापित करती हूं इस अवसर पर शिक्षक पवन सिंह प्रतिमा सिंह राम लखन पाल सुरेश पाल दीपचंद दुर्गेश शर्मा सुरेश यादव के अलावा आलेंद द्विवेदी गुड्डू मिश्रा सहित समस्त विद्यालय के अध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला ने अश्लील मैसेज भेजने वाले पर दर्ज कराया केस

**रामनगर, बाराबंकी।** पीड़ित महिला ने अश्लील मैसेज भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध पत्र देकर कोतवाल रत्नेश पांडे से शादी शुदा जिन्दगी को बचाये जाने की गुहार लगाई है।पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर क्षेत्र की निवासी एक पीड़ित महिला ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाये है। उसने पुलिस को दिये गये पत्र में कहा है कि मेरी एक वर्ष पूर्व पड़ोसी जिले से शादी हो चुकी है। मेरी जिन्दगी अच्छी भली चल रही है। अज्ञात व्यक्ति 9120359367 फोन नम्बर से 250 मैनेज कर सम्बंध बनाने का लगातार दबाव बना रहा है जिसके साथ धमकी भी देता है कि यदि ऐसा नहीं करोगी तो बच्चा पैदा करने लायक नहीं रहोगी। पीड़ित महिला ने उचित कार्यवाही की मांग की है।

# प्रथम संस्था ने महिलाओं को प्लंबिंग का दिया प्रशिक्षण



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक हरख के अब्दुलापुर पंचायत भवन पर प्रथम एजुकेशन फॉउंडेशन के द्वारा संचालित लाइवलीहुड कार्यक्रम के तहत जनरल प्लम्बिंग के क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जनरल प्लम्बर सेन्टर शुरू किया गया। जिसका शुभारंभ पंचायत की ग्राम प्रधान राकेश कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को बाजार माँग के अनुसार प्लम्बर का प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उनको बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। इस मौके पर नुजहत मलिक ने बताया की लड़कियां लड़कों से कम नहीं हैं। आज प्रत्येक क्षेत्र में लड़कियों और महिलाओं की भागीदारी अधिकतम देखी जा रही है जिसको लेकर प्रथम संस्था द्वारा क्षेत्र के लड़कियों को एकत्रित करके उन्हें प्लंबर से संबंधित ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

# पीड़ित छात्रा को मिलेगा न्याय, मिला आश्वासन

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**स्कूल की मान्यता व ड्राइविंग लाइसेंस सम्बधी कागजात दिखाए**

रामनगर बाराबंकी बी पी एन इंटरनेशनल एकेडमी के प्रबंधक ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे स्कूल संचालन सम्बन्धी कागजात देखें गए। इस दौरान विद्यालय की मान्यता शिक्षक कर्मचारी नियुक्ति पत्रावलियां बेसिक शिक्षा अधिकारी व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली तथा संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या द्वारा जारी प्रमाण पत्रों को दिखाया गया है। वाहन चालकों को बुलाकर उनके ड्राइविंग लाइसेंस चेक किए गये है शेष सभी प्रमाण प्रतियां मांगी गई है। जिसे जल्द ही उपलब्ध करा दिया जायेगा।

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने यूकेजी की छात्रा के साथ हुये छेड़छाड़ के मामले में पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने बी पी एन इंटरनेशनल एकेडमी पहुंचकर विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया।

मालूम हो कि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य त्रिपाठी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय जिला प्रवेशन अधिकारी पल्लवी सिंह के साथ शनिवार को यू के जी छात्रा के घर और विद्यालय पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बताते चलें आरोपों के तहत बी पी एन इ.ने.एकेडमी में एक वैन चालक के द्वारा 5 वर्षीय छात्रा के साथ हुये छेड़ छाड़ के मामले में पीड़ित परिजनों और स्कूल के शिक्षको कर्मचारियो तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजिका सहित स्कूल की मान्यता शिक्षकों चालकों की नियुक्ति आदि की फाइलों का अवलोकन किया। इसके बाद प्राथमिक उपचार पेटिका में रक्खी सभी दवाओं को भी देखा जिसमे एक सील पैक ट्यूब एक्सपायरी मिला। अध्यापकों की नियुक्ति फाइल में योग्यता अंक व प्रमाण पत्रों में हस्ताक्षर नही मिले।आरोपी चालक उमाकांत यादव के नियुक्ती एंव निष्कासन के पत्र को सुरक्षित कर लिया। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि प्रदेश के मुखिया महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए बहुत दृढ़ संकल्पित है। विद्यालय से सम्बंधित अभिलेखों की जांच की गई है। कुछ कागजात मौके पर नहीं मिले हैं।

जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है जब तक समस्त स्कूल संचालन संबंधी प्रपत्र नहीं मिल जाते हैं तब तक के लिए बच्चों के भविष्य के हित को देखते हुए अन्यत्र स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जाय। विद्यालय के जिम्मेदार लोगों से अभिलेख लिखित रूप से उपलब्ध कराये जाने के सख्त निर्देश दिये। हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मौजूद परिजनों को आश्वस्त किया कि न्याय जरुर मिलेगा।

# खबरें एक नजर में

## छेड़छाड़ की शिकायत, कार्यवाही की उठी मांग

**ज़ैदपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने छेड़छाड़ करने के संबंध में किया शिकायत, कार्यवाही करने के उठाई मांग मामला बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है। जहां के निवासी एक व्यक्ति ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि बीती रात गांव का ही रहने वाला एक युवक उसके घर में घुस आया और उसके लड़की के साथ छेड़छाड़ व मारपीट किया। और जब उसकी छोटी लड़की द्वारा बीच बचाव कराया गया। उक्त युवक दीवार फांदकर भाग गया। वही तहरीर देकर पीड़िता के पिता ने विपक्षी के खिलाफ जांच करके उचित कार्यवाही करने की मांग उठाई है।

## बाइकों की हुई भिड़ंत में चार लोग घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रायबरेली जनपद के मुराइन का पुरवा गांव निवासी राजेंद्र पुत्र ललित मिश्रा अपनी मां पूनम मिश्रा 35 वर्ष एवं गांव की ही प्रेमा पत्नी रामफेर 40 वर्ष को इलाज के लिए लेकर हैदरगढ़ आया था। उपचार होने के बाद वापस अपने घर के लिए लौट रहा था। सामने से आई मोटरसाइकिल पर कस्बा हैदरगढ़ के सुभाष वार्ड निवासी मोटरसाइकिल मिस्त्री अमित मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा 30 वर्ष एवं ठाकुर द्वारा वार्ड के निवासी दुर्गा मिश्रा पुत्र चंद्रशेखर घायल हो गए। चारों घायलों को 108 एंबुलेंस के मदद से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद कस्बा निवासी अमित मिश्रा को सिर में गंभीर चोट के चलते ट्रामा सेंटर के लिए वहीं पैर की हड्डी टूट जाने की वजह से प्रेमा को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

## प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बाराबंकी।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव द्वारा बताया गया कि प्रदेश में विभिन्न जनपदों / मण्डलों में स्थापित 37 स्पोर्टस हॉस्टल में उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता के दृष्टिगत 40 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को मानदेय रु0 1.50 लाख प्रतिमाह पर में वर्णित 15 खेलों (हॉकी, तैराकी, बालीबाल, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, किकेट, फुटबाल, बैडमिन्टन, टीटी, बास्केटबाल, कबड्डी, कुश्ती, बाक्सिंग, हैण्डवाल एवं जूडो) में रखा जाना है। उक्त के क्रम प्रदेश/जनपद के उन अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है।

## पेंट, बालपुट्टी लदा ट्रक पलटा, नाला हुआ क्षतिग्रस्त

**जालौन, उरई।** देवनगर चौराहे पर पेंट व वालपुट्टी से लदा हुआ ट्रक सड़क किनारे खड़ा कर चालक पता पूछने के लिए चला गया। इसी दौरान फुटपाथ की सड़क धंसने से ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने के कारण सड़क किनारे बना नाला भी क्षतिग्रस्त हो गया तथा ट्रक में भरी पुट्टी व पेंट्स खराब हो गया। दुकानों के बाहर पलटे ट्रक को बाद में क्रेन मंगाकर हटवाया गया। औरैया के ग्राम पुरवा निवासी चालक मलखान सिंह ट्रक में कानपुर से पेंट्स व पुट्टी लेकर नगर में आया था। उसे पेंट्स व पुट्टी को नगर में उतरना था। नगर में पहुंचकर चालक ने पता पूछने के लिए ट्रक को देवनगर चौराहे से आगे बंगरा रोड पर सड़क किनारे फुटपाथ पर नाले से सटाकर खड़ा कर दिया।

# वीरपुरा के नवनिर्मित विद्यालय से चोरों ने पंखे, ट्यूबलाइट, बल्ब किए चोरी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

वीरपुरा में प्राथमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन में चोर घुस गए। चोरों ने विद्यालय में लगे पंखे, ट्यूबलाइट व बल्ब आदि चोरी कर लिए। प्रधान व ग्रामीणों ने चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर जानकारी ली।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा में प्राथमिक विद्यालय के पुराना भवन जर्जर होने के चलते उसके स्थान पर दूसरे भवन का निर्माण कराया गया है। हाल ही में बनकर तैयार हुआ नवनिर्मित भवन अभी विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। निर्माण के बाद विद्यालय में पंखे, ट्यूबलाइट, बिजली बोर्ड, तार आदि लगे थे। साथ ही भवन में ताला भी पड़ा था। शनिवार की सुबह जब प्रधानाचार्य व स्टॉफ विद्यालय पहुंचे तो नवनिर्मित भवन के ताले टूटे थे और दरवाजे खुले थे। स्टॉफ ने जब अंदर जाकर देखा तो विद्यालय में की गई बिजली की फिटिंग का




सारा सामान तार समेत गायब था। विद्यालय में लगे पंखे, एलईडी बल्ब, ट्यूबलाइट बिजली बोर्ड तक चोर उखाड़ ले गए थे। चोरी की जानकारी होने पर प्रधान हाकिम सिंह, समेत प्रधानाध्यापक व ग्रामीण शहजाद, बृजेंद्र, महेंद्र कुमार, आराधना साहू आदि ने चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौकें का मुआयना किया और ग्रामीणों से चोरी के संबंध में जानकारी ली है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# यमुना घाट में शराबी युवक नहाते समय पानी के बहाव में डूबा

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर के एक मोहल्ले का 40 वर्षीय शराबी युवक यमुना घाट पर नहाते हुए बहती हुई जलधारा में समाया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला रावगंज निवासी दशरथ पुत्र रामविलास प्रतिदिन शराब के नशे में धुत होकर सड़कों में फिरता रहता था वहीं शनिवार को दोपहर नशे में धुत होकर पीला घाट स्थित यमुना में नहाने के लिए गया वहीं नहाते वक्त तेजगति से बह रही जलधारा में डूब कर समा गया घटना की सूचना पाकर कोतवाली कालपी के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचकर घटना स्थल का



निरीक्षण किया वहीं गोताखोरों को बुला कर डूबे हुए युवक को निकालने के निर्देश दिए वही प्रभारी निरीक्षक का फरमान पाते ही गोता खोर की टीम ने यमुना में नाव कों बहती हुई जलधारा में कुदाकर डूबे हुए युवक को खोजने की कवायत तेज कर दी युवक के डूबने की खबर जैसे ही पत्नी तथा दो बच्चियों को मालूम हुई उसी दौरान पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

## पत्नी की शिकायत पर पति के विरुद्ध कार्यवाही

**जालौन (उरई)।** पति द्वारा गाली, गलौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी अर्चना देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति बृजेश कुमार आए दिन किसी न किसी बात को लेकर घर में झगड़ा करते रहते हैं। उसने व परिवार के लोगों ने कई बार समझाने की कोशिश की है लेकिन वह सुनते नहीं हैं। शनिवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी।

## मारपीट के आरोपियों पर चला कानून का डंडा

**जालौन, उरई।** अलग अलग मामलों में रंजिश के चलते पड़ोसियों द्वारा गाली, गलौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास निवासी रेखा देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी शिवप्रकाश उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। रंजिश के चलते अक्सर गाली, गलौज करते रहते हैं। मना करने पर झगड़ा करने लगते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शिवप्रकाश शनिवार की सुबह उसके घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज कर रहे थे। काफी देर तक गाली देने के बाद भी नहीं रूके तो उसने बाहर आकर उन्हें मना किया। जिससे नाराज होकर उन्होंने मारपीट कर दी। उधर, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथ निवासी नंदकिशोर पाल ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी संजीव उससे रंजिश रखते हैं।

# नेहा सिंह को मिली पीएचडी उपाधि भटेहटा का नाम हुआ रोशन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

दृढ़ इच्छा और दिल में आगे बढ़ने की लगन हो तो राहें अपने आप आसान हो जाती है। यह कहावत ग्रामीण परिवेश की रहने वाली एक होनहार युवा नेहा सिंह पर चरितार्थ होती है। नेहा सिंह ने डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से अर्थशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करके क्षेत्र के गांव भटेहटा का नाम रोशन किया है। बताते चलें कि देवा विकासखंड के ग्राम भटेहटा निवासी दिनेश नाथ सिंह की पुत्री नेहा सिंह को यह उपाधि डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में अर्थशास्त्र के पर्यवेक्षक प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 'उत्तर प्रदेश में मेंथा ऑयल के भौतिक बाजार का विश्लेषण' विषय पर शोध करने से हासिल हुई। गौरतलब है कि डॉ. नेहा सिंह मूलतः जनपद बाराबंकी के गांव भटेहटा की रहने वाली हैं। इनके पिता दिनेश नाथ सिंह अधिवक्ता (फौजदारी) हैं, जबकि माता शीला सिंह गृहिणी हैं। नेहा सिंह के पति अभिषेक कुमार सिंह मर्चेन्ट नेवी में कैप्टन है।


**सूचना**

मेरा पहले नाम अनोखेलाल था जिसको बदल कर मैने अनन्तराम करवा लिया है। जिसका प्रमाण मेरा आधार कार्ड व पैन कार्ड है। आनोखेलाल और अनन्तराम दोनों ही मेरे नाम है। अतः जहां भी मेरा नाम अनोखेलाल अंकित है, वहां अनन्तराम भी मान्य किया जाये।

**अनन्तराम पुत्र भोलानाथ निवासी अजमतपुर, पो0 पचपुखरा, जिला फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद, कन्नौज**

पत्रांक 95/न.पं.सं.-ई.नि.सू. (2024-25) दिनांकः 01.08.2024

**ई-निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत नगर पंचायत समधन की सीमा के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 05.08.2024 समय प्रातः 01:00 PM से दिनांक 12.08.2024 समय 02:00 PM तक ऑनलाइन ईं-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत नियम निर्देश एवं शर्ते राज्य सरकार के ई-टेण्डर पोर्टल https://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। बिड ई-टेण्डर पोर्टल https://etender.up.nic.in पर ऑनलाइन सबमिट की जा सकेगी।

ई-निविदा की बिड दिनांक 12.08.2024 समय 03:00 PM नगर पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उर्पयुक्त ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड किये गये निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**लिपिक**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**


# लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए जुटे: अनिल पटेल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

इटावा सफारी पार्क के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल पटेल ने कहा है कि छात्रों को पढ़ाई के समय ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए और फिर उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरे प्रयास करने चाहिए।




उन्होंने कहा कि पूरे जोश के साथ लक्ष्य प्राप्ति में जुटे लेकिन जोश के साथ होश भी बनाए रखें। यहां पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्रा पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में इन सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाने के बाद डॉक्टर अनिल पटेल ने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पढ़ाई के साथ अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग निवास करता है। स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर कैलाश यादव ने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखारने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। पढ़ाई के साथ ही सामाजिक तथा पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी बच्चों को जागरूक किया जाता है । और उन्हें सक्रिय भी बनाए रखा जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बहु आयामी व्यक्तित्व के छात्रों का निर्माण किया जा रहा है जो देश के नवनिर्माण में जुटेंगे। डॉ कैलाश यादव ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अनिल पटेल का शाल उढाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इससे पूर्व डायरेक्टर डॉक्टर अनिल पटेल तथा डॉक्टर कैलाश यादव तथा संजय सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिन्हें सराहा गया।

**यह बने है छात्र पदाधिकारी**

इटावा। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में रानी लक्ष्मीबाई हाउस की कैप्टन शीतल तथा वाइस कैप्टन अविरल मिश्रा, अहिल्याबाई हाउस के कैप्टन अंकुर तथा वाइस कैप्टन सृष्टि , शिवाजी हाउस के कैप्टन अंशिका भदोरिया तथा वाइस कैप्टन अर्पित पाल है। महाराणा प्रताप हाउस में कैप्टन शिवम यादव तथा वाइस कैप्टन अंशिका यादव होगी। इन सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।


**कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक-829/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 03.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 12.08.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 12.08.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./ एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक,जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Reboring of 1.50 HP submersible pump 02 Nos at LIC Colony Park, Sec-I, Aliganj II and at Jankipuram Thana, Lko. | 6600.00 | Rs. 400 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त-** 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

# गौशालाओं में समय-समय पर मवेशियों की करें जांच: डीएम

- डीएम बोले स्वतंत्रता दिवस तक कोई भी निराश्रित गौवंश बाहर घूमता न दिखाई दे

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



समीक्षा बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गौशाला, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन आदि के संबंध में आयोजित बैठक की समीक्षा करते हुये कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जो कार्य चल रहे है। उसे समय से पूरा किया जाए। उन्होने पीडी मनरेगा और बीडीओ को निर्देश दिये कि अमृत सरोवर, मॉडल शॉप, आंगनबाड़ी केंद्र, आवास आदि रुके हुए निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किए जाएं। समस्त खंड विकास अधिकारी प्रतिदिन गौशाला, आरआरसी, मनरेगा आदि कार्यों का निरीक्षण कर सभी मूलभूत सुविधाये दुरूस्त कराएं। किसी भी दशा में गौशालाओ में कीचड़/ गंदगी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि बारिश का मौसम है। टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिए जाए और संबंधित डॉक्टरों द्वारा समय-समय से गौशालाओं का निरीक्षण कर मवेशियों की जांच की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। कहा कि नैपियर घास का क्षेत्रफल और बढ़ाया जाएं। जिससे गौंवशों को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा मिल सके। निर्देश दिए कि 15 अगस्त तक सभी गौशालायें संचालित की जाए। कोई भी निराश्रित गौवंश बाहर घूमता न दिखाई दे। कहा कि जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गौशालाओं में गोपाष्टमी की तैयारी अभी से कर ली जाए। 15वीं और 5वीं वित्त आयोग के अन्तर्गत विकास कार्यों में प्रगति लायी जाये और व्यय धनराशि पर विशेष ध्यान दिया जाये। निर्देश दिये कि घरों से कूड़ा उठान शत प्रतिशत कराया जाये। खण्ड शिक्षा अधिकारी बच्चों व शिक्षकों की ससमय शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। कहा कि 15 अगस्त की सभी तैयारियां पूर्व में सुनिश्चित कर ली जायें। 13 से 15 अगस्त 2024 को हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु सर्वे कार्य समय से पूर्ण किया जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्या मंदिर तिर्वा की टीम ने वॉलीबाल में जीता कांस्य पदक

- प्रतापगढ़ की टीम को अंतिम राउंड में हराकर मारी बाजी
- कॉलेज पहुंचने पर खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



**विद्या** भारती की रायबरेली में आयोजित हुई क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा की बॉलीबाल टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया है। तिर्वा ने प्रतापगढ़ की टीम को अंतिम राउंड में हराकर कांस्य पदक हासिल किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्या भारती की क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 27 जुलाई से 29 जुलाई तक रायबरेली के गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज परिसर में हुई थी। इस प्रतियोगिता में तिर्वा की बॉलीबाल टीम ने अपना उत्कर्ष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रतापगढ़ की टीम को पराजित किया। उन्होने बताया कि बॉलीबाल टीम के प्रशिक्षक कोच आचार्य वीरेश कुमारव शारीरिक प्रमुख आचार्य रामकुमार के कुशल निदेशन में यह जीत हासिल हुई। शनिवार को टीम के वापस लौटने पर विद्या मंदिर परिसर में टीम में शामिल खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में विद्युत कटौती को लेकर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी — समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशन में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में जनपद में हो रही भारी विद्युत कटौती के संबंध में महामहिम राज्यपाल को जिलाधिकारी द्वारा समाधान दिवस में जाने के कारण अनुपस्थिति में ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी सुल्तान आलम खा को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने ज्ञापन देते हुए बताया कि लगभग एक महीने से विद्युत आपूर्ति बिल्कुल ठप है। इस समय किसान अपने धान की रोपाई कर रहा है व क्षेत्र में बनी हुई पानी की टंकियो में विद्युत न मिलने के कारण शोपीस साबित हो रही है। जिस कारण किसानो की फैसले बर्बाद होती जा रही हैं। घरेलू विद्युत कनेक्शन 1 किलो वाट से बढ़कर 2 किलो वाट कर दिया गया है और व्यापारियों के भी विद्युत वाट 5 किलो वाट तक बढ़ा दिया गया है यहां तक देश के हर राज्यों से ज्यादा डबल इंजन भाजपा की सरकार उत्तर प्रदेश में प्रति यूनिट बढ़कर वसूला जा रहा है लो वोल्टेज के कारण घरों के इनवर्टर, बल्ब ,फ्रिज अन्य घरेलू उपकरण फुक रहे हैं समय पर विद्युत ना आने के कारण छात्रों की भी पढ़ाई बाधित हो रही है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्य, महिला जिला अध्यक्ष रीना सिंह वर्मा, इंडिया गठबंधन आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अविनाश चंद दुबे, जिला उपाध्यक्ष तारिक बशीर, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव सरफराज हुसैन, किसान जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सिंह , जिला महासचिव रमाशंकर राठौर, जिला सचिव जितेंद्र सिंह चौहान, अमोल दीक्षित, अध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ आकाश कटियार, लियाकत अली सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता रहे।

# जिलाधिकारी के नेतृत्व में हुआ तहसील समाधान दिवस का आयोजन

**छिबरामऊ कन्नौज।** जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला के नेतृत्व में तहसील समाधान दिवस का वह आयोजन जिसमें बात करियो की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण करवाने के लिए कहा गया। इस दौरान प्रसाद के चलते दूर से बात कार्यो ने पहुंचकर जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र जिस पर संबंधित विभागों को आदेश द्वारा शीघ्र निस्तारण करने के लिए कहा गया इस दौरान अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन दिया जिसमें कहा गया कि रजिस्ट्री ऑफिस के बाहर बरसात के दौरान पानी भर जाता है जिससे वहां अधिवक्ताओं को वह बात कार्यो को निकालने के में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसको सिख बनवाया जाए। वही रजनीश यादव एडवोकेट ने काश इस दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि विद्युत विभाग द्वारा पूरा बिल जमा होने के बावजूद काम विद्युत विभाग के



कंप्यूटर में बकायादारे की लिस्ट में उनका नाम आ रहा है जिस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता को दिए प्रार्थना पद में बताया कि उनका बिल पूरा जमा है उसके बावजूद भी कंप्यूटर में उनका नाम गलत आ गया है जिसको हटाया जाए परंतु विद्युत विभाग ने बताया की कंप्यूटर में आपका बकाया है तो आपको पूरा बिल देना पड़ेगा इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, सीएमओ विनोद कुमार, उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओंकार नाथ शर्मा, प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक आलोक दुबे, कई अधिकारी गण मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत उद्यम की स्थापना के इच्छुक बेरोजगार करें आवेदन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र धनंजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रमुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाफ्र को वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत उद्यम की स्थापना के इच्छुक बेरोजगार व्यक्तियों से ऋण आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये जाते है। योजनान्तर्गत उद्योग क्षेत्र की इकाई हेतु अधिकतम रू 25.00 लाख एवं सेवा क्षेत्र की इकाई हेतु अधिकतम रू 10.00 लाख की धनराशि बैंकों के माध्यम से ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जायेगा। कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र हेतु रू 6.25 लाख तथा सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम रू 2.50 लाख की सीमा तक, मार्जिन मनी उपलब्ध कराया जायेगा। जो उद्यम के दो वर्ष तक सफल संचालन के उपरान्त अनुदान में परिवर्तित हो जायेगा। उन्होंने बताया कि आवेदक उ0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिये एवं उसकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष तक होनी चाहिये। आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण होना चाहिये।आवेदन केवल ऑन लाइन स्वीकार किये जायेंगे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**छिबरामऊ सौरिख कन्नौज।** अज्ञात बाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलो को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के गांव रौसेंन निवासी अनिल कुमार पुत्र हरिराम उम्र लगभग 35 वर्ष अपने गांव के ही उदय प्रताप पुत्र रामाओतार उम्र लगभग 26 वर्ष को बाइक पर बिठाकर शुक्रवार की शाम सौरिख बाजार करने आए हुए थे गांव वापस जाते समय समय लगभग 9:00 बजे टड़ा रायपुर पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी जिससे वह दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

## विजय छात्रों को प्रशस्तपत देकर उत्साह वर्धन किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** आईसीएसई तथा आईएसई से संबंध सभी विद्यालयों की जोन स्तरीय बाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में किया गया। शहर के सिटी चिल्ड्रन एकेडमीआई सी एस ई तथा आई एस ई से संबंध सभी विद्यालयों की जोन स्तरीय बाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में फर्रुखाबाद कन्नौज एटा के छात्र छात्राओं वाद विवाद प्रतियोगिता में विजय छात्र-छात्राओं को स्कूल के प्रबंधक प्रदीप प्रधान प्रशासनिक का सुधा प्रधान सीईओ विश्वास प्रधान ने प्रशस्तपत पत्र देकर छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

## महिला को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते महिला के साथ गांव के ही एक परिवार के तीन सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। महिला के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी हरीराम पुत्र बहादुर सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम उसकी पत्नी रामायण श्री घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के ही सूबेदार, मनफूल, जयफूल आए और गाली गलौज करने लगे मेरी पत्नी द्वारा विरोध करने पर उक्तगणों ने लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## दलित महिला से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम सौसरापुर निवासी जूली देवी पत्नी राम रहीस द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 30 जुलाई की शाम 04 बजे वह घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के ही शहनवाज, आमिर, मुन्ना, रियाज आए और बच्चों के विवाद को लेकर जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मारने दौड़े। जिससे डर कर वह घर में घुस गई तो उक्तगणों ने घर में घुसकर लात घूसों से मारा पीटा।

# कोतवाल ने पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




सड़क पर खड़े वाहन चालक को चेतावनी देते कोतवाल

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नागरिकों को सुरक्षा का एहसास करने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने दलबल के साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान सड़कों पर अतिक्रमण जमाये अतिक्रमणकारियों को हद में रहनें सहित आडे तिरछे खड़े वाहन चालकों को सड़क पर वाहन पार्क न करने की चेतावनी दी। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने दलबल के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, रेलवे रोड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर पैदल भ्रमण कर नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे अतिक्रमण जमाये दुकानदारों को हद में रहने की चेतावनी दी साथ ही सड़क पर पार्क किए वाहन चालकों को भी वाहन को हटा लेने की हिदायत देते हुए कहा कि सड़क पर अतिक्रमण एवं वाहन पार्क करने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न होती है। दोबारा वाहन सडक पर खडा पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान उनके साथ निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह व कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह, मोनू कुमार, अमन सिंह, यशपाल, अवधेश कुमार, विनय कुमार, गगन चौधरी सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# तहसील समाधान दिवस में पहुंचे राज्यमंत्री सुनी फरियादियों की शिकायतें

- अफसरों को चेताया, समय से निस्तारण न होने पर होगी कार्रवाई
- 96 फरियादियों ने पहुंचकर दर्ज कराई अपनी शिकायतें
- 10 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



तहसील दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनते राज्यमंत्री असीम अरूण

तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण ने पहुंचकर फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान 96 फरियादियों ने मंत्री के सामने अपनी शिकायतें रखी। इनमें से 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। आयोजित समाधान दिवस के दौरान मौजूद अफसरों को निर्देश देते हुए राज्यमंत्री असीम अरूण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि तहसील दिवस में आने वाली समस्याओं का समय से गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण हो। जिससे ग्रामीण अंचल से आने वाले फरियादी अपनी शिकायतों को लेकर बार-बार अफसरों की चैखट पर न खड़े हो। उन्होने कहा कि तहसील, थाना व ब्लाक स्तर की छोटी-छोटी शिकायतें ही सीधे मुख्मयंत्री पोर्टल पर जा रही है। जिसको लेकर मुख्यमंत्री काफी नाराज है। इस मौके पर विभिन्न विभागों से संबंधित 96 शिकायतें आई। इनमें 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए 10 दिनों का समय दिया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, एसडीएम अशो कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह, सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेई सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# भगवान शिव के रुद्राभिषेक के बाद वितरित हुआ प्रसाद



भगवान शिव का रुद्राभिषेक करते सपा नेता अरूण शर्मा — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**श्रावण मास** के पावन माह में सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला महासचिव अरूण कुमार शर्मा के पैत्रक आवास पर विद्वान महंत द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक विधि विधान से संपन्न कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि भगवान शिव की आराधना करनें से कष्टों का निवारण होता है। क्षेत्र के ग्राम बसावन पुरवा स्थित सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला महासचिव अरुण कुमार शर्मा के पैत्रक आवास पर पंडित कुलदीप शुक्ल ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर पूजन कराया। इस दौरान उन्होंने भगवान भोलेनाथ के विभिन्न लीलाओं के वर्णन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। भगवान शिव के रुद्राभिषेक में यजमान सहित श्रद्धालु भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामप्रकाश शर्मा, पूर्व प्रधान शिवकुमार यादव, रामदास शर्मा, राहुल शर्मा, अमन यादव, मोहित पाठक, पुष्पेंद्र यादव, योगेंद्र यादव, ऋतिक पाठक, मनी गुप्ता, अजय शर्मा, हिमांशु शर्मा, आकाश शर्मा, विपिन शर्मा, विजय शर्मा, संजय शर्मा, अतुल शर्मा सहित तमाम शिवभक्त मौजूद रहे।

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भाकियू भानू ने संपूर्ण तहसील दिवस पर सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**भारतीय** किसान यूनियन (भानु गुट) के अमन यादव राष्ट्रीय संघठन मंत्री के नेतृत्व मे तहसील छिबरामऊ आकर संपूर्ण समाधान दिवस में किसानो की स्थानीय समस्याओं को लेकर मुख्य मंत्री उ0प्र0 को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन समय जिलाधिकारी कन्नौज को दिया। एआरटीओ इज्जया तिवारी त बिना पैसे लिए किसानों की समस्या नहीं सुनती फोन पर बात करने पर गलत भाषा शैली का इस्तेमाल करती हैं किसानों की मूंगफली मंडी तक जाने पर नाजायज परेशान करती हैं टोल के करीब खड़े होकर अवैध वसूली करती हैं। रामपुर निगोह ग्राम सभा की जमीन पर लेखपाल अवनीश राठौर अवैध कब्जा करवा रहे हैं। ग्राम खानपुर चौबे में किसान राजवीर यादव एवं अन्य लोगों को दबंग गुंडई एवं गुड्डू प्रधान के सहयोग से गली से निकलने नहीं देते एवं अवैध कब्जा किए हुए हैं। ग्राम खल्ला रूप मगधरपुर को एनएचआई रोड से सही तरीके से जोड़ा जाए विभिन्न स्कूलों के बच्चों को जान माल का खतरा बना हुआ है। विभिन्न गांव के ट्यूबवेल का बिजली का बिल अधिक आ रहा है जिससे ग्रामीण परेशान है। छिबरामऊ नगर पालिका द्वारा नाले की गंदगी नगर पालिका रोड पर डालकर छोड़ दी जाती है। छिबरामऊ नगर पालिका के मोहल्ला पटेल नगर के नाला निर्माण नहीं हुआ है जिससे जल भराव होता है। ग्राम सभा चंद्रपुर में आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। छिबरामऊ नगर पालिका में स्पीड ब्रेकर को बिना मानक के निर्माण किया गया है। बिशनगढ़ के 30 सैय्या अस्पताल में डॉक्टरों की कमी एवं रात में कोई भी डॉक्टर रुक कर काम नहीं करता एवं और आर्यावृत बैंक बिशुनगढ़ के पास नल खराब है जिससे पेयजल समस्या उत्पन्न हो रही है तहसील के पूर्वी और पश्चिमी गेट पर अवैध रूप से आधार कार्ड केंद्र का बोर्ड लगाकर ठगी करने वाले दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में दूसरा ज्ञापन श्री कमलेश प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष (भानु गुट) द्वारा ज्ञापन दिया जिसमें मांग की गई है निवेदन करना है कि, 1-ग्राम पंचायत रामपुर निगोही परगना व तहसील छिबरामऊ की गाटा संख्या 310 की 0.045 की भूमि को भूमाफियाओं को लेखपाल अविनीश द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत करने के बावजूद मनवाने ढंग से अवैध तरीके से निर्माण कार्य कर दिया गया। 2- ग्राम सभा जमामरदपुर परगना व तहसील छिबरामऊ में हड़बार की जमीन पर उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद हड़बार की जमीन पर मनमानी तरीके से राशन की दुकान का निर्माण कार्य करा दिया गया है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सर्वश्री अमित राजपूत मंडल उपाध्यक्ष, रविकांत श्रीवास्तव युवा मोर्चा , सुशील राठौड़ युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, गौरव राजपूत मंडल उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार जिला उपाध्यक्ष, अनुज यादव नगर अध्यक्ष, रामकुमार कार्यकारिणी अध्यक्ष, सचिन मिश्रा जिला अध्यक्ष छात्र संघ, रविंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# डीएम ने सुनीं शिकायतें, आधा दर्जन का मौके पर किया निस्तारण

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं कुल 95 शिकायतें
- सबसे ज्यादा 20 शिकायतें पुलिस विभाग की आयीं



समस्यायें सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आदि — समृद्धि न्यूज

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में तहसील अमृतपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से कुल 95 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग से 34 शिकायतें, विकास विभाग से 16 शिकायतें, पुलिस विभाग से 20 शिकायतें, विद्युत विभाग से 05 शिकायतें, कृषि विभाग से 02 शिकायतें तथा अन्य विभागों से 18 शिकायतें आईं। जिनमें जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करें। संबंधित अधिकारियों को इस आदेश का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी अमृतपुर और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस की प्रक्रिया को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहयोग किया।

## जनपद की बेटी कृतिका ने ताइक्वांडों में जीता गोल्ड मैडल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी स्टेट चैम्पियनशिप कानपुर में जनपद की ताइक्वांडो खिलाड़ी कृतिका ने गोल्ड मैडल जीतकर नाम रोशन किया है। कानपुर के टीएसएच स्पोर्ट्स हब में 2 से 4 अगस्त तक चल रही प्रतियोगिता में पहले दिन अंडर 20 किलो भार वर्ग में कृतिका ने गोल्ड मैडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। जनपद के 26 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। प्रथम दिन कृतिका ने मैडल जीतकर विजय प्राप्त की। कोच अजय प्रताप सिंह ने मैडल जीतने पर छात्रा कृतिका को बधाई दी है।

# बालिका कालेज की जमीन धसने से छात्राओं में मची भगदड़

- एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**विद्यालय संचालन** के दौरान अचानत जमीन धस गयी। जिससे छात्राओं में भगदड़ मच गयी। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने जांच पड़ताल की। फिलहाल घटना में कोई हताहत होने का समाचार नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार शनिवार को नगर के श्यामा गेट स्थित कन्या विद्या इण्टर कालेज में रसोई घर के निकट कक्षा 6 की छात्राओं का क्लास चल रहा था। 10.30 पर स्कूल का इण्टरवल होने के बाद अचानक क्लास की जमीन धस गई। जिससे छात्राओं में भगदड़ मच गई। सूचना पाते ही उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी जय सिंह परिहार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी सहित पुलिस मौके पर पहुंचा और जांच पड़ताल की। वहीं प्रधानाचार्य विश्व मोहिनी पाण्डेय ने बताया जमीन धसने पर कोई हादसा नहीं हुआ है। बताते चलें कि विद्यालय की बिल्डिंग जर्जर है, यह बात प्रधानाचार्या को भी मालूम हैं, लेकिन भी उसे तुड़वाकर दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है।



विद्यालय में धसी जमीन — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## अभियुक्त लूटे गये ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को मारपीट कर ई-रिक्शा लूटने वाले अभियुक्त को मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर ई-रिक्शा समेत गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 01.08.2024 को ई-रिक्शा चालक बृजेश कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी पल्ला गल्ला मंडी कोतवाली फर्रुखाबाद घायलावस्था में थाने आये। उन्होंने बताया कि दिनांक 01.08.2024 को ईशु उपरोक्त मेरे ई-रिक्शा में हथियापुर तक छोड़ दो कहकर बैठा। मैं जान पहचान होने के कारण उसे अपने ई-रिक्शे में बैठाकर हथियापुर ले जाने लगा। पेट्रोल पम्प के पास रिक्शे को रुकवाकर तीन लोग और बैठक गये। उसके बाद पेट्रोल पम्प के पास सड़क किनारे झाड़ियों में रिक्शे को ले जाकर उन चारों लोगों ने मुझसे रिक्शा छीनने का प्रयास किया। किन्तु जब मैंने विरोध किया, तो उन लोगों ने बहीं पर बुरी तरह से मुझे मारापीटा और मेरा ई-रिक्शा लेकर चले गये। घटना के संबंध में पुलिस ने मु0अ0स0 160/24 धारा-309(6)/115(2)/109 बीएनएस पंजीकृत किया था। आज अभियुक्त को ईशू पुत्र श्रीकान्त निवासी मोहल्ला जटवारा कोतवाली फर्रुखाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

## कार की टक्कर से अज्ञात बाइक चालक की मौत, महिला घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार की टक्कर से अज्ञात बाइक चालक की मौत हो गयी, जबकि महिला घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लोहिया अस्पताल भेजा। जहां बाइक सवार युवक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को राजेपुर थाना क्षेत्र में ग्राम गौंटिया मोड़ के पास एक बाइक सवार को स्वीफ्ट कार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक व पीछे बैठी महिला गम्भीर रुप से घायल हो गये। घायलों को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने बाइक सवार युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद स्वीफ्ट कार चालक मौके से गाड़ी लेकर भाग गया। वहीं ग्रामीणों ने कार का नंबर नोट कर पुलिस को दे दिया है।

## पुत्री का अश्लील वीडियो वायरल करने पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवती को बदनाम करने की नियत से युवक उसके अश्लील चैटिंग के वीडियो वायरल कर रहा है। साथ ही उसकी तय शादी तोड़ने की भी धमकी दे रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित प्रेमचंद्र शाक्य ने गांव के ही निहाल नागर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि मेरी पुत्री की पुरानी चैटिंग व अश्लील चैट की वीडियो निहाल नागर बायरल कर रहा है। मेरी पुत्री की जिस लड़के के साथ शादी रुकी है उसके भी पास वीडियो भेज रहा है और शादी न करने की धमकी देता है। जिससे मेरा पूरा परिवार परेशान है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट कर कपड़े फाड़े

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम करथिया निवासी सुमन राठौर पत्नी रंजीत राठौर ने गांव के गौतम दुबे और उसके भाई श्याम दुबे व ऋषी दुबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि 1 अगस्त की दोपहर 11 बजे मै घर पर अकेली थी, तभी गौतम दुबे मेरे घर में घुसकर मेरा हाथ पकड़कर मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब मै चिल्लाई तो वह मुझे छोड़कर भाग गया। मैने यह बात अपनी सास को बताई, तो वह और मै गौतम दुबे के भाई श्याम दुबे और रिषी दुबे से शिकायत करने गयी, तो दोनो ने मुझे गाली-गलौज करते हुए मेरे कपड़े फाड़ दिये।

# नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर युवक ई-रिक्शा मोबाइल व नकदी लेकर फरार

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



घटना की जानकारी देता पीड़िता व उसका पिता

**थाना क्षेत्र** अंतर्गत ग्राम पसियापुर निवासी रोहित पुत्र नेत्रपाल उम्र लगभग 17 वर्ष दिनांक 2 अगस्त 2024 को थाना चौराहा पर ई-रिक्शा लेकर खड़ा हुआ था। जिसे चलाकर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रोहित ने बताया है उसके पास एक व्यक्ति आया उसने कहा ग्राम रमापुर चलना है। जहां से ट्रक के टायर लाना है। रोहित तैयार हो गया। भाड़ा 300 रूपये में तय हो गया और मैं गांव रमापुर टायर लेने के लिए उसको ई-रिक्शा में बैठाकर रमापुर के लिए चल दिया। रमापुर पहुंचने ही मुझे प्यास लगी। ई-रिक्शा खड़ा कर नल पर जाकर पानी पिया और मैं कुछ समय बाद बेहोश हो गया। बेहोशी हालत में ग्राम प्रहलदापुर पहुंचा। रोहित का कहना है कि इसके बाद मुझे होस नहीं रहा। आगे मुझे कोई जानकारी नहीं है। इससे पहले मुझे उसने थाना चौराहा पर कोल्ड ड्रिंक और समोसे खिलाए थे। जब मुझे होश आया तो मैंने अपने आप को अपने घर पाया। रोहित ने बताया मेरा मोबाइल जिसकी कीमत 10000 हजार है और मेरी जेब में 400 रुपये भी थे वह भी गायब। रोहित के पिता नेत्रपाल ने बताया है मुझे फोन के द्वारा जानकारी दी गयी कि तुम्हारा पुत्र रोहित बेहोश अवस्था में चिलसरा के आगे संतोषपुर के पास पड़ा है। हम लोग सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक कुछ लोग मेरे बेटे को चिलसरा चौकी ले आये। घटना के संबंध में थाना शमशाबाद की चौकी चिलसरा में तहरीर दी। ई-रिक्शा का नंबर यू.पी.76टी5861 है। नेत्रपाल ने बताया है शनिवार को सुबह 4 बजे के समय हम लोग चिलसरा रोड पर ई-रिक्शा ढूंढने निकले। खोजबीन करते हुए देखा कि आगे लोहा पानी गांव की रोड की तरफ 30 मीटर की दूरी पर ई-रिक्शा पड़ा हुआ था। जिसमें रखी हुई चारों बैटरियां गायब थीं। मशीन साउंड गायब था। नेत्रपाल का कहना है मेरा लगभग 50000 हजार रुपये तक का नुकसान हुआ है। ई-रिक्शा मिलने की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई है।

# सात अभियुक्त गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में अभियुक्त — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**थाना शमशाबाद** पुलिस ने बृजेश पुत्र उमेश जाटव निवासी रजलामई थाना शमशाबाद, शिवम पुत्र उमेश चंद्र जाटव निवासी रजलामई थाना शमशाबाद, शंभू दयाल पुत्र राम आसरे निवासी नगला सेठ थाना शमशाबाद, अचल प्रकाश पुत्र शेर सिंह निवासी बरई थाना शमशाबाद, कश्मीर पुत्र पंछी लाल निवासी मोहल्ला चौखंडा थाना शमशाबाद, सानू पुत्र इकरार निवासी मोहल्ला घटियापुर शमशाबाद, इरफान पुत्र इकरार निवासी मोहल्ला घटियापुर थाना शमशाबाद आदि उपरोक्त अभियुक्तगणों को धारा 170 बीएनएस में गिरफ्तार कर न्यायालय कायमगंज के समक्ष पेश किया गया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने निर्माणाधीन अवर जलाशय का किया निरीक्षण



निर्माणाधीन अवर जलाशय का निरीक्षण करते नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**नगर पंचायत** अध्यक्ष प्रतिनिधि ने निर्माणाधीन अवर जलाशय का औचक निरीक्षण किया तथा संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद ,फारूकी द्वारा नगर पंचायत शमसाबाद में रामलीला मैदान के पास निर्माणाधीन अवर जलाशय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि जलाशय की गुणवत्ता में कोई कमी न रखी जाए एवं अवर अभियंता जल निगम को आदेशित किया कि निर्माणाधीन जलाशयों की गुणवत्ता एवम् कार्य की प्रगति को लेकर समय-समय पर निरीक्षण करते रहे।

साथ ही अन्य स्थानों पर निर्माणाधीन अवर जलाशयों की कार्य प्रगति तेज की जाये। जिससे नगर पंचायत शमसाबाद का प्रत्येक घर हर घर जल की योजना से लाभान्वित हो सके।

# बालू से भारी बैलगाड़ी पकड़ने पर खनन अधिकारी के चालक से मारपीट



मेडिकल करवाकर सीएचसी से बाहर निकलते खनन अधिकारी व चालक



पकड़ी गयी बालू से भारी बैलगाड़ी — समृद्धि न्यूज

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैलगाड़ी चालकों को लिया हिरासत में
- खनन अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराकर बैलगाड़ियों को किया सीज

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज

**बालू से** भरी बैलगाड़ी को पकड़ने का प्रयास करने पर खनन अधिकारी के चालक के साथ बैलगाड़ी चालकों ने मारपीट कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर कर लिया। खनन अधिकारी ने सभी बैलगाड़ियों को सीज कर दिया। शनिवार को सुबह 8.30 बजे बल्लू बेहटा थाना कायमगंज क्षेत्र की तरफ से बालू से भरी हुई बैलगाड़ी कस्बा शमशाबाद की तरफ आने की सूचना पर चौमुखे महादेव पशुपति नाथ मंदिर के पास खनन अधिकारी के ड्राइवर पंकज यादव पुत्र कृपाल सिंह निवासी मनोहर नगर थाना मेरापुर द्वारा बैलगाड़ी चालकों को पकड़ने का प्रयास किया गया, तो बैलगाड़ी चालकों ने पंकज उपरोक्त के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने मारपीट करने वाले सानू, इमरान पुत्रगण इकरार, कश्मीर उर्फ तेजराम पुत्र रामविलास निवासी शमशाबाद को गिरफ्तार कर मुकदमा अपराध संख्या 131/24 धारा 115(2) 351 (3)352 बीएनएस में पंजीकृत कर लिया। बैलगाड़ियों को खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह द्वारा सीज कर दाखिल कर दिया गया। वहीं घायल चालक पंकज ने सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया।

# मोटर साइकिल छीनने वाले दो अभियुक्त बाइक सहित गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



पुलिस हिरासत में अभियुक्त व बरामद बाइक — समृद्धि न्यूज

**मोटर साइकिल** छीनकर भागने वाले दो अभियुक्तों को मोटर साइकिल सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार दिनांक 23.07.2024 को थाना मऊदरवाजा पर पीड़ित बृजेश कुमार पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम जिजुइया थाना मऊदरवाजा पर तहरीर दी कि दिनांक 18.07.2024 को कायमगंज से अपने क्लीनिक से अपनी मोटर साइकिल हीरो स्प्लेन्डर प्लस से शाम को घर जा रहा था। गांव नगला समाधान और चौरसिया मझोला गांव के बीच पहुंचा, तो सड़क पर पैदल चल रहे युवक के दाहिनी तरफ मोटर साइकिल का हैन्डिल लग गया, तो मैं मोटर साइकिल रोककर चोट का हालचाल लेने लगा। जिस पर उक्त लोग उनकी मोटर साइकिल पर बैठ गये और बोले चलो हम अपना खुद इलाज करवा लेंगे। जिस पर मैंने कहा कि मैं इलाज करवा दूंगा, लेकिन उपरोक्त लोगों ने मेरी मोटरसाइकिल की चाबी ले ली और मुझे धक्का देकर मेरी मोटर साइकिल लेकर भाग गये। मैं काफी दूर तक उनके पीछे गया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। उक्त सूचना पर थाना मऊदरवाजा पर 149/24 धारा 304 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। सुरागरसी व पतारसी के क्रम में दिनांक 02.08.2024 को राघवेंद्र उर्फ जोनू यादव निवासी पुत्र जदुवीर निवासी मोहल्ला ढुइयां थाना मऊदरवाजा, अभिषेक राजपूत पुत्र विजेन्द्र सिंह राजपूत निवासी रकाबगंज खुर्द थाना मऊदवाजा को गिरफ्तार किया गया है।

**समाधान दिवस** | सम्पूर्ण समाधान में सुनीं शिकायतें, 111 में दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

# जन शिकायतों में लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी: एडीएम न्यायिक

कायमगंज, समृद्धि न्यूज



शिकायतें सुनतीं एडीएम न्यायिक व एसडीएम आदि — समृद्धि न्यूज

**अपर जिलाधिकारी** न्यायिक स्वाती शुक्ला की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज के सभागार मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी को समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 111 शिकायती प्रार्थना पत्र आये। जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए ट्रांसफर कर दिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। साथ ही फरियादियों से भी पूछा जाये कि वह संतुष्ट हैं या नहीं। उन्होंने कहा जन शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता एव लापरवाही कतई क्षम्य नहीं होगी। लापरवाही बरतने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादा शिकायत राजस्व विभाग की प्राप्त हुई। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियो को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत के निस्तारण में पारदर्शिता जरूरी है। इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाये। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि रजस्व, भूमि विवाद मे सम्बन्धित शिकायतो का मौके पर जाकर फौरन निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, विद्युत विभाग के जेई, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, कम्पिल थानाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी, नवाबगंज थानाध्यक्ष आमोद सिंह आदि मौजूद रहे।

## रिश्तेदारी में गये युवक को रंजिशन दबंगों ने पीटा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** रिश्तेदारी में गये युवक को रंजिशन दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार मुड़गांव निवासी शिवपाल सिंह ने अजीत, मनीष और राकेश निवासी ग्राम हाथिन थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि मैं अपनी रिश्तेदार हाथिन से वापस अपने घर आ रहा था। जब मैं झसी रोड पर गोसरपुर तिराहे के निकट पहुँचा, उसी समय पीछे से दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आरोपी आये और हमें रोककर गाली-गलौज करते हुए बोले कि दुबारा यदि हाथिन आये , तो जान से मार दूंगा। जब मैंने विरोध किया, तो लात-घूसों से हमें मारापीटा। मेरा मोबाइल छीनकर सडक पर पटक दिया। उक्त आरोपीगणों की हाथिन निवासी मेरे रिश्तेदारों से रंजिश चल रही है।

# महर्षि दयानंद सरस्वती लाइब्रेरी के स्थापना दिवस पर बच्चे हुए सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कस्बा कमालगंज** स्थित आर्य समाज मंदिर द्वारा संचालित महर्षि दयानंद सरस्वती लाइब्रेरी के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर बृहद यज्ञ का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने आहुतियां डालकर अपने उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि युवा देश का भविष्य है, युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान होना अत्यंत आवश्यक है। आर्य समाज और उससे जुड़े संस्थान युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं यह सराहनीय है। देश में शिक्षा देने वाले अनेकों संस्थान आज मौजूद हैं, परंतु शिक्षा के साथ संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करने वाली संस्था एक मात्र आर्य समाज है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती एक राष्ट्र, एक भाषा और एकेश्वरवाद के पक्षधर थे आज युवाओं को उनके इस विचार से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने छात्रों को सफलता के मंत्र दिये। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभाव से बचते हुए अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहकर परीक्षा की तैयारी करें। सफलता निश्चित मिलेगी। सदर तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं हैं। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने नारियों की शिक्षा पर विशेष बल दिया। मुझे प्रसन्नता है कि आर्य समाज ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए ये प्रकल्प चला रहा है। जिस दिन यहां से चयनित होकर कोई बेटी प्रशासनिक सेवा में जाएगी तभी संस्था का उद्देश्य पूर्ण होगा। संस्थान के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार दिये गये। आचार्य संदीप आर्य ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण व वैदिक साहित्य भेंट कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले सुदूर ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों की सुविधा हेतु आर्य समाज कमालगंज के सहयोग से यह उपक्रम चलाया गया, ताकि विद्यार्थियों विशेषकर बेटियों को इसके लिए अब कहीं दूर न जाना पड़े। यहां शिक्षा के साथ-साथ छात्रों में संस्कार व संस्कृति के प्रति जागरूक करने का हमारा प्रयास रहता है। इस अवसर पर प्रदीप राठौर, सुनील राठौर, अशोक श्रीवास्तव, विनोद राठौर, घनश्याम यादव, रमेश आर्य, आचार्य ओमदेव, जगदीश वर्मा, राहुल राजपूत, प्रमोद राजपूत, सुरेश चंद्र वर्मा, अमित राठौर, उदिता आर्या, उदय राज, नीलम राठौर, आकांक्षा राठौर, अमृता पाण्डेय, रेनू आर्या आदि उपस्थित रहे।



सम्बोधित करते विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर समृद्धि न्यूज

# बिजली की अघोषित कटौती के खिलाफ कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला कांग्रेस** कमेटी की अध्यक्ष शकुंतला देवी ने तहसील सदर पहुंचकर राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि बिजली अघोषित कटौती से आम जनता, विद्यार्थी, किसान, श्रमगार आदि परेशान है। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर तहसील सदर में जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला के नेतृत्व में विद्युत कटौती के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। शकुंतला देवी ने कहा कि विद्युत की अघोषित कटौती के कारण सभी उद्योग धंधों पर बुरा असर पड़ रहा है। उत्पादन कम हो रहा है। वस्तुओं के दाम बढ़ रहे है। किसान अपनी धान एवं फसलों को ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं कर पा रहा है। वहीं आम आम जन व व्यापारी एवं छात्र विद्युत कटौती से परेशान है। ऐसे में कांग्रेस ध्यान आकर्षित कराते हुए अघोषित कटौती को बंद करने की मांग करती है। ज्ञापन देने के दौरान वरुण त्रिपाठी, इलियास, वीरेन्द्र मिश्रा, विनोद कुमार श्रीवास्तव, आसिफ खां, मुख्तियार, नसरीन, समां, हिलाल सफीकी, दीपक कुमार चतुर्वेदी, नसीन बानो आदि लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन देने के बाद मौजूद कांग्रेसी समृद्धि न्यूज

# आईजीआरएस की बैठक में रैंकिंग सुधारने के एडीएम ने दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आईजीआरएस** के संदर्भ में जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। आईजीआरएस में प्राचार्य डायट का प्रदर्शन संतोषजनक न होने के कारण अपर जिलाधिकारी ने वेतन रोकने के निर्देश दिये। एडीएम ने कहा कि जो अधिकारी शिकायतकर्ता को संतुष्ट न कर सकें वे अपनी नौकरी सुरक्षित नहीं रख पायेंगे। सीएचसी राजेपुर, बढ़पुर, मोहम्मदाबाद को शिकायती पत्रों का समाधान करने के निर्देश दिये। पीडब्लूडी को आठ प्रकरणों का गुणवत्ता पूर्ण व संतोषजनक समाधान करने के निर्देश दिये गये। नगर पालिका फर्रुखाबाद की 11 शिकायतों में से मात्र 6 ही संतुष्ट है। तहसील फर्रुखाबाद की 97 शिकायतों में से 6 ही लोग संतुष्ट है। प्रोबेशन अधिकारी को भी शिकायतों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कुछ लोग फर्जी शिकायतें कपटपूर्ण उद्देश्य से करते रहते है उन्हें चिन्हित करने की आवश्यकता है। डीआईओएस की अनुपस्थित पर एडीएम ने नाराजगी जतायी। इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


बैठक लेते एडीएम समृद्धि न्यूज

## भाविप का हरियाली तीज महोत्सव आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारत विकास परिषद महीयसी महादेवी वर्मा शाखा पांचाल प्रांत के तत्वाधान में 4 अगस्त शाम 4 बजे हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन मातृछाया मैरिज हाल निकट गुरुगांव देवी मंदिर पर सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कनोडिया बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी होंगी। कार्यक्रम संयोजिका ज्योति शर्मा व रंजीता रायजादा की देखरेख में सम्पन्न होगा। यह जानकारी अध्यक्ष देव कुमार शर्मा व सचिव पंकज वर्मा ने दी है।

## शिक्षणेत्तर संघ की बैठक आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक 4 अगस्त रविवार को मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में सम्पन्न होगी। यह जानकारी राजेश निराला ने दी है।

# लूट के मामले में दो अभियुक्तों पर दोषसिद्ध

- सजा पर सुनवाई 6 अगस्त को
- शमशाबाद स्टेशन पर यात्रियों से की थी लूट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लूटपाट करने के मामले में अपर जिला जज एंटी डकैती कोर्ट न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र राजाराम बहेलिया, रामबाबू पुत्र सेवाराम निवासी महमदपुर गनी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 6 अगस्त की तिथि नियत की गई है।

विगत 24 वर्ष पूर्व थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम चिलसरा निवासी मुहम्मद सुलेमान पुत्र मियांजान ने जीआरपी पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मैं व मुहम्मद उमर, इलियास खां दातागंज बदायू से उर्स में शामिल होकर आए थे। देर हो जाने के कारण शमशाबाद रेलवे स्टेशन पर ही रुक गए थे। रात्रि लगभग डेढ़ बजे कुछ बदमाश अवैध तमंचे लेकर आए और हम लोगों को धमकाकर उमर से 465 रुपए व एक घड़ी, इलियास से 53 रुपए, मुझसे 88 रुपए छीन लिए। कुछ समय बाद पुलिस ने दो युवकों को पकड़ लिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने अभियुक्त अशोक कुमार, रामबाबू को दोषी करार देते न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 6 अगस्त की तिथि नियत की गई है।

## खबरें एक नजर में

### पुष्पा सिंह ने बच्चों को स्वस्थ्य रहने के लिए किया प्रेरित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारत स्काउट गाइड की जिला कमिश्नर बुलबुल व कम्पोजिट विद्यालय गैसिंगपुर की सहायक अध्यापिका पुष्पा सिंह ने विद्यालय के बच्चों को संचारी रोगों के प्रति जागरुक किया और स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। साथ ही स्काउट गाइड की गतिविधियों के साथ उन्हें स्वास्थ्य रहने के टिप्स दिये। पुष्पा सिंह ने छात्र-छात्राओं को गतिविधियां कराते हुए बताया कि इस मौसम में बुखार, फोड़ा, फुंसी, पेट खराब आदि की बीमारियां चल रही है। इनसे सचेत रहने की जरूरत है। हालत बिगड़ने पर संबंधित चिकित्सक व स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर परीक्षण करायें। साथ ही उन्होंने साफ-सफाई के टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि खाना खाने से पहले हाथ साबुन या राख से अच्छी तरह से धोयें। सुबह उठने के बाद नीम की दतून से दांत साफ करें। शरीर में अगर खुजली जैसी परेशानी है तो नीम के गर्म पानी से नाहें। उन्होंने स्काउट गाइड की गतिविधियां कराते हुए बच्चों को स्वच्छता अभियान की जानकारी दी और अपना घर व आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें, जिससे शारीरिक कोई बीमारी उत्पन्न न हो सकें। बच्चों ने खेल-खेल में गतिविधियों को समझा। उन्होंने पौधे लगाने एवं उनकी संरक्षित करने के लिए भी प्रेरित किया।

### महंगाई भत्ता व एरियर रक्षाबंधन से पूर्व दिये जाने की सफाई कर्मचारियों ने उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। निकाय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार बाल्मीकि के नेतृत्व में सेवा निवृत्त सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की कि स्थाई सफाई कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत का शीघ्र रक्षाबंधन से पूर्व भुगतान किया जाये। संविदा सफाई कर्मचारियों के 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान किया जाये। स्थाई सफाई कर्मचारियों का एसीपी का लाभ किसी भी स्थाई कर्मचारियों को आज तक नहीं दिया गया। बड़े बाबू को अच्छादित करते हुए तत्काल प्रभाव से एसीपी का लाभ दिया जाये। स्थाई सफाई कर्मचारियों को सर्विसबुक व फोटो कापी दी जाये। तो उन सफाई कर्मचारियों को एसीपी का लाभ मिल सके। आदि चार सूत्रीय समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ऐसे में ध्यान नहीं दिया गया। इसकी जिम्मेदारी बड़े बाबू रामभवन की होगी। इस मौके पर नीरज कुमार बाल्मीकि, दिलीप, नंदकिशोर, विनोद कुमार, सर्वेश कुमार, राजेश कुमार एवं समस्त सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### विश्व स्तनपान सप्ताह के अन्तर्गत माताओं को शिशु के बारे में दी गई जानकारियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विश्व स्तनपान सप्ताह के अन्तर्गत दूसरे दिन प्रसूति एवं स्त्री रोग ओपीडी में नवजात शिशु की देखभाल किस तरह माता को करना चाहिए, इसकी जानकारी दी गई। मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज बघार पर नवजात शिशु की देखभाल किस तरह माता को सही आसान में शिशु को दुग्धपान करायें और दुग्धपान के पश्चात जब तक बच्चे को डकार न आ जायें तब तक बच्चे को कंधे पर लगाकर रखें। सभी माताओं को जानकारी दी गई। डाक्टर श्वेता यादव ने प्रमुख रुप से जानकारी देते हुए शिशुओं की देखभाल के बारे में बताया। डाक्टर रेशमा कश्यप व पीजी कालेज की सिमरन, शालिनी, प्राची, कविता, इशिता, नेहा, पूजा ने सहयोग किया।

### सदर तहसील बार एसो0 चुनाव के लिए 20 दिन के अंदर मांगी गयी रिपोर्ट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बार एसोसिएशन के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष पांचू राम मौर्य ने अध्यक्ष व मंत्री एवं तहसील चेयरमैन एल्डर्स कमेटी को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि सदर तहसील के अनेकों अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षर पत्र बार काउंसिल को प्रेषित करते हुए अवगत कराया गया है कि 16 फरवरी 2023 को बार एसोसिएशन तहसील सदर का शपथ ग्रहण हुआ था। 15 फरवरी 2024 को बार एसोसिएशन तहसील सदर का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। अभी तक चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं हुई है। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ द्वारा आदेश जारी कर एक सदस्यीय समिति गठित की गई है। वह सभी तथ्यों के साथ अवलोकन करते हुए अध्यक्ष, मंत्री व चेयरमैन एल्डर्स कमेटी को निर्देशित किया गया कि 20 दिन के अंदर बॉयलाज के नियमों के अन्तर्गत वन वार, वन वोट के सिद्धांत का अनुपालन करें। मतदाता सूची उन्हीं अधिवक्ताओं की बनेगी जो बार काउंसिल द्वारा सीओपी आवंटित है और वहीं चुनाव लड़ सकते है।

# एसबीआई पेंशनर्स एसो. ने सेवानिवृत्त कर्नल सरनाम सिंह को किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया पेंशनर्स एसोसिएशन इकाई ने सेना से सेवानिवृत्त 91 वर्षीय कर्नल सरनाम सिंह राठौर को 92वें वर्ष में प्रवेश करने पर शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सरनाम सिंह राठौर नगर के सुप्रतिष्ठित समाजसेवी हैं। पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री विजय अवस्थी ने कहा कि वरिष्ठ जन हमारे समाज के प्रकाश पुंज होते हैं जो हम सबको समाज सेवा की राह दिखाते हैं। हमारी एसोसिएशन समाज के सभी वरिष्ठ जनों को सम्मानित करती है। इसी कड़ी में देश सेवा करने वाले राठौर को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राजू टंडन, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, अनिल प्रताप सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।



कर्नल सरनाम सिंह को सम्मानित करते पेंशनर्स एसो के पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

# संस्था अभियंजना द्वारा पुरुषोत्तम दास व मैथिलीशरण गुप्त तथा प्रेम चन्द्र की मनाई गई जयंती

- तीनों हिन्दी प्रेमियों के अथक परिश्रम और तपस्या का ही परिणाम है: डा0 रजनी सरीन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**साहित्यिक** सांस्कृतिक संस्था अभिव्यंजना ने पुरुषोत्तम दास टंडन, प्रेम चंद्र तथा मैथिलीशरण गुप्त की जयंती समारोह सयुक्त रूप से डा0 रजनी सरीन के आवास पर संपन्न हुई। वक्ताओं ने तीनों हिंदी सेवियों की हिंदी सेवा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्राचार्य बद्री विशाल कालेज डा0 रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि तीनों महापुरुषों का हिंदी पर बहुत बड़ा तीन है। हिंदी विद्वान डा0 राजकुमार सिंह ने कहा कि पुरुषोत्तम दास टंडन दृढ़ व्यक्तित्व के धनी थे। उनका निश्चय अटल होता था। हिंदी को उसकी प्रतिष्ठा दिलाने में न होने पूरा जीवन लगा दिया।

डा0 संतोष पाण्डेय राष्ट्रकवि ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं में भारत की आत्मा बोलती है, वह भारतीय संस्कृति के व्याख्याता महाकवि के रूप में प्रतिष्ठित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था प्रमुख डा0 रजनी सरीन ने कहा कि टंडन, प्रेम चंद्र, गुप्तजी हिंदी के ब्रह्मा विष्णु शिव है। इन तीनो हिंदी सेवियों के अथक परिश्रम और तपस्या का ही परिणाम है, हिंदी आज विश्व पटल पर एक सशक्त और समर्थ भाषा के रूप में प्रतिष्ठित है। संस्था समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रेमचंद ने अपने उपन्यास और कहानियों में आदर्शोन्मुख यथार्थवाद की प्रतिष्ठा की। जवाहर सिंह गंगवार ने कहा कि प्रेम चंद्र जनता की दबी कुचली आवाज थे। कवि सम्मेलन में एजाज वारसी, डा0 कृष्णकांत अक्षर, भारती मिश्रा, प्रीति तिवारी, डा0 संतोष पाण्डेय, सुधांशु शर्मा ने अपनी कविताओं का रसास्वादन कराया। इस मौके पर डा0 हरिदत्त द्विवेदी, आलोक रायजादा, आलोक पांडेय, संजय गर्ग, त्रिलोकीनाथ गुप्त, कैलाश कटियार, उदय बाथम, ईशान, देवकीनंदन गंगवार, डा0 प्रभात अवस्थी, राममुरारी शुक्ला, रविंद्र भदौरिया, रूद्र नारायण त्रिपाठी, अजय प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



संगोष्ठी को सम्बोधित करते डा0 कृष्णकांत अक्षर

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने चार समस्याओं का किया निस्तारण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने जनता की समस्याएं सुनी।

शनिवार को तहसील सदर के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने की। उन्होंने तहसील दिवस में फरियाद लेकर लोगों की समस्याओं को सुना। तहसील सदर के संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 102 मामले आए। जिनमें से मात्र 4 का ही निस्तारण किया जा सकता। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को अग्रसारित कर दिया गया। समाधान दिवस में थाना कमालगंज क्षेत्र के करमचंदपुर के रहने वाले अजय कुमार पुत्र दयाराम ने गांव ने चकरोड से कब्जा हटवाए जाने की मांग की। वहीं गढ़ी शाकिर अली मोहल्ले की रहने वाली ओमवती पत्नी दिनेश चंद्र ने भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। तहसील दिवस में राजस्व, बिजली, पुलिस आदि विभागों की समस्याएं आयी। इस दौरान विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।


समाधान दिवस में समस्यायें सुनते एडीएम समृद्धि न्यूज

# 16 साल से कम उम्र के बच्चे कोचिंग पढ़ते पाये गये तो होगी कार्रवाई : डीआईओएस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी कर भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के द्वारा उचित कानूनी ढांचे के माध्यम से राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कोचिंग सेंटर के विनियम के लिए कोचिंग सेंटर रेगुलेशन के अन्तर्गत नई गाइडलाइंस जारी करते हुए अनुपालन करने के निर्देश दिये है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद की समस्त कोचिंग संस्थाओं को निर्देशित किया है कि किसी प्रकार की विपरीत स्थिति पायी जाती है तो बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। कोचिंग संस्थान 16 साल से कम उम्र के बच्चों को एडमीशन नहीं दे सकते है। कोचिंग संस्थान छात्रों को अच्छे नम्बर दिलाने की किसी प्रकार की भ्रामक जानकारी नहीं दे सकते। ग्रेजुएशन से कम योग्यता वाले शिक्षक की नियुक्ति कोचिंग संस्थानों में नहीं होनी चाहिए। कोचिंग संस्थानों में परामर्श प्रणाली होनी चाहिए। कोचिंग संस्थान की बेवसाइट पर शिक्षकों की योग्यता, पाठ्य सामग्री पूरे होने की अवधि, छात्रावास व सुविधायें होने का शुल्क विवरण होना चाहिए। उन्हें कैरियर आप्शन के बारे में नहीं बताया जाये। मेंटल हेल्थ को लेकर समय-समय पर वर्कशाप का आयोजन होना चाहिए। दिव्यांग छात्रों को सपोर्ट करने के लिए उनके मुताबिक सुविधायें दी जाये, आदि निर्देश जारी किये गये है।

# मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक हिन्दी काव्य के निर्माता थे


मैथिलीशरण गुप्त


राजकुमार


नरेन्द्र सिंह जाटव


संतोष कुमार गुप्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मैथिलीशरण गुप्त की कलम ने हिंदी को काव्य रूप में पिरोने का काम किया। आज जो हम दैनिक जीवन में खड़ी बोली का प्रयोग करते हैं इसका श्रेय भी इन्हें ही जाता है, तभी तो राष्ट्रकवि होने का गौरव प्राप्त किया। उनका जन्म 3 अगस्त 1886 को झांसी के चिरगांव में हुआ था। भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक भी बने। कविताएं जितनी सरल थीं उतनी ही गूढ़ भी। इनकी कलम आजीवन भारत भूमि को समर्पित रही।

पू0मा0वि0 अमलैया आशानंद के इंचार्ज प्रधानाध्यापक स्काउट मास्टर राजकुमार ने बताया कि मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक हिंदी काव्य के निर्माता कहे जाते हैं। उनकी कविताओं में राष्ट्र, इतिहास, संस्कृति और साहित्य का अद्भुत गठजोड़ देखने को मिल जाता है। मैथिलीशरण गुप्त की बहुत-सी रचनाएं रामायण और महाभारत पर आधारित हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में राष्ट्र से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। उनकी शुरुआती शिक्षा झांसी के राजकीय विद्यालय से हुई।

अटेवा के जिलाध्यक्ष व शिक्षक नरेन्द्र सिंह जाटव ने बताया कि मैथिलीशरण गुप्त की शैली के प्रशंसक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी थे, तभी तो पहली बार राष्ट्रकवि कह कर उन्होंने ही पुकारा था। उनकी लिखी भारत.भारती (1912) ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा देने का काम किया। भारत-भारती की सफलता के बाद ही महात्मा गांधी ने उन्हें राष्ट्रकवि की पदवी भी दी। उन्होंने घर में ही रहकर हिंदी, बांग्ला, संस्कृत साहित्य का अध्ययन किया।

प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्त ने बताया कि मैथिलीशरण गुप्त की जब आयु 12 वर्ष थी तो उन्होंने ब्रजभाषा में कनकलता नाम से कविता रचना की शुरुआत की। इसी दौरान वे आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के संपर्क में आए। आचार्य ने मैथिलीशरण को खड़ी बोली में लिखने के लिए प्रेरित किया। वहीं से उनकी कविताएं सरस्वती में प्रकाशित होना शुरू हो गई। उनको जयंती पर हम उन्हें शत-शत नमन करते है।

# रसायन वैज्ञानिक प्रफुल्ल चन्द्र रे की जयंती पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विज्ञान भारती** ब्रह्मावर्त कानपुर प्रान्त के विभाग द्वारा महान भारतीय रसायन वैज्ञानिक प्रफुल्ल चन्द्र-रे की जयंती पर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ0 शक्ति विनय शुक्ल, निदेशक सुगन्ध एवं सरस विकास इकाई तथा सचिव मनोज चतुर्वेदी एवं संयोजक महेश चंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में रसायनज्ञ प्रफुल्ल चन्द्र-रे की जयंती मनायी गई।

कार्यक्रम में नस्या प्रान्त संरक्षक डॉ0 ब्रजेश मिश्र, विभा प्रान्त सह संयोजिका दीपिका राजपूत एवं विभा उपाध्यक्ष संदीप राठौर ने विचार रखे। कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिनके द्वारा पी0सी0 रे के जीवन और कार्यों पर चित्रकारी, उनकी खोजों और वैज्ञानिक उपलब्धियों पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। म0मो0 कानोडिया बा0इ0कालेज, के0आर0 रस्तोगी इ0 कालेज, रामानन्द बालिका इण्टर कालेज, सिटी गर्ल्स इ0कालेज, राजपूताना पब्लिक स्कूल, सी0पी0 इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर इ0का0 फतेहगढ़, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज, सेनापति व श्यामनगर, यूपीएस छोटी गुलरिया, यूपीएस सलेमपुर, पीएस छोटी सरैया, पीएस सुराहा, जे सी बोस क्लासेज आदि लगभग 15 विद्यालयों में जयन्ती मनाई गई। आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र रे भारत में रसायन विज्ञान के जनक माने जाते हैं। वे एक सादगीपसंद तथा देशभक्त वैज्ञानिक थे, जिन्होंने रसायन प्रौद्योगिकी में देश के स्वावलंबन के लिए अप्रतिम प्रयास किए। इनका जन्म 2 अगस्त 1861 ई में जैसोर जिले के रौली गांव में हुआ था। यह स्थान अब बांगलादेश में है तथा खुल्ना जिले के नाम से जाना जाता है। मरक्यूरस नाइट्राइट एवं अमोनियम नाइट्राइट नामक यौगिकों के प्रथम विरचन से उन्हें अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। इस अवसर पर पूनम शुक्ला, पारुल जैन, दर्शना शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, रीता दुबे, ह्रदयेश राठौर, नवीन शाक्य, राहुल सिंह, मानसी अग्निहोत्री, नितिन राठौर, रागिनी मिश्रा, अमिता पाठक, आशीष द्विवेदी, संजय दुबे आदि मौजूद रहे।


प्रा0वि0 छोटी सरैया में विद्यालय में मौजूद बच्चे

# भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन क्षेत्र की हो सकती है अहम भूमिका : शेखावत

▸ आईएचआई के 7वें संस्करण का मंत्री ने किया शुभारंभ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पर्यटन में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देने की पूरी क्षमता है। भारत के पास विश्व स्तरीय पर्यटन क्षेत्र प्रस्तुत करने के लिए सभी संसाधन हैं। कृषि क्षेत्र के बाद पर्यटन क्षेत्र सबसे बड़ा रोजगार सृजनकर्ता है। वे इस क्षेत्र में विविधता और नए व्यावसायिक अवसर देख रहे हैं।

शनिवार को द इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो (आईएचआई) के 7वें संस्करण का शुभारंभ करते हुए




केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि आईएचई का सातवीं बार सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है और पिछले छह वर्षों में भारत के हॉस्पिटैलिटी उद्योग को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आईएचई वैश्विक मंच भारतीय हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र की क्षमता को उजागर करता है। यह सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि हॉस्पिटैलिटी उद्योग का केंद्र है, जो क्षेत्र के पेशेवरों और सहयोगियों को नेटवर्क, विचारों का आदान-प्रदान, ज्ञान साझा करने और अंतरराष्ट्रीय सफलता प्राप्त करने के लिए एक साथ लाता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पर्यटन और आतिथ्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व धरोहर समिति की बैठक सरकार के गठन के 40 दिनों के भीतर ही आयोजित की गई थी, जिसमें 170 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। भारत अब एक आकर्षण के केंद्र के रूप में उभर रहा है। विश्व स्तर पर भारत की क्षमताएं उजागर हो रही हैं। । इस कार्यक्रम में म्यांमार के राजदूत, एच.ई. मो क्याव आंग; वियतनाम के दूतावास के मुख्य व्यापार सलाहकार, बुई ट्रुंग थुओंग; आकार प्रदर्शनी के निदेशक, प्रेमल मेहता; हिमाचल प्रदेश सरकार की आईएएस निवासी आयुक्त, मीरा मोहंती, टॉप्स इंडिया के निदेशक, भारत कुमार सवर्णी, नूर्नबर्ग मेस की प्रबंध निदेशक, सोनिया पाराशर, इंडिया एक्सपो सेंटर एण्ड मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार, आईएचई के अध्यक्ष, सहित हॉस्पिटैलिटी उद्योग की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया।

**हमने वियतनाम के साथ साझेदार देश के रूप में सहयोग किया**

उन्होंने कहा कि भारत को पर्यटन के एक स्थायी गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा सकता है और मीटिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और एक्जीबीशन (एमआईसीई) सेक्टर इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस क्षेत्र में हो रही प्रगति और विकास में, विशेष रूप से अंतराल को पाटने में इस क्षेत्र से जुड़े हर व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत आज अपने पर्यटन क्षेत्र को आर्थिक दृष्टिकोण से विस्तार देने जा रहा है, वहीं हॉस्पिटैलिटी का विश्वस्तरीय होना निश्चित ही अपेक्षित परिणाम देगा। इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि आईएचई केवल एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को और अधिक प्रतिष्ठित और उल्लेखनीय बनाने की एक बड़ी जिम्मेदारी है। सातवां संस्करण सभी पूर्व निर्धारित और दीर्घकालिक रिकॉर्ड को तोड़ने जा रहा है। हमने वियतनाम के साथ एक साझेदार देश के रूप में सहयोग किया है। आईएचई में वियतनामी प्रदर्शक अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे और वियतनामी शेफ अपने देसी व्यंजनों पर मास्टरक्लास आयोजित करेंगे।

# भारत को 2047 तक विकसित बनाने में युवा पीढ़ी की अहम भूमिका होगी : रामनाथ कोविंद

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने में युवा पीढ़ी की अहम भूमिका होगी। पूर्व राष्ट्रपति जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इंस्टीट्यूशंस द्वारा भारत मंडपम में आयोजित 5वें डॉ. राजाराम जयपुरिया स्मारक व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे।

हमारा देश अमृत काल के आरंभिक दौर से गुजर रहा है। वर्ष 2047 तक, जब हम स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएंगे, तब तक भारत को विभिन्न आयामों पर विश्व के शीर्ष देशों में शामिल करना हमारा सामूहिक अभियान है। उन्होंने कहा कि यह युवा पीढ़ी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कोविंद ने व्याख्यान की थीम 'नया युग, नई ऊंचाइयां' पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थापित करने की दिशा में मार्ग संधान करना इस आयोजन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से और लगातार वैश्विक नेता के रूप में अपना स्थान पुनः प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कोविंद ने शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति जयपुरिया समूह की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि नये युग का निर्माण और उन्नति के नये शिखरों तक पहुंचना विकसित भारत के निर्माण के हमारे राष्ट्रीय संकल्प से जुड़ा हुआ है। पूर्व राष्ट्रपति ने भारत की विश्व गुरु की कल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि सही मायनों में विश्व गुरु उस देश को माना जाता है जिसे अन्य देश अनुकरणीय मानें तथा मार्गदर्शन और सहायता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि दुनिया के कुल डिजिटल ट्रांजेक्शन में से 46 प्रतिशत भारत में होता है। विश्व के सभी विकसित देश हमारी इस उपलब्धि से आश्चर्यचकित हैं। कोविंद ने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

# पेरिस ओलंपिक : दीपिका कुमारी व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने शनिवार को राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में जर्मनी की मिशेल क्रॉपेन को हराकर पेरिस ओलंपिक में व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दीपिका ने लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 16 के मैच में अपनी जर्मन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-4 (2-0, 1-1, 2-0, 0-2, 1-1) से जीत हासिल की। ??भारतीय तीरंदाज ने दबदबे भरे प्रदर्शन के साथ शुरुआत की और पहला सेट 27-24 से जीत लिया। दूसरे सेट में दीपिका ने 10, 8 और 9 के हिट लगाए। जबकि उनकी जर्मन प्रतिद्वंद्वी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार तीन 9 लगाए। दीपिका ने वापसी की और तीसरा सेट जीतकर मैच में 5-1 की बढ़त ले ली। इससे पहले, शनिवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भारत की निशानेबाज मनु भाकर चौथे स्थान पर रहीं। मनु ग्रीष्मकालीन खेलों में तीन पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के करीब पहुंच गईं, हालांकि, 22 वर्षीय महिला 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह मौका चूक गईं। मनु का सफर तब खत्म हुआ जब उन्हें हंगरी की पूर्व विश्व रिकॉर्ड धारक वेरोनिका मेजर के खिलाफ शूट-ऑफ में उतारा गया, क्योंकि वे 28 अंकों पर बराबर थीं।

**तीरंदाज भजन व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा से बाहर**

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज भजन कौर शनिवार को पेरिस ओलंपिक में इंडोनेशिया की दियानंदा चोइरुनिसा से हारने के बाद राउंड ऑफ 16 में व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा से बाहर हो गईं।कौर 5-5 (0-2, 2-0, 0-2, 1-1, 2-0) से बराबरी पर थीं और मैच शूट ऑफ पर था। भारतीय तीरंदाज पूरे मुकाबले में इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी का पीछा कर रही थीं। निर्णायक चौथे सेट में भजन ने अपने अंतिम शॉट में महत्वपूर्ण 10 का तीर मारा जिससे शूट-ऑफ की नौबत आ गई। 18 वर्षीय तीरंदाज शूट-ऑफ में गेम हार गईं क्योंकि वह चोइरुनिसा के 9 के जवाब में 8 हिट करने में सफल रहीं। इस मुकाबले से पहले, दूसरी तीरंदाज दीपिका कुमारी जर्मनी की मिशेल क्रॉपेन के खिलाफ अपने राउंड ऑफ 16 मैच के दौरान एक्शन में थीं। दीपिका ने लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 16 के मैच में अपनी जर्मन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-4 (2-0, 1-1, 2-0, 0-2, 1-1) से जीत हासिल की। भारतीय तीरंदाज ने पहले सेट में 27-24 से जीत दर्ज करके शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे सेट में दीपिका ने 10, 8 और 9 के हिट लगाए।

## चेप्टेगी ने ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ 10,000 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण

**पेरिस।** युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी, जो तीन बार विश्व 10,000 मीटर चैंपियन हैं, स्टेड डी फ्रांस में चल रहे पेरिस 2024 खेलों के पहले ट्रैक और फील्ड फाइनल में ओलंपिक 10,000 मीटर चैंपियन बने। जोशुआ चेप्टेगी ने 26:43.14 का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया। सबसे तेज फिनिश करने वाले इथियोपिया के बेरिहू आरेगावी ने 26:43.44 के समय के साथ रजत जीता, जबकि यूएसए के ग्रांट फिशर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए 26:43.46 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। मिश्रित 4×400 मीटर हीट में वर्नोन नोरवुड, शमीर लिटिल, ब्राइस डेडमॉन और केलीन ब्राउन की अमेरिकी चौकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। अमेरिकी चौकड़ी ने 3:07.41 का समय लेकर एक सेकंड से अधिक अंतर से पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया - जो पिछले वर्ष बुडापेस्ट में अमेरिका द्वारा विश्व खिताब जीतने के समय बनाया गया था।

# पंजाब सीएम को पेरिस, विस स्पीकर को अमेरिका जाने की नहीं मिली इजाजत

एजेंसी

**चंडीगढ़।** विदेश मंत्रालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पेरिस और विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा को अमेरिका जाने की इजाजत नहीं दी है। विदेश मंत्रालय के इस फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी की पंजाब प्रदेश इकाई ने केंद्र सरकार की आलोचना की है। मुख्यमंत्री मान को पेरिस ओलंपिक में जाने की इजाजत केंद्र सरकार की तरफ से नहीं दी गई।

मुख्यमंत्री मान 10 सदस्यीय प्रतिनिधीमंडल के साथ पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए जाना चाहते थे। हॉकी टीम जो 4 अगस्त को ओलिंपिक में क्वार्टर फाइनल मैच खेलेगी। टीम में ज्यादातर खिलाड़ी पंजाब के हैं। मुख्यमंत्री ने पेरिस जाने के लिए विदेश मंत्रालय से राजनीतिक मंजूरी मांगी थी। मान 3 अगस्त की रात को पेरिस के लिए फ्लाइट पकड़ना चाहते थे ताकि भारतीय हॉकी टीम के मैच के लिए समय पर पहुंच सकें। मुख्यमंत्री को अगर विदेश जाने की अनुमति मिलती तो वह 9 अगस्त तक विदेश में रहते। मुख्यमंत्री मान के अलावा विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां को भी विदेश जाने की अनुमति नहीं मिली। स्पीकर को एक सम्मेलन में भाग लेना था। पायल विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक एवं स्टेट स्तरीय हॉकी खिलाड़ी रहे मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने इसकी निंदा की। साथ ही भाजपा सरकार को सीधे तौर पर एक प्रकार की चुनौती भी दी। ग्यासपुरा ने कहा कि वे इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। क्योंकि पेरिस ओलंपिक में पंजाब के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हाकी टीम का बहुत अच्छा प्रदर्शन है। वे खुद पंजाब टीम के हाकी खिलाड़ी रहे हैं। केंद्र सरकार ने गलत राजनीति करते हुए भगवंत मान को वहां जाने से रोका है।

# खबरें एक नजर में

**पुलिस ने 572 कार्टन में 5148 लीटर विदेशी शराब किया बरामद**

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौआखाली थाना क्षेत्र से एसडीपीओ ठाकुरगंज मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने दल बल के साथ विदेशी शराब की खेप को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार सिलीगुड़ी से अररिया जा रही एक ट्रक में विदेशी शराब ले जाने की सूचना पुलिस को मिली थी, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई में विदेशी शराब बरामद की गई है। पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि बीते रात्रि में मध निषेध इकाई पटना से गुप्त सूचना मिली की एक ट्रक में अवैध शराब की तस्करी कर सिलीगुड़ी की तरफ से बहादुरगंज की तरफ लाया जा रहा है। प्राप्त सूचना पर मीरभीटा के समीप ह॥27श्व पर वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इसी क्रम में एक लाल रंग का ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर क्ष38अ 3465 अंकित था और एक बड़े ट्रांसफार्मर जैसा कंटेनर लदा था की जांच किया गया तो संदिग्ध लगा। अत्यधिक तेज बारिश एवं कंटेनर खोलने का कोई उपकरण नहीं रहने के कारण एसडीपीओ ठाकुरगंज को सूचित करते हुए ट्रक को अपने कब्जे में लेकर जांच हेतु थाना लाया गया।

**स्टेट बैंक का तिमाही मुनाफा मामूली 0.89 प्रतिशत बढ़ा**

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 17035 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 16884 करोड़ रुपये की तुलना में मामूली 0.89 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने शनिवार को जारी अपने वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि जून 2024 को समाप्त पहली तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 41125 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही की 38905 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 5.71 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि इस तिमाही में उसके संपदा गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उसका सकल गैर निष्पादित अस्तियां (जीएनपीए) 55 आधार अंक सुधरकर 2.21 प्रतिशत पर आ गया है जो एक साल पहले 2.76 प्रतिशत पर था। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 14 आधार अंकों की सुधार के साथ 0.57 प्रतिशत पर आ गया है जबकि एक वर्ष पूर्व यह 0.71 प्रतिशत पर था।

वायनाड आपदा पीड़ित पॉलिसीधारकों के दावों को शीघ्रता से निपटायेगी एलआईसी

कोलकाता, 03 अगस्त (वार्ता) सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा निगम (एलआईसी) कंपनी ने केरल के वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित पॉलिसीधारकों और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थियों के दावेदारों की सुविधा के लिये दावों के निपटान की प्रक्रिया में रियायत देने की घोषणा की है।

**विलेज डिफेंस गार्ड को एसएलआर चलाने का दिया जा रहा प्रशिक्षण**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की ओर से जम्मू में आतंकवाद को दी जा रही शह को मात देने के लिए सुरक्षा एजेंसियां स्थानीय गांवों के लोगों को अब हथियारों का प्रशिक्षण दे रही हैं ताकि जरूरत पड़ने पर वह आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें। देखा जाये तो आतंकियों को रोकने और उन्हें देखते ही ठोकने के लिए सुरक्षा बल तो हमेशा सतर्क रहते ही हैं लेकिन फिर भी दूरदराज के कुछ इलाके ऐसे हैं जहां उनसे पहले स्थानीय लोगों की नजर जा सकती है इसलिए उन्हें भी हथियार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में जम्मू में गांवों को राष्ट्रविरोधी तत्वों से बचाने के लिए विलेज डिफेंस गार्ड (वीडीजी) को भी हथियारों से लैस किया जा रहा है और किसी भी तरह की विपरीत परिस्थिति में सुरक्षा के लिए मोर्चा संभालने के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। हम आपको बता दें कि इन वीडीजी सदस्यों को फायर, एरिया डोमिनेशन और गश्त का प्रशिक्षण दिया जाता है। पुलिस का मानना है कि ये वीडीजी सदस्य अच्छा काम कर रहे हैं और राष्ट्र विरोधी तत्वों पर नजर रखने में पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों की मदद कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि पुलिस ने कई फायरिंग रेंज स्थापित की हैं जहां इन वीडीजी सदस्यों को प्रशिक्षण और फायरिंग का अभ्यास दिया जा रहा है।

**शाह ने देशवासियों से घरों पर तिरंगा लहराने की अपील की**

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को देशवासियों से अपील की कि वे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आगामी नौ से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा लहराकर इसकी सेल्फी 'हर घर तिरंगा' वेबसाइट पर अपलोड करें। श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा त्याग, निष्ठा व शांति का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान आजादी के नायकों को याद करने, राष्ट्रप्रथम का संकल्प लेने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर यह अभियान बीते दो वर्षों से जन-जन का अभियान बन गया है। आगामी नौ से 15 अगस्त तक आप भी अपने घरों में तिरंगा लहराकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी अपलोड करें।

**मनु आपने कम उम्र में स्थापित की उल्लेखनीय विरासत : बिंद्रा**

**नई दिल्ली।** बीजिंग ओलंपिक 2008 के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने भारतीय महिला शूटर मनु भाकर का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि उन्होने मात्र 22 साल की उम्र में एक उल्लेखनीय विरासत स्थापित कर ली है। मनु ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर पिस्टल की व्यक्तिगत और मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर देश को गौरवान्वित किया है हालांकि शनिवार को वह 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में हैट्रिक पदक पर निशाना लगाने से चूक गयी और उन्हे चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा।

**990 से अधिक तीर्थ यात्रियों का एक और जत्था जम्मू से रवाना**

**जम्मू।** 152 महिलाओं सहित 990 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक और छोटा जत्था शनिवार सुबह जम्मू के भगवती नगर स्थित आधार शिविर से कश्मीर के दो मुख्य आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। अमरनाथ यात्रा के लिए 41 साधु और नौ साध्वियाँ सहित 991 तीर्थयात्रियों का 37वां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह 3.30 बजे भगवती नगर बेस कैंप से घाटी के लिए रवाना हुए। कुल 991 तीथयात्रियों में से 815 तीर्थयात्री पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग की ओर जा रहे हैं, जबकि 176 यात्रियों ने 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग का विकल्प चुना है। 29 जून को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल के जुड़वां आधार शिविरों से 52 दिवसीय यात्रा शुरू होने के बाद से जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना होने वाले श्रद्धालुओं का यह सबसे छोटा जत्था था। अब तक 4.85 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित श्री अमरनाथ गुफा मंदिर में बर्फ के बने भगवान शिव के दर्शन कर चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 5,000 तीर्थयात्री अभी भी प्रतिदिन गुफा में पूजा करने के लिए आ रहे हैं। तीर्थयात्रा 14 अगस्त को अपने अंतिम चरण में प्रवेश करेगी, जब भगवान शिव की पवित्र छड़ी 'छड़ी मुबारक' पहलगाम में यात्रा में शामिल होगी।

**नार्को-आतंकवाद से जुड़े होने के आरोप में छह कर्मचारी सेवा से बाहर**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने नार्को-आतंकवाद से जुड़े होने के आरोप में छह कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पांच पुलिसकर्मियों और एक शिक्षक को नशा बिक्री के जरिए आतंकी वित्तपोषण में शामिल होने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने इन कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) का इस्तेमाल किया है। उनकी जांच से पता चला है कि वे पाकिस्तान की आईएसआई और उसकी धरती से संचालित आतंकी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे नार्को-आतंकवाद नेटवर्क का हिस्सा थे।

# किसना डायमंड ने दिल्ली-एनसीआर में लॉन्च किया अपना 7वां शोरूम

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने दिल्ली, एनसीआर में नोएडा और ओमेक्स चौक पर स्थित अपने 7वें और 8वें एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन किया। ये शोरूम भारत में किसना के 30वें और 31वें लॉन्च हैं, जो बेहतरीन हीरे एवं सोने के आभूषणों को व्यापक ग्राहकों तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। उद्घाटन के अवसर पर हरि कृष्ण समूह के संस्थापक और प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया और किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक पराग शाह मौजूद थे।

इस भव्य उद्घाटन का उत्सव मनाने के लिए, किसना हीरे के मूल्य पर 20 प्रतिशत तक की छूट और सोने के आभूषण बनाने के शुल्क पर 25त्न तक की विशेष छूट दे रहा है। ये विशेष लॉन्च ऑफर ग्राहकों को असाधारण कीमतों पर पसंदीदा आभूषण खरीदने का एक शानदार अवसर प्रदान करते हैं। नए शोरूम उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट खरीदारी का अनुभव देने का वादा भी करते हैं,



जिसमें किसना के बेहतरीन हीरे और सोने के आभूषण संग्रह की विस्तृत श्रृंखला शामिल है। लॉन्च पर खुशी व्यक्त करते हुए, हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और एमडी, श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा, हमें नोएडा एवं ओमेक्स चौक, दिल्ली, एनसीआर में अपनी उपस्थिति स्थापित करने पर बहुत खुशी है। हमारी मुख्य ताकतों में से एक हमारा ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण है। हमारी एकमात्र ज्वेलरी ब्रांड हैं जो हीरे के आभूषणों पर बाय-बैक और एक्सचेंज के समय भी मेकिंग चार्ज पर कोई कटौती नहीं करते हैं। हर घर किसना के साथ, हमारा लक्ष्य भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला आभूषण ब्रांड बनना है, जिससे हर महिला का बेहतरीन आभूषण खरीदने का सपना साकार हो सके।

## वायनाड में पीड़ितों के लिए 100 घर का करवाएंगे निर्माण : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार भूस्खलन प्रभावित वायनाड के पीड़ितों के लिए 100 घर बनाएगी। सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर सिद्धारमैया ने कहा कि वायनाड में दुखद भूस्खलन के आलोक में, कर्नाटक केरल के साथ एकजुटता से खड़ा है। उन्होंने कहा कि मैंने सीएम पिनाराई विजयन को हमारे समर्थन का आश्वासन दिया है और घोषणा की है कि कर्नाटक पीड़ितों के लिए 100 घर बनाएगा। हम सब मिलकर आशा का पुनर्निर्माण और पुनर्स्थापन करेंगे। एक्स पर सिद्धारमैया की पोस्ट को साझा करते हुए, कांग्रेस नेता और वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने कहा कि वह वायनाड में इस कठिन समय के दौरान उनके उदार समर्थन के लिए कर्नाटक के लोगों और सरकार के प्रति बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि दुखद भूस्खलन के पीड़ितों के लिए 100 घर बनाने की आपकी प्रतिबद्धता पुनर्वास प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीयों की करुणा और एकजुटता ही वह ताकत है जिसकी वायनाड को अभी जरूरत है।

# पर्यावरण संरक्षण का पर्व है हरेला : सीएम धामी

एजेंसी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मोथरोवाला स्थित श्री गुरुराम राय इंटर कॉलेज में लोकपर्व हरेला के उपलक्ष्य में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज उत्तराखंड के साथ ही पूरे देश में हरेला पर्व मनाया जा रहा है। सनातन संस्कृति में प्रकृति को मां के रूप में पूजे जाने की परंपरा है। हम किसी न किसी रूप में प्रकृति का पूजन करते हैं, हरेला पर्व भी प्रकृति की सेवा का पर्व है।

उन्होंने कहा कि हमारी धरोहर एवं प्रकृति का संरक्षण जरूरी है। हरेला पर्व, प्रकृति को संरक्षित करने का संकल्प लेने का पर्व है। पेड़-पौधे हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संपूर्ण देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून शहर में सुगम यातायात, बाजार क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। आने वाले समय में देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड बनने के बाद देहरादून एवं आस-पास




के शहरों में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। देहरादून में प्रिंस चौक से सहारनपुर चौक तक, मेंहुवाला मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण एवं आढ़त बाजार के शिफ्टिंग, इंद्रेश अस्पताल से कारगी चौक तक सड़क का चौड़ीकरण का कार्य गतिमान है। 72 करोड़ की लागत से मेंहुवाला क्लस्टर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति हेतु कार्य गतिमान है। क्षेत्र में 600 करोड़ की लागत से देहराखास, विद्याविहार, बिंदाल नदी से रिस्पना नदी के क्षेत्र के बीच व अन्य क्षेत्र में सीवर लाइन एवं ड्रेनेज का कार्य गतिमान है। रेस्टकैंप एवं भंडारीबाग फ्लाईओवर पर 37 करोड़ की लागत से कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून के मोथरोवाला क्षेत्र में नमामि गंगे योजना के तहत 15 एमएलडी की क्षमता से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से सभी विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा हमने पौधरोपण के साथ उनका संरक्षण भी करना है। राज्य सरकार ईकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बसे शहरों की धारण क्षमता का आंकलन कर रहे हैं। इसी के आधार पर इन क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकालने का कार्य तेज़ी से हुआ है। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आज हरेला पर्व पूरे राज्य में सामाजिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। उत्तराखंड के लोक पर्व ने व्यापक स्वरूप ले लिया है, समाज ने इस पर्व को स्वीकार किया है। हमने अपने और आने वाली पीढ़ी के लिए वृक्षारोपण करना है। जंगलों की आग के लिए पेड़ों को दोष देना गलत है, पेड़ों की रक्षा हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विधायक विनोद चमोली, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री भाजपा आदित्य कोठारी, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष विनोद पुण्डीर, सौरभ थपलियाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बारिश से बंगाल में जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात

एजेंसी

**कोलकाता ।** पिछले दो दिनों से जारी लगातार बारिश की वजह से पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के विस्तृत इलाके में जनजीवन बड़े पैमाने पर प्रभावित हुआ है। राज्य के अधिकतर क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिलों के अधिकारियों को चौबीसों घंटे स्थिति पर नजर रखने और आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। कई जिलों में राहत अभियान शुरू हुए हैं। हालांकि लगातार बारिश की वजह से हालात और अधिक बिगड़ने की आशंका है। दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी जलभराव है। कई जगहों पर सड़कें और कृषि भूमि पानी में डूब गई हैं।

दक्षिण कोलकाता में दमदम, रजारहाट और चिनार पार्क जैसे इलाकों



में सड़कों पर पानी जमा हो गया है। इसकी वजह से यातायात थम गया है और लोग बमुश्किल बाहर निकल पा रहे हैं। बीरभूम के कंकालीतला में शुक्रवार से ही एक फुट पानी भर गया था, जिसके कारण मंदिर का गर्भगृह भी जलमग्न हो गया था।

कोपाई नदी का जलस्तर बढ़ने से गोयालपारा पुल को भी बंद करना पड़ा था। शनिवार सुबह से जलस्तर थोड़ा कम होना शुरू हुआ था लेकिन लगातार बारिश की वजह से हालात और बिगड़ गए। हुगली जिले के पुड़शुड़ा और सोंदपुर क्षेत्र में भारी जलभराव हुआ है, जहां धान और सब्जियों के खेत पानी में डूब गए हैं।

अरामबाग-चंपाडांगा मार्ग पर भी पानी भर गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नगर निगम के कर्मचारी जल निकासी के प्रयास में लगे हुए हैं, फिर भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। बारिश के कारण मास्टरपाड़ा क्षेत्र में एक फुट पानी जमा हो गया है। मालदा और जलपाईगुड़ी में शनिवार सुबह से ही बारिश हो रही है।

## होटल पर आतंकवादी हमले में 31 की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट के किनारे स्थित एक होटल पर शुक्रवार शाम अल-शबाब आतंकवादियों के हमले में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गयी और 61 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार की सुबह हमले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मोगादिशु में लीडो बीच होटल समुद्र तट पर स्थित होटलों और रेस्तराओं से घिरा एक लोकप्रिय हैंगआउट स्थल है और जहां सरकारी अधिकारी और व्यवसायी अक्सर आते-जाते रहते हैं। यहां कल शाम आतंकवादियों ने हमला किया। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया और होटल के अंदर विस्फोटकों में विस्फोट करने के बाद एक आत्मघाती हमलावर मारा गया। सुरक्षा बलों ने समुद्र तट के किनारे स्थित होटल में फंसे कई नागरिकों को निकाला और इलाके में खड़ी विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर निष्क्रिय कर दिया।

# फंसे यात्रियों को निकालने का काम जारी, अब तक 7234 यात्री रेस्क्यू

समृद्धि न्यूज

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के केदार घाटी में बुधवार रात्रि को हुई अत्यधिक बारिश के कारण केदार घाटी में कई जगह रास्ते क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभिन्न पड़ावों पर फंसे तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस सहित अन्य सुरक्षा बल लगातार कार्य कर रहे हैं। अब तक कुल 7234 यात्रियों को हेलीकॉप्टर एवं मैनुअल तरीके से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया है। हर स्तर पर सभी लोगों के सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बचाव कार्यों में तेजी लाने हेतु वायु सेना का चिनूक एवं एमआई 17 विमान से भी यात्रियों को एयर लिफ्ट किया गया। वहीं मैनुअल रेस्क्यू भी लगातार जारी है।

आपदा में मृतकों एवं गुमशुदा यात्रियों के संबंध में रुद्रप्रयाग प्रशासन द्वारा स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि अभी तक दो मृतकों के शव बरामद हुए हैं। दोनों ही शव लिंचोली क्षेत्र से बरामद हुए हैं। किसी के गुमशुदा होने की कोई सूचना नहीं है। नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या के कारण यात्रियों को परिजनों से संपर्क करने में समस्या हो रही है। विभिन्न यात्रा पड़ावों पर ठहरे यात्रियों हेतु प्रशासन के स्तर से पर्याप्त भोजन, पानी व आवासीय व्यवस्था भी की गई हैं। जनपद पुलिस के स्तर से हेल्पलाइन नम्बर 7579257572, 01364-233387 व आपातकालीन नम्बर 112 जारी कर यात्रियों के परिजनों की कॉल्स पर आवश्यक जानकारी दी जा रही है। भीमबली में रुके यात्रियों को प्रीपेड काउंटर पर लगे वाई-फाई नेटवर्क के माध्यम से 150 यात्रियों ने अपने परिजनो से वार्ता कर अपनी-अपनी कुशलता दी गई है। शुक्रवार को 599 लोगों को हेली सेवाओं से एयर लिफ्ट कर रेस्क्यू किया गया, जबकि सोनप्रयाग से जंगलचट्टी के बीच फंसे 2024 तथा चौमासी से 161 तीर्थयात्रियों का रेस्क्यू किया गया।